RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 170
फरीदाबाद, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



रिवार्ड थैरेपी से संवारें बच्चों का भविष्य
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,852 | ▼ | 124 |
| निफ्टी | 15,824 | ▼ | 31.60 |
| सोना | 47,721 | ▲ | 187 /10 gm |
| चांदी | 67,459 | ▲ | 435/ kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम $31.02^0C$
न्यूनतम $26.01^0C$

## क्विक न्यूज

### कोविड से तीनों शस्त्र सेनाओं के 184 जवानों की मौत हुई

**नई दिल्ली।** देश के आम नागरिकों की भांति सशस्त्र बलों के कर्मी भी खासी संख्या में कोरोना से संक्रमित हुए और सरकार ने सोमवार को बताया कि कोविड-19 के कारण अब तक तीनों सेनाओं के 184 जवानों की मौत हो चुकी है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थलसेना में कोरोना से संक्रमण के 42,527 मामले सामने आए जबकि 133 कर्मियों की मौत हो गई। नौसेना में 6688 कर्मी वायरस से संक्रमित हुए जबकि चार सदस्यों की मौत हो गई, वायुसेना में 13249 कर्मी संक्रमित हुए और 47 कर्मियों की मौत हो गई।

### सुंदर भाटी गैंग के नवीन-प्रवीण की 1.90 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**ग्रेटर नोएडा (उप्र)।** थाना बीटा-2 और थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी गैंग के सदस्यों- नवीन भाटी और उसके भाई प्रवीण भाटी की करीब 1.90 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार अभियुक्त नवीन कुमार भाटी और प्रवीण कुमार भाटी की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस ने दोनों भाइयों के ग्रेटर नोएडा की गोल्फ गार्डेनिया सोसायटी में स्थित दो फ्लैटों (फ्लैट संख्या ए- 602 और ए- 502) को कुर्क किया है। दोनों फ्लैटों की कीमत करीब एक करोड़ 90 लाख रुपये है।

### प्रीतम ने उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष का पद संभाला

**देहरादून।** कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने सोमवार को उत्तराखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभाला। चकराता के विधायक सिंह ने इंदिरा हृदेश की जगह ली है, जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। पद संभालने के बाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस 2022 में उत्तराखंड में सत्ता में आने वाली है। लोग तथाकथित डबल इंजन की सरकार से निराश हैं और वे बदलाव चाहते हैं।

### महिला किसानों ने जंतर-मंतर पर लगाई किसान संसद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शन को और तेज करने के लिए पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की करीब 200 महिला किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को एकत्र होकर किसान संसद का आयोजन किया। किसानों ने नारेबाजी की और पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की मांग की। सोमवार के किसान संसद में आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# एदियुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**बीएस** एदियुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत को सौंप दिया। राज्य में कई महीनों से नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें थी और एदियुरप्पा ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। सोमवार को ही उनकी सरकार के दो वर्ष पूरे हो गए हैं।

उन्होंने इन दो वर्षों को अग्नि परीक्षा करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें शुरुआती दिनों में मंत्रिमंडल के बिना प्रशासन चलाना पड़ा और इसके बाद राज्य को विनाशकारी बाढ़ और कोरोना वायरस समेत कई समस्याएं झेलनी पड़ीं। एदियुरप्पा (78) ने राजभवन में गहलोत को इस्तीफा सौंपा। उन्होंने बताया कि उनका त्याग पत्र स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि



उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा दिया है।

एदियुरप्पा ने पत्रकारों से कहा, मैंने दो महीने पहले इस्तीफा देने का फैसला किया था। हमारी सरकार के दो साल पूरे हो गए हैं। मुझे लगा कि अब इस्तीफा देना उचित है और राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है, और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल के कार्यालय से एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि गहलोत ने एदियुरप्पा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनकी अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। राज्य की सेवा करने का मौका देने के लिए पार्टी नेताओं और लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा, उन पर दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का कोई दबाव नहीं था, और मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करने के लिए दूसरों के वास्ते रास्ता बनाने के लिए स्वेच्छा से पद छोड़ दिया है।

### 5000 लिंगायत मठों के प्रमुख बोले : येदि को हटाने का नतीजा भुगतना पड़ेगा

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने इस्तीफा दे दिया है। येदि के इस्तीफे के बाद जहां भाजपा नए मुख्यमंत्री के चुनाव में जुटी है, तो वहीं कर्नाटक में सबसे असरदार लिंगायत मठों के प्रमुखों ने येदि को हटाने के फैसले को गलत बताया है। मठाधीशों ने चेतावनी दी है कि भाजपा को इसका नतीजा भुगतना पड़ेगा। येदि पर भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते 2013 में भाजपा ने उन्हें हटाया था। नतीजा यह हुआ कि विधानसभा में भाजपा महज 40 सीटों पर सिमट गई थी। कर्नाटक के मशहूर लिंगेश्वर मंदिर के मठाधीश शरन बासवलिंगा ने कहा, भाजपा ने बिना सोच-विचार के यह फैसला लिया है। लिंगायत मठाधीशों ने येदियुरप्पा को अपना कार्यकाल पूरा करने देने की मांग की थी, लेकिन लगता है भाजपा एक बार फिर भ्रमित हो गई है। राज्य के सभी मठों के मठाधीश एक बार फिर इस मुद्दे पर बैठक करेंगे। शरन बासवलिंगा ने बताया कि येदियुरप्पा के इस्तीफे को लेकर मठाधीशों की बैठक में आगे की रणनीति पर फैसला लिया जाएगा। इससे पहले, रविवार को भी लिंगायत समुदाय के सभी मठाधीशों ने बैठक में बीएस येदियुरप्पा को कर्नाटक का सीएम बनाए रखने की मांग करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर उन्हें हटाया तो राज्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री बदलने के बजाय भाजपा को हटाना चाहिए : कांग्रेस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले बी एस एदियुरप्पा का एक विकल्प खोजने के बजाय राज्य की भाजपा सरकार को हटाने की मांग की। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में भाजपा सरकार अवैध है, क्योंकि यह दलबदल और भ्रष्टाचार से उत्पन्न हुई है। कांग्रेस ने यह सवाल भी किया कि क्या चेहरा बदलने से सरकार का भ्रष्ट चरित्र भी बदल जाएगा। कर्नाटक विस में विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, आम आदमी के लिए कोई फायदा नहीं है, अगर एक भ्रष्ट मुख्यमंत्री को हटाकर दूसरे भ्रष्ट को मुख्यमंत्री बनाया जाए। इसके बजाय पूरी भाजपा को बाहर कर दिया जाना चाहिए, जो लोगों के दुखों के लिए जिम्मेदार है।

### नया मुख्यमंत्री लिंगायत समुदाय से ही होगा

# बसवराज और एमआर निरानी का दावा सबसे मजबूत

**एजेंसी।** बेंगलुरु





**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा द्वारा सोमवार को पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद नए सीएम के दावेदारों की चर्चा होने लगी है। सूत्रों का कहना है कि नया मुख्यमंत्री लिंगायत समुदाय और विधायकों में से होगा।

इस हिसाब से कर्नाटक के गृह मंत्री बसवराज बोम्मई और खनन मंत्री एमआर निरानी सबसे बड़े दावेदार हैं। येदियुरप्पा भी लिंगायत समुदाय से आते हैं। यह समुदाय 1990 से भाजपा का समर्थक रहा है। कर्नाटक की आबादी में इसका हिस्सा करीब 17 फीसद है। राज्य की 224 विधानसभा सीटों में से 90 से 100 सीटों पर लिंगायतों का प्रभाव है। इस वजह से नया मुख्यमंत्री इसी समुदाय से चुनना भाजपा के लिए मजबूरी के साथ मुफीद भी है।

# एनसीआर में 100 के पार पहुंचा पेट्रोल, अब महंगाई रुलाएगी

### भाजपा शासनकाल में 28 रुपये से अधिक की हुई बढ़ोतरी

### कांग्रेस के शासनकाल में पेट्रोल में 30 रुपये से अधिक वृद्धि हुई

### पेट्रोल, डीजल की कीमतों को एकसमान बनाने की कोई योजना नहीं : हरदीप पुरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पेट्रोल-डीजल** की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही है। महंगाई का मीटर भी ऊंचा उठता जा रहा है। कोविड के कारण दुर्दशा और अवसाद से गुजर रहे भारतीयों के सामने मौजूदा दौर बेहद अप्रासंगिक तरीके से गुजर रहा है। देशवासियों की मनोदशा और देश के सियासी हालात दोनों ही विपरीत चल रहे हैं। अर्थव्यवस्था की बात हो, रोजगार के अवसरों की बात हो या शिक्षा, चिकित्सा की बात हो, हर मुद्दे पर स्पष्ट तस्वीर नहीं आ रही है।



पेट्रोल की ऊंची कीमतों ने हर वस्तु के दाम को प्रभावित किया है। भविष्य में इसके महंगाई पर विपरीत असर पड़ने वाले हैं। नौकरयां जा रही है।

पेट्रोल कीमत हाइक को लेकर लोकसभा में रखे गए एक सवाल के जवाब में सरकार ने सोमवार को कहा कि पूरे देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को एकसमान बनाए रखने के लिए कोई योजना विचाराधीन नहीं है और अभी तक जीएसटी परिषद ने तेल और गैस को जीएसटी (माल एवं सेवा कर) में शामिल करने की कोई सिफारिश नहीं की है। लोकसभा में उदय प्रताप सिंह और रोडमल नागर के प्रश्न के लिखित उत्तर में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह जानकारी दी। सदस्यों ने पूछा था कि क्या सरकार पूरे देश में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को एकसमान बनाए रखने के लिए कोई योजना तैयार कर रही है। इस पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ऐसी कोई योजना सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल एवं डीजल के मूल्य, वैट (मूल्य वर्धित कर), स्थानीय वसूलियों जैसे घटकों के कारण विभिन्न बाजारों में अलग-अलग होते हैं। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 2010 से संप्रग सरकार के समय से ही पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के आधार पर तय होती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क के रूप में 32 रुपये लिए जाते हैं और इसका उपयोग 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत सहायता देने के अलावा लोगों को नि:शुल्क टीका लगाने, न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि में किया जाता है।

बता दें, वर्ष 2005 से वर्ष 2014 के कांग्रेस शासनकाल में देश में पेट्रोल की कीमतों में 30 रुपये से अधिक की वृद्धि हुई थी। हालांकि भाजपा शासनकाल में कांग्रेस शासनकाल के मुकाबले यही वृद्धि कम है, जो करीब 25 से 27 रुपये के आसपास है। यही कारण है कि विपक्ष पेट्रोल कीमतों की वृद्धि को लेकर मौजूदा सरकार के खिलाफ किसी भी तरह का मुद्दा नहीं बना पा रहा है।

### इस तरह जा रही नौकरियां

**कोरोना** के चलते पिछले कुछ वक्त में भारत में बेरोजगारी बहुत तेजी से बढ़ी है। भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केंद्र (सीएमआईई) की रिपोर्ट में इसको लेकर चौंकाने वाले आंकड़े जारी हुए हैं। सोमवार को जारी इसकी रिपोर्ट के मुताबिक 18 जुलाई तक जहां भारत में बेरोजगारी दर 5.98 फीसदी पर थी, वहीं 25 जुलाई तक यह 7.14 फीसदी पहुंच चुकी है। इसमें बताया गया है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी में इजाफा हुआ है। हालांकि महीनावार आंकड़ों में बेरोजगारी की यह दर कुछ कम हुई है। जून में यह 10 फीसदी तक थी, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर के बाद आर्थिक मोर्चे पर कुछ सुधार हुआ है, जिससे इसमें कमी आई है। विशेषज्ञों का दावा है कि कोरोना को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए प्रतिबंधों के चलते बेरोजगारी ज्यादा बढ़ी है। वहीं तीसरी लहर की आशंका आगे के लिए भी चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है।

### चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# जर्मनी के राजदूत ने हरियाणा की पीपीपी योजना को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ भारत में जर्मनी के राजदूत वाल्टर जे.लिंडनर ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एक शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान ऐसे विभिन्न विकास क्षेत्रों की पहचान करने पर व्यापक चर्चा हुई, जिनमें जर्मनी सरकार और भारत, विशेष रूप से हरियाणा आपसी सहयोग से कार्य सकें।

इस मौके पर लिंडनर ने परिवार पहचान पत्र और फसल विविधीकरण योजना के विशेष संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन्हें बताया कि परिवार पहचान पत्र योजना के तहत एक ऐसी प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें प्रत्येक परिवार की एक इकाई के रूप में पहचान की जाती है ताकि पात्र परिवार सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ उठा सके।

मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि सरकार फसल विविधीकरण योजना के तहत पानी की कम खपत करने वाली फसलों को बढ़ावा दे रही है और इस योजना के तहत किसानों को कम पानी की खपत वाली फसलों की पैदावार करने के लिए अतिरिक्त लाभ दिया जा रहा है ताकि पानी की बचत हो और साथ ही किसानों की आय में वृद्धि हो सके। लिंडनर द्वारा देश और राज्य में कोरोना की स्थिति पर चिंता व्यक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि राज्य में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान स्थिति को तेजी से प्रबंधित किया गया।

दूसरी लहर के दौरान महामारी की प्रारंभिक स्थिति का जायजा लेते हुए राज्यभर के अस्पतालों में पर्याप्त ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखने, अस्थायी अस्पताल स्थापित करने, मरीजों को निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने और भोजन एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति करने जैसे विभिन्न पहलुओं पर तत्काल ध्यान दिया गया।

मौके पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी, प्रधान सचिव, वी. उमाशंकर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव विजयेंद्र कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ.सुमिता मिश्रा, विदेशी सहकारिता विभाग के प्रधान सचिव एवं संसाधन लामबंदी सलाहकार योगेंद्र चौधरी, हरियाणा उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर एक साथ काम करने में दिखाई दिलचस्पी

### वैकल्पिक स्रोतों की दिशा में कर रहे कार्य

**वाल्टर** जे. लिंडनर द्वारा जलवायु परिवर्तन के संबंध में उठाए गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक मुद्दा है और हम सौर ऊर्जा जैसे बिजली उत्पादन के वैकल्पिक स्रोतों की दिशा में कार्य कर रहे हैं जो विशेष रूप से हरियाणा के दक्षिणी हिस्सों में आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करते हैं। वाल्टर जे. लिंडनर ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि भावी विकास प्रयासों और अन्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए भी जर्मनी सरकार द्वारा पूर्ण समर्थन एवं सहयोग दिया जाएगा।

## मीराबाई चानू को दिल्ली एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** को टोक्यो ओलिंपिक में पहला मेडल दिलाने वाली मीराबाई चानू टोक्यो से भारत लौट आई हैं। मीरा का सिल्वर मेडल इस बार के ओलिंपिक में अब तक भारत का इकलौता मेडल रहा है। वे ओलिंपिक के पहले दिन मेडल जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट भी हैं।

दिल्ली एयरपोर्ट पर मीराबाई का जोरदार स्वागत किया गया। एयरपोर्ट स्टाफ ने भारत माता की जय के नारे लगाए। साथ ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस दौरान मीरा की आरटी-पीसीआर जांच भी की गई। मीरा के साथ उनके कोच विजय शर्मा भी लौटे हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद मीराबाई ने कहा- तैयारियों के लिए यूएस जाना मेरे लिए फायदेमंद साबित हुआ। इससे मेरी ओलिंपिक की तैयारियों में मदद मिली। एक समय था जब कोरोना की वजह से अमेरिका के लिए सभी फ्लाइटें बंद हो गई थीं। पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी मदद की। इस तरह मैं अमेरिका पहुंच पाई। यूएस में मुझे हर तरह की सुविधाएं मिली।



### कार नदी में गिरने से चार सदस्यों की मौत की आशंका

**बनिहाल (रामबन)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में सोमवार को एक कार के राजमार्ग से फिसल कर नदी में गिरने से उसमें सवार एक परिवार के चार सदस्यों की मौत होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि घटना रामबन के मेहर बेक्त के पास हुई जब राकेश कुमार, उनकी पत्नी आशा रानी, उनके दो बेटे सचित भगत और मेहुल भगत श्रीनगर से जम्मू जा रहे थे।

### धामी ने पूजा के बाद मुख्यमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया



**देहरादून।** मनहूसियत को दरकिनार करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सावन के पहले सोमवार को विधिवत पूजा-पाठ के बाद न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में गृहप्रवेश किया।

एक दशक पहले बना मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास वहां रहने वाले मुख्यमंत्रियों के लिए मनहूस माना जाता है क्योंकि वहां रहने वाला कोई भी मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका। विजय बहुगुणा से लेकर त्रिवेंद्र सिंह रावत तक कोई मुख्यमंत्री अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका और उसकी समय से पहले ही पद से विदाई हो गई।

# हरियाणा में कर्मचारियों और पेंशनरों को अगले माह से मिलेगा डीए का लाभ

### करीब साढ़े पांच लाख कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलेगा लाभ

**चंडीगढ़।** हरियाणा में सरकारी कर्मचारियों व पेंशन भोगियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ अगस्त माह से मिलेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ऐलान के बाद सोमवार को वित्त विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

सीएम मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को डीए को 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का ऐलान किया था। डीए में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी का नोटिफिकेशन वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। बढ़ी हुई दरें पहली जुलाई से लागू होनी हैं। ऐसे में अगस्त में कर्मियों-पेंशनरों को बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। केंद्र सरकार ने कोरोना महामारी के चलते पिछले साल ही डीए को फ्रीज कर दिया था। पिछले दिनों मोदी सरकार ने महंगाई भत्ते में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी का फैसला लिया था। इसी तर्ज पर हरियाणा सरकार ने डीए को बढ़ाकर 28 प्रतिशत किया था। सीएम ने यह घोषणा 24 जुलाई को की थी। ऐसे में कर्मियों व पेंशनरों को यह लग रहा था कि जुलाई के वेतन में बढ़ा हुई महंगाई-भत्ता शायद नहीं मिल पाएगा। अब अगस्त में मिलने वाले वेतन में डीए की बढ़ोतरी लागू होगी।

### पेगासस जासूसी कांड मामले में बंगाल ऐसा पहला राज्य, जिसने

# न्यायिक जांच आयोग बनाया, चार दिन के दौरे पर दिल्ली पहुंची दीदी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**इजराइली** सॉफ्टवेयर पेगासस के जरिए जासूसी के मामले की जांच पश्चिम बंगाल का आयोग करेगा। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को जासूसी कांड की जांच करने वाले आयोग का ऐलान किया। कोलकाता हाईकोर्ट के जस्टिस मदन भीमराव और पूर्व चीफ जस्टिस ज्योतिर्मय भट्टाचार्य को सौंपी गई है।

ममता ने कहा कि बंगाल पहला राज्य बन गया है, जो जासूसी कांड की जांच करेगा। हमें उम्मीद थी कि केंद्र इस मामले में कोई सख्त कार्रवाई करेगा या सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इजराइली सॉफ्टवेयर के जरिए नागरिकों से लेकर न्यायपालिका तक को सर्विलांस पर रखा गया। 27 मई को ममता संसद भवन जा सकती हैं। इस दिन वे समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिल सकती हैं। 28 मई को दोपहर 3 बजे ममता विपक्ष के नेताओं के साथ चाय पर चर्चा कर सकती हैं। ये मीटिंग उनके भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के घर पर हो सकती है। ममता बनर्जी अपने दिल्ली दौरे में कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकती हैं। मुलाकात की तारीख और समय अभी तय नहीं है।

ममता बनर्जी चार दिन के दौरे पर सोमवार को दिल्ली पहुंची। उनका विपक्ष के कई नेताओं से मिलने का कार्यक्रम है। बंगाल सीएम की इस



कवायद को भाजपा के खिलाफ शक्तिशाली मोर्चा बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ममता ने अपने दौरे की जानकारी खुद 22 जुलाई को दी थी। ममता ने कहा था, 'अगर राष्ट्रपति से वक्त मिला तो उनसे मुलाकात करूंगी। प्रधानमंत्री से 28 जुलाई को मिलने का समय मिला है। मार्च-अप्रैल में हुए बंगाल चुनाव के बाद ममता और मोदी का पहली बार आमना-सामना होगा। एक और खास बात यह है कि ममता की मोदी से मुलाकात ऐसे समय होने जा रही है, जब ममता पेगासस जासूसी विवाद और मीडिया हाउसेज पर रेड जैसे मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर हैं।

### लोस में दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता संशोधन विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में विभिन्न विषयों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता संशोधन 2021 विधेयक पेश किया जो इससे संबंधित अध्यादेश का स्थान लेगा। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता संशोधन अध्यादेश, 2021, चार अप्रैल 2021 से प्रभावी हो गया था। इसके तहत छोटे और मझोले इकाई के तहत आने वाले कर्जदार कारोबारियों को पहले से तैयार व्यवस्था (प्री पैकेज्ड) के तहत दिवाला निपटान प्रक्रिया की सुविधा मिल गई है। इसके तहत अधिकृत प्रतिनिधि की पहचान और चयन, सार्वजनिक घोषणा और संबंधित पक्ष के दावे, मसौदे की जानकारी, कर्जदाता और कर्जदाता समिति की बैठक करने, विवाद निपटान योजना का आमंत्रण, मूल विवाद निपटान और सबसे अच्छे विवाद निपटान के बीच प्रतिस्पर्धा तथा कॉरपोरेट कर्जदार के साथ विवाद निपटान पेशेवरों के साथ प्रबंधन जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता के तहत सभी प्रस्तावों की योजनाएं राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के तहत मंजूर होना जरूरी है।

### रास कार्यवाही रही स्थगित : पेगासस जासूसी विवाद पर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी विवाद और केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों सहित अलग-अलग मुद्दों पर विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही बाधित हुई। लिहाजा चार बार के स्थगन के बाद पांचवीं बार सदन की कार्यवाही अपराह्न पांच बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण एक बार फिर प्रश्न काल और शून्य काल हंगामे की भेंट चढ़ गए। कोई अन्य महत्वपूर्ण विधाई कामकाज भी नहीं हो सका। सरकार की कोशिश थी कि नौचालन के लिए सामुद्रिक सहायता विधेयक पर चर्चा पूरी कर उसे सदन से पारित करा लिया जाए लेकिन हंगामे के कारण इस पर चर्चा नहीं हो सकी।

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 27 जुलाई, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- सभी दुकानें खुलेंगी : सुबह नौ बजे
- रेस्टोरेंट और बार तथा माल्स खुलने का समय : सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में ओपीडी शुरू: सुबह आठ बजे
- प्रयोगशाला में कोरोना जांच शुरू : सुबह नौ बजे

### निवेश गुरु
**म्यूचुअल** फंड्स के तहत कई लोगों के पैसे स्टॉक और बॉन्ड जैसे फाइनेंशियल इंस्ट्रुमेंट में लगाये जाते हैं। म्यूचुअल फंड्स को प्रोफेशनल लोगों द्वारा मैनेज किया जाता है, ऐसे में इसमें ऐसे निवेशकों के लिए जोखिम कम और फायदेमंद ज्यादा रहता है जो पैसे-रुपयों के निवेश में बहुत अधिक माहिर नहीं होते हैं। किसी भी फंड में निवेशक के तौर पर आप अपने निवेश के समानुपाति लाभ या हानि प्राप्त करते हैं।

### यूटीलिटी न्यूज
#### जिला में पांच कंटेनमेंट जोन
**फरीदाबाद।** जिला मजिस्ट्रेट यशपाल ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार कोविड-19 की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कंटेनमेंट जोन घोषित किए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 24 जुलाई को जारी किए आदेशों के तहत कंटेनमेंट जोन की संख्या अब पांच रह गई है। उन्होंने बताया कि यह कंटेनमेंट जोन अब सेक्टर-46 में मकान नंबर 250 से मकान नंबर 261 तक, सेक्टर-11 में मकान नंबर ई-31 से ई-35 तक, सेक्टर-14 में मकान नंबर 205 से 210 तक और सेक्टर-8 में मकान नंबर 2245 से मकान नंबर 2265 तक का क्षेत्र शामिल है। उन्होंने बताया कि अगर किसी भी क्षेत्र में नए कोविड-19 पाजीटिव मरीज नहीं मिलते हैं तो कंटेनमेंट जोन को लगभग 14 दिन के बाद डी-नोटिफाई किया जाएगा।

### क्विक न्यूज
#### कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीनेशन अवश्य कराएं : मंत्री



**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री मूलचन्द शर्मा ने सोमवार को आदर्श नगर यूपीएससी का औचक निरक्षण किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जो सुविधाएं सरकार द्वारा हिदायतों के अनुसार मिली है उन्हें दुरुस्त करें। परिवहन मंत्री ने कहा हर रोज सेंटर पर कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए वेक्सीन लगाएं जाएं। कैबिनेट मंत्री ने वेक्सिनेशन कैम्प जाकर लोगो को जागरूक किया। परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने लोगो से अपील की है कि वे बढ़चढ़कर वेक्सीन लगवाएं। तभी बीमारी का होगा खात्मा। उन्होंने कहा देश को स्वथ्य रखने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना तभी साकार होगा। इस दौरान डॉक्टर अपूर्व, पारस जैन, पीआरओ जोगेंदर रावत भी मौजूद रहे।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : पानी-बिजली के लिए शहर में मचा हा-हाकार

## अघोषित बिजली कट और पानी की किल्लत ने लोगों को किया बेहाल

**राजेश दास।** फरीदाबाद





**नगर** निगम की लापरवाही के कारण जहां बरसात के मौसम में पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है, वहीं घरों से बाहर निकलते ही जल भराव की समस्या झेलनी पड़ रही है। शहर के ज्यादातर इलाकों में तीन से चार दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। जबकि कई इलाकों में एक एक सप्ताह अथवा महीने बाद भी मुश्किल से पानी आ रहा है।

नगर निगम की पाइप लाइन कई इलाकों में लीक है। ऐसे में जलभराव होने से लोगों के घरों में नाली और सीवर का गंदा पानी मिक्स होकर पहुंच रहा है। वहीं दूसरी तरफ बरसात में गर्मी और उमस भरे मौसम में बिजली निगम की नाकामी के कारण दिन भर में कई कई अघोषित कट लग रहे हैं। जिससे लोगों का घरों में बैठना मुश्किल हो गया। फाल्ट होने पर बिजली निगम के अधिकारी फोन रिसीव नहीं करते। जिससे निगम को नुकसान हो रहा है और लोग परेशानी झेलने को मजबूर हो रहे हैं।

निगम का टोल फ्री नंबर में व्यर्थ साबित हो रहा है। पानी और बिजली की समस्या से लोग बुरी तरह त्रस्त हो चुके हैं। बिजली पानी की समस्या को लेकर गतदिवस पर्वतीय कालोनी के लोगों ने प्रदर्शन किया था। सोमवार को अनेक लोग समस्या लेकर निगम मुख्यालय पहुंचे।

### बिजली निगम के जुगाड़
**एक** तरफ बिजली निगम विभिन्न तरह की ऑनलाइन सेवाएं देने और हाइटेक होने के दावें कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ निगम आज भी धरातल पर पुराने ढर्रे पर ही काम कर रहा है। बिजली कर्मचारी सुविधाओं के अभाव में आज भी जुगाड़ नीति से काम चला रहे हैं। शहर की स्लम बस्ती हो या फिर पॉश सेक्टर, हर जगह बिजली के खंबों पर तारों का जाल बना हुआ आम देखा जा सकता है। इन तारों के जाल की वजह से थोड़ी तेज हवा या बरसात आने पर चिंगारियां निकलने लगती है। जिससे कई बार आग लगने से फाल्ट हो जाता है। बिजली गुल होने पर लोगों द्वारा फोन करने पर संबंधित अधिकारी अथवा कर्मचारी फोन रिसीव नहीं करते। जिसके कारण अक्सर निगम को नुकसान तो उठाना पड़ता ही है, साथ ही लोगों को लंबा कट झेलना पड़ता है। बिजली की समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा शुरू किया गया टोल फ्री नंबर 1912 भी व्यर्थ साबित हो रहा है। इस नंबर पर फोन रिसीव करने वाले कर्मचारी उपभोक्ता से सम्पूर्ण जानकारी लिये बिना सिर्फ टालने का प्रयास करते नजर आते हैं।

### सड़कों पर उतर रहे लोग



**पिछले** लंबे समय से पानी की किल्लत और अघोषित बिजली कटौती की मार झेल रहे लोगों के सब्र का पैमाना अब छलकना शुरू हो गया है। पिछले दिनों भारी संख्या में लोगों ने पार्षद जयवीर खटाना के नेतृत्व में सेक्टर 25 जलघर में प्रदर्शन किया था। यहां अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने पर उन्हें जेल तक जाना पड़ गया था। रविवार को समाजसेवी अजय सिंह के नेतृत्व में पर्वतीय कालोनी के निवासियों ने बिजली कट और पानी की किल्लत के विरोध में जवाहर कालोनी के डिस्पोजल चौक पर जाम लगा दिया था। गुस्साए लोग दोनों निगमों के अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। बिजली निगम के जेई तो पहुंच गए। लेकिन नगर निगम से किसी ने पहुंचने की जरूरत महसूस नहीं की। वहीं सोमवार की पेयजल समस्या से जूझ रहे सेनिक कालोनी के लोगों ने निगम मुख्यालय पर पहुंच कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इनका कहना है कि कालोनी में कई कई दिनों तक पानी नहीं आता। इसके थोड़ी देर बाद ही एसजीएम नगर की महिलाएं पानी की समस्या को लेकर निगम मुख्यालय पहुंच गई और विरोध करना शुरू कर दिया। महिलाओं का कहना था कि उनके इलाके में पिछले करीब एक महीने से पानी नहीं आ रहा।

### मिलता है सिर्फ आश्वासन



**सैनिक** कालोनी निवासी एवं समाजसेवी संजय राव ने बताया कि यहां पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है। कालोनी वासी पिछले तीन महीने से लगातार निगम से शिकायत कर रहे हैं। लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। सोमवार परेशान लोगों ने निगम की अतिरिक्त आयुक्त से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। उन्होंने सेनिक कालोनी का दौरा करने के बाद तीन दिन में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

### निगम की लापरवाही का खामिया
**नगर** निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा शहर की आम जनता को उठाना पड़ रहा है। निगम अधिकारियों की मिलीभगत से एनआईटी इलाके में अवैध तरीके से चार से छह मंजिला फ्लैट बनते जा रहे हैं। निगम अधिकारियों की लापरवाही से इन फ्लैटों में लोग अवैध तरीके से चार से छह कनेक्शन निजी प्लम्बर बुलवा कर लगवा रहे हैं। जिससे जहां निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके अलावा शहर की विभिन्न कालोनियों में हजारों की संख्या में लोगों के घरों में अवैध कनेक्शन लगे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ इससे वैध कनेक्शन लेकर नियमित रूप से बिल जमा कराने वाले लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। निगम इन अवैध कनेक्शनों को नियमित करने में भी अब रूचि नहीं दिखा रहा है। वहीं दूसरी तरफ विभागों के तालमेल के अभाव में आए दिन रेनीवैल की मैनलाइन टूट रही है। जिससे लाखों लीटर पानी बह कर व्यर्थ जा रहा है। लोग गर्मी के बाद अब बरसात के मौसम में भी पानी की समस्या से हर रोज परेशान होने को मजबूर हो रहे हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में व्याख्यान सत्र का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के विवेकानंद मंच द्वारा कारगिल विजय दिवस एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया।

व्याख्यान सत्र में प्रज्ञा प्रवाह जोकि भारतीय लोकाचार और परंपरा में निहित एक राष्ट्रव्यापी बौद्धिक आंदोलन है, के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार मुख्य वक्ता रहे तथा सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। आजादी का अमृत महोत्सव एक साल तक चलने वाला अभियान है जिसे आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। वर्ष 2022 तक एक नये आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। व्याख्यान सत्र को संबोधित करते हुए नंदकुमार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति, स्वतंत्रता आंदोलन, इस आंदोलन में स्वतंत्रता सेनानियों की भूमिका और संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में कुशलवाल युवाओं की भूमिका की महत्वपूर्ण है। सत्र को संबोधित करते हुए प्रो दिनेश कुमार ने महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस के संघर्ष तथा विज्ञान और राष्ट्र में उनके योगदान पर भी चर्चा की।

इससे पूर्व निदेशक युवा मामले डॉ. प्रदीप डिमरी ने आमंत्रित वक्ता एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। सत्र में डीन छात्र कल्याण प्रो. लखविंदर सिंह, वरिष्ठ संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय और विभिन्न अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र भी उपस्थित थे।

# कारगिल विजय दिवस पर द वॉल ऑफ हीरोज का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कारगिल** विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को कारगिल युद्ध के नायकों के सम्मान में मनाया जाता है। हम अपने सशस्त्र बलों के साहस और दृढ़ संकल्प को याद करते हैं, जिन्होंने 1999 में हमारे देश की रक्षा की।

उनकी वीरता पीढ़ियों को प्रेरित करती है। कारगिल युद्ध में भारत की जीत की 22वीं वर्षगांठ के अवसर पर, डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के पैट्रियोट्स क्लब ने द वॉल ऑफ हीरोज का उद्घाटन समारोह आयोजित किया। 'वॉल ऑफ हीरोज' में 21 परम वीर चक्र पुरस्कार विजेताओं (सर्वोच्च युद्ध-समय वीरता पुरस्कार) के चित्रों को दर्शाया गया है। युवाओं में जोश और उत्साह पैदा करने और उनमें देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे सैनिकों के चित्र होने चाहिए। द वॉल ऑफ हीरोज विद्या वीरता अभियान के तहत कार्यान्वित एक परियोजना है। स्मारक दीवार का औपचारिक उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रितु गांधी अरोड़ा ने किया। पैट्रियोट्स क्लब के सभी सदस्य- डॉ. अंजलि आहूजा संयोजक, डॉ. रश्मि भार्गव (सह-संयोजक), सीए अलका नरूला, डॉ. निधि तुरान, नीतू जुनेजा, ईशा खन्ना, प्रिंस आहूजा, डॉ. धृति गुलाटी, अर्चना मित्तल, डॉ. दीपक शर्मा और अन्य संकाय सदस्यों ने भाग लिया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# महिला तकनीकी संस्थान में पौधारोपण अभियान की शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर-आठ** स्थित राजकीय महिला बहु तकनीकी संस्थान फरीदाबाद के छात्रावास प्रांगण (गर्ल्स हॉस्टल कैंपस) में एनजीओ प्रकृथी ट्रस्ट के साथ मिलकर एक पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई। गर्ल्स हॉस्टल की रमणीयता बढ़ाने के साथ साथ परोपकार सर्वोपरि की भावना को छात्राओं में आगे बढ़ाने, पर्यावरण की रक्षा तथा पर्यावरण की जिम्मेदारी को समझने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों और छात्राओं के अलावा एनजीओ के प्रमुख पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। प्रकृथी ट्रस्ट की अध्यक्षा रमा सरना कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं।

संस्थान की प्रधानाचार्य मीनू वर्मा ने मौके पर बताया कि प्रांगण में इस बार फलदार वृक्षों को तरजीह दी गई है। ताकि पौधारोपण अभियान अपने लक्ष्य पर पूरा खरा उतरे। वैसे यह संस्थान शुरुआत से ही पर्यावरण के प्रति काफी सजग रहा है। इसका अंदाजा संस्थान के प्रांगण में सुनियोजित ढंग से लगे हुए पेड़ पौधों को देखकर सहज ही लग जाता है। बाहर से आने वाले सभी व्यक्ति संस्थान के प्रांगण की खूबसूरती को देख कर अचंभित होकर रह जाते हैं। प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि इस धरा पर जीवन स्पंदन को अनवरत बनाए रखने के लिए इस धरती का श्रृंगार वृक्षों से करना अनिवार्य है।

# देश से बढ़कर कुछ नहीं, पहले देश की सेवा: डॉ. भगत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**डीएवी** शताब्दी महाविद्यालय ने हरियाणा नेवल यूनिट एनसीसी फरीदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस, आजादी के अमृत महोत्सव के अंतरगत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जरा याद उन्हें भी कर लो जो लौट के घर न आए संगीत के साथ हुई। कप्तान सुनीता डुडेजा एवं सीटीओइ एच. अंसारी ने ये कार्यकर्म आयोजित किया।

डीएवी शताब्दी महाविद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. सविता भगत ने सभी का स्वागत किया एवं हिमालय की चोटियों पर लड़ी गई कारगिल की जीत की कहानी से रूबरू कराया। आयोजन का उद्देश्य सेना के वीर सपूतों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान की कहानी से जन-जन को अवगत कराना है। लेफ्टिनेंट कपिल कुमार सिंह कमांडिंग ऑफिसर हरियाणा, नेवल यूनिट ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। महाविद्यालय में उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा हर साल 26 जुलाई को कारगिल युद्ध में शहीद होने वाले देश के उन वीर जवानों को याद किया जाता है, जिन्होंने इस युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटा दी थी साथ ही साथ उन्होंने कहा एनसीसी का उद्देशीय ही हर कैडेट में यूनिटी एवं डिसिप्लिन लाना है।

महाविद्यालय के पूर्व छात्र आदित्य राज सिंह जिनका अभी हाल ही में भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट की पोस्ट पर चयन हुआ है। आदित्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आदित्य ने एनसीसी के सी सर्टिफिकेट में ए ग्रेड हासिल किया था। उन्होंने महाविद्यालय में एक छात्र वहां एनसीसी कैडेट के तौर पर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारतीय आर्मी में जाने के लिए हर कैडेट को जोशीला होना चाहिए। पोस्टर एवं डेक्लामेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम उर्मिला, द्वितया अंकुश एवं तृतीय स्थान पर लक्ष्मी रही। डेक्लामेशन प्रतियोगिता में प्रथम अपूर्वा अरोड़ा एवं पायल चौधरी, द्वितया उर्मिला एवं तनु, तृतीय स्थान पर रचना रही। मंच संचालन सुमन तनेजा ने किया और अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**वतन की राह में हँसकर जो अपनी जाँ लुटाते हैं**
**सितारे बनके अम्बर में हमेशा जगमाते हैं**
**अमर होकर वही सबके दिलों पे राज करते हैं**
**वो जीवन धन्य होते हैं वतन के काम आते हैं**

# गोल्फ टूर्नामेंट में गरिमा विजेता और पिता अजय बने उपविजेता

## टूर्नामेंट में, लगभग 84 गोल्फर जिसमें 44 बाहर से और 44 स्थानीय गोल्फर शामिल हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**10 साल** से अधिक समय के बाद एक शीर्ष स्तरीय गोल्फ टूर्नामेंट, कश्मीर गोल्फ क्लब (केजीसी) टूर्नामेंट में फरीदाबाद के मशहूर उद्योगपति और समाजसेवी अजय जुनेजा की बेटी गरिमा जुनेजा ने फर्स्ट प्राइज जीता है। अजय जुनेजा ने उपविजेता बनकर ट्राफी अपने नाम की है। स्पोर्ट्स में रुचि रखने वाले अजय जुनेजा गोल्फ खेलना पसंद करते हैं और उनकी बिटिया गरिमा भी गोल्फ खेलने का शौक रखती है।

टूर्नामेंट का आयोजन जेएंडके बैंक द्वारा पुनर्निर्मित किए जाने के बाद यह पहली बार केजीसी में एक प्रमुख गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित किया था। टूर्नामेंट में, लगभग 84 गोल्फर, जिसमें 44 बाहर से और 44 स्थानीय गोल्फर शामिल हुए, चरण एक टूर्नामेंट का उद्घाटन उपराज्यपाल के सलाहकार, आरआर भटनागर ने सचिव पर्यटन सरमद हफीज, निदेशक पर्यटन कश्मीर डॉ. जीएन इटू की उपस्थिति में किया गया। टूर्नामेंट दो दिवसीय स्ट्रोक प्ले प्रारूप में खेला गया। नवीनीकृत और उन्नत कश्मीर गोल्फ कोर्स को हाल ही में खोला गया था और यह इस कोर्स की पहली बड़ी खेल गतिविधि थी। जिसमे जम्मू कश्मीर स्टेट के अलावा अन्य स्टेट से भी लोग खेलने पहुंचे थे।

फरीदाबाद से जुनेजा ब्राइट स्टील के चेयरमैन और समाजसेवी अजय जुनेजा और उनकी बिटिया गरिमा ने भी गोल्फ टूर्नामेंट में भाग लिया था। केजीसी में महिला वर्ग में विजेता रही गरिमा ने कहा कि वह रेगुलर पटियाला गोल्फ क्लब में खेलने जाती है। वहीं अक्सर स्टेट लेवल के कई गोल्फ प्रतियोगिता में भाग भी लेती रहती है। उन्हें बहुत खुशी है कि वह विजेता बनी है। इस मौके पर अजय जुनेजा ने कहा कि देश के इतने खूबसूरत स्टेट की हसीन वादियों में स्थापित गोल्फ कोर्स में खेलना और फिर उपविजेता बनना अपने आप में ही एक अलग अनुभव है।

अजय जुनेजा ने कहा कि वह अपनी इस जीत को फरीदाबाद के सभी गोल्फर को समर्पित करते हैं। अजय जुनेजा ने कहा कि मुकाबला कड़ा जरूर था, लेकिन इतने बढ़िया गोल्फ कोर्स में खेलना बहुत ही सुखद अहसास देता है। कश्मीर गोल्फ क्लब (केजीसी) के इस टूर्नामेंट में दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, पंजाब और जम्मू एंड कश्मीर के गोल्फर ने भाग लिया था।

# अभिभावक दिवस का किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल, द्वारा अभिभावक दिवस के अवसर पर वर्तमान परिस्थितियों में अभिभावकों के महत्वपूर्ण योगदान, दोहरी भूमिका एवं सहजता से विषय परिस्थितियों में भी विद्यालय के प्रति निष्ठा कि सराहना करते हुए विद्यालय के संचालक साकेत भाटिया, रूपाली भाटिया, पंचम भाटिया एवं प्रिंसिपल वंदना भाटिया तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पहले दिन के कार्यक्रम का विषय था परिवार और प्रसन्नता जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आध्यात्मिक वक्ता अभिनव को आमंत्रित किया गया था। अभिनव ने अभिभावकों को उनके व्यस्त जीवन शैली और उच्च पारिवारिक मूल्यों की आवश्यकता पर बात करते हुए, उनके महत्वपूर्ण भूमिका और मार्गदर्शन में पनपती नई पीढ़ी के निर्माण में उनकी जिम्मेदारी और कर्तव्य के साथ उनकी प्रसन्नता के लिए कुछ उपाय भी सूझाए। दूसरे दिन के कार्यक्रम में यामाहा म्यूजिक इंडिया द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम द्वारा अभिभावकों के मनोरंजन और संगीत द्वारा सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया गया। कार्यक्रम से लाभान्वित अभिभावकों ने इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय के संचालक मंडल का आभार व्यक्त किया।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का 10वीं और 12वीं परिणाम शत प्रतिशत

## 10वीं में 7207 और 12वीं में 6128 बच्चे हुए पास : ऋतु चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रदेश** भर में दसवीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिले में सभी विधार्थी पास हो गए है। लेकिन दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद आए परीक्षा परिणाम के कारण कुछ छात्र-छात्राएं बहुत दुखी नजर आए। ऐसा ही शहर में जगह-जगह देखने को मिला। जहां आधे से ज्यादा छात्र खुश नजर आए तो कुछ परीक्षा परिणाम साइट पर न आने से उदास नजर आए। परीक्षा परिणाम देखने कैफे में पहुंचे कुछ छात्रों का जब परीक्षा परिणाम नहीं आया, तो वह घर पहुंचकर रोने लगे।

### सब पास, चिंता न करें

**जिला** शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि दसवीं कक्षा में जिले में 7207 और 12वीं कक्षा में 6128 विद्यार्थी थे। जिसमें सब पास हो गए है। कोरोना महामारी के बीच इस बार सभी का परीक्षा




परिणाम बेहतर होने के कारण बच्चे खुश हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जिन बच्चो का परीक्षा परीणाम नहीं आया है, उनका अगले दिन आ जाएगा। शाम तक बच्चे जिले में कैफे में अपने परिणाम देख रहे थे, जिसके कारण साइट में दिक्कतें आ गई होंगी।

### परेशान हो गए छात्र

**जिले** में दोपहर तीन बजे के बाद जब परीक्षा परिणाम आया तो कैफे और मोबाइल, कम्प्यूटर, लैपटॉप आदि के माध्यम से हजारों छात्र परीक्षा परिणाम देखने में जुट गए। ऐसे में कुछ विद्यार्थियों को अपना परीक्षा परिणाम साइट पर नजर नहीं आया। जिस पर उनके चेहरे की खुशी मायुसी में बदल गई। जिस पर छात्रों ने अपने घरों में रोना शुरू कर दिया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी को पास बताते हुए उन्होंने अगले दिन रिजल्ट देखने की बात कही है।

### मुस्कान ने किया टॉप

**डबुआ** कॉलोनी स्थित शांति विद्या निकेतन हाई स्कूल में पढ़ने वाली मुस्कान ने 500 में से 500 अंक लेकर अपने स्कूल और माता-पिता का नाम रोशन किया है। मुस्कान के पिता मुकेश चौरासिया और माता अमृता चौरासिया ने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि मुस्कान की मेहनत रंग लाई। उन्होंने बताया कि मुस्कान ने लगातार पढ़ाई की थी। परीक्षा न होने का उन्हें काफी दुख था, लेकिन परीक्षा परिणाम को देखकर वह खुश है।



# पशु चिकित्सालय पर गोवंशों के शव नहर में फेंके जाने का आरोप

## पशु अस्पताल का दावा, बदनाम करने का किया जा रहा है प्रयास

कविता। फरीदाबाद





**हाल** में शुरू हुए पशु चिकित्सालय पर नारायणी माता गो संरक्षण सोसायटी द्वारा मृत गोवंश को नहर या सुनसान जगह फेंके जाने का आरोप लगाया है। सोसायटी के सदस्य महेश ने पशु चिकित्सालय के ट्रैक्टर का पीछा करते हुए तिगांव पुल के पास एक कच्ची और पक्की नहर के बीच कच्चे रास्ते से दो मृत गोवंश के शवों को नहर में डालते हुए रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना सदर पुलिस ने मृतक गोवंश को मौके पर ही दफन करवाया। नारायणी माता गो संरक्षण सोसायटी के संचालक महेश की शिकायत पर जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरी तरफ पशु चिकित्सालय को आर्थिक मदद दे रही अंशु गुप्ता ने कहा कि महेश अस्पताल को बदनाम कर रहे हैं।

### ये है पूरा मामला

**नारायणी** माता गो संरक्षण सोसायटी के सदस्य महेश ने बताया कि वह रविवार दोपहर दो बजे नीमका गांव में खुले नए पशु चिकित्सालय में अपनी एम्बुलेंस में एक घायल गोवंश को लेकर गए थे। उसे छोड़कर वापस निकले तो देखा कि एक ट्रैक्टर-ट्राली में दो मृत गोवंश नजर आए। उन्होंने ट्रैक्टर-ट्रॉली का पीछा शुरू कर दिया। ट्रैक्टर मृत गोवंश को लेकर तिगांव पुल के पास दो नहरों के बीच बने कच्चे रास्ते पर पहुंचा। चालक और उनके साथियों ने गोवंश को नहर में फेंकना शुरू कर दिया। इसे देखते ही उन्होंने 112 पर फोन किया और तुरंत पुलिस आ गई। ट्रैक्टर सवारों ने पुलिस को बताया कि वे नीमका गांव के पशु चिकित्सालय से उन्हें मृत पशुओं को नहर में डालने को भेजा है। पुलिस और सोसायटी के सदस्यों ने वीडियो बनाई और गोवंश के शवों को दफन कराया। जिसके बाद पुलिस को लिखित शिकायत दे दी।

### शिकायतर्ता का आरोप

**नारायणी** माता गो संरक्षण सोसायटी के सदस्य महेश ने कहा कि गोवंश के नाम पर जिले में गोरखधंधं चल रहा है। अस्पताल में घायल और बीमार गोवंश को लाया जाता है। लेकिन उनका सही तरीके से इलाज नहीं किया। जब वह शरीर पूरा कर लेती हैं तो उन्हें नहर में फेंक दिया जाता है। ऐसे लोगों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

### अस्पताल का कथन

**अंशु** गुप्ता ने बताया कि वे देव प्रोजेक्ट के तहत इस पशु चिकित्सालय की आर्थिक मदद कर रही है। पैंट्री में उनके पास महेश नाम का व्यक्ति काम करता था। वह यहां पूरा काम संभालना चाहता है। वह हम पर दबाव बना रहा है। इसी के चलते वह अस्पताल को बदनाम कर रहा है। ऐसे लोग देव प्रोजेक्ट में मुसीबते खड़ी न करें तो हम पशुओं के दर्द का निवारण करते हुए उन्हें बेहतर इलाज उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रहे हैं। इस विषय में उपायुक्त से बात कर रहे हैं।

# भगवान भोलेनाथ पर चढ़ाया श्रद्धालुओं ने जल



**फरीदाबाद।** सावन का महीना प्रारंभ होते ही भगवान शिव के भक्तों की भीड़ मंदिरों में लगने लग जाती है। ऐसा ही कुछ सावन के पहले सोमवार को मंदिरों में देखने को मिला। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने लम्बी लाइनों में लगकर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। सैनिक कालोनी का शिव मंदिर हो या राजीव कालोनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर हर जगह भीड़ देखने को मिली।

जानकारी के मुताबिक सावन के महीने के पहले सोमवार को मंदिरों में लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान उन्होंने सुख शांति और समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस बारे में प्राचीन शिव मंदिर के महंत आचार्य सर्वेश पांडे ने सभी उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सामूहिक रूप से हवन यज्ञ कर विश्व शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से सेक्टर 23 से पधारे हुए आरके दुबे, जो निरंतर समाज सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने बताया कि सावन भगवान शिव का सबसे प्रिय माह होता है। मंदिरों में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी लाइने नजर आई। वहीं कोरोना संक्रमण को देखते हुए शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए श्रद्धालु नजर आए। उन्होंने भगवान शिव का जल धारा, बिल्व पत्र और दूध-दही से अभिषेक किया। उनका कहना था कि सावन माह में की गई शिव उपासना बहुत ही फलदायी होती है और इसका फल बहुत जल्दी मिलता है।

# बुखार-सिर दर्द को न करें नजरअंदाज : डॉ. गुप्ता



**फरीदाबाद।** ब्रेन में हुई टीबी को लेकर लोगों को जागरूक होने की खास आवश्यकता है। नीलम चौक स्थित एस्कोर्ट फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोलॉजी डायरेक्टर डॉ. रोहित गुप्ता के अनुसार फेफड़ों की टीबी का यदि सही समय पर इलाज न कराया जाए तो यह ब्रेन और स्पाइन तक पहुंच सकती है।

ब्रेन और स्पाइन में टीबी होने की वजह से मरीज को पैरेलिसिस हो सकता है और वह कोमा में भी जा सकता है। इसके साथ ही लंबे समय तक होने वाले बुखार और सिर दर्द को इग्नोर नहीं करना चाहिए। इसकी जांच जरूर कराएं। डॉ. रोहित ने बताया कि यह एक संक्रमित बीमारी है और हाईजीन पर ध्यान न देने से भी टीबी की बीमारी होती है। जिन लोगों की इम्यूनिटी पावर कमजोर होती है, उन्हें यह बीमारी जल्दी होती है। यह खून के जरिए शरीर के किसी भी अंग पर हमला कर सकती है। इसलिए इलाज को बीच में न छोड़ें। छह महीने से 18 महीने तक पूरा इलाज करवाएं। इस बीमारी में फेफड़े में हुआ संक्रमण धीरे-धीरे दिमाग तक पहुंच जाता है। सेलेब्रासपाइनल फ्लूड के खत्म होने से भी ब्लाकेज होते हैं। यह दिमाग को खून और पानी देने वाली नसों को प्रभावित करता है। इससे दिमाग की नसों में ब्लॉकेज हो जाता है। लोग टीबी की वजह से आई कमजोरी या टीबी मानकर इसे नजरअंदाज कर देते हैं। इसलिए टीबी की बीमारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि टीबी के साथ न्यूरो संबंधी जांच करके मरीज का इलाज शुरू कर दिया जाए तो यह बीमारी ठीक हो जाती है। इसमें नसों को खोलने वाली, खून को पतला रखने वाली और संक्रमण रोकने वाली दवाएं दी जाती हैं। टीबी की बीमारी में लंबे समय तक बुखार के साथ-साथ सिरदर्द भी रहता है।

**न करें अनदेखा** : डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि लंबे समय तक बुखार और सिर में दर्द हो तो डॉक्टर को जरूर दिखाएं। दिमागी बुखार को सबसे पहले डायग्नोस करें। रीढ़ की हड्डी से पानी निकालकर इसकी जांच करवाई जाती है।

# वैक्सीनेशन केन्द्रों पर उड़ रहीं सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जिले** में दो दिनो बाद वैक्सीनेशन केन्द्रों पर कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। जिसके कारण सरकारी सेंटरों के बाहर भीड़ देखने को मिली। इस भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती नजर आई। जिले में बने निजी और सरकारी केन्द्रों पर 11,356 लोगों ने टीका लगवाया।

जिले में सोमवार को तीन हेल्थ केयर वर्कर, दो फ्रंट लाइन वर्करों के अलावा 18 प्लस आयुवर्ग में 7638 और 45 में 3713 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया। निजी केन्द्रों पर 1886 लोगों ने टीके लगवाये। वहीं जिले में मंगलवार को 12 सरकारी और सात निजी केन्द्रों पर टीकाकरण होगा। जिले के सरकारी केन्द्र बीके अस्पताल, बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल, खेड़ी कला, एफआरयू एक सेक्टर-30, एफआरयू दो सेक्टर-3, पन्हेडा, कौराली, मोहना, तिगांव, छायंसा, दयालपुर, फतेहपुर बिल्लौच में टीके लगाये जाऐंगे। सात निजी केन्द्रों में क्यूआरजी, एशियन, फोर्टिज, सर्वोदय सेक्टर-आठ, सेक्टर-19, मेट्रो हॉस्पीटल, शांति देवी मैमोरियल हॉस्पीटल, एशियन सेक्टर-88 में टीके लगाए जाऐंगे।

### रही भीड़

**सरकारी** केन्द्रों पर दो दिनों बाद टीकाकरण की बात सुनकर लोगों की भीड़ पहुंच गई। लोगों की भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां जमकर उड़ाई गई। इस दौरान पुलिस ने लोगों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन लोग नहीं माने। कुछ देर डिस्टेंस रखने के बाद बार-बार एकत्रित हो रहे थे। ऐसे में यहां कोरोना के एक बार फिर से बढ़ने की संभावना बन रही है।

## कोरोना: एक पॉजिटिव मरीज मिलने से आंकड़ा 99766

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा समाप्त ही नहीं हो रहा है। सोमवार को जिले में एक पॉजिटिव मरीज इंदिरा कॉम्प्लेक्स कालोनी से सामने आया। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 99766 पर पहुंच गया। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो फिलहाल जिले में 16 मरीज एक्टिव है। जिसमें दो मरीज अस्पताल में भर्ती है और 14 होम आईसोलेशन में रह रहे है। इनमें दो मरीज ऑक्सीजन पर बताए गए हैं। जिले में राहत की बात यह रही कि एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.27 प्रतिशत पर पहुंच गया।

**ये हैं आंकड़े**

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 991431 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99766 |
| अब तक नेगेटिव | : 891012 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 653 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 716 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक ठीक | : 99034 |

# एसएटी मूल्यांकन परीक्षाएं शुरू

**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने कहा कि कक्षा तीसरी से 12वीं तक के स्कूली विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट असेस्मेंट टेस्ट को लेकर डेटशीट जारी कर दी है। ये परीक्षाएं आज सोमवार से शुरू होकर आगामी 13 अगस्त तक होंगी। इन परीक्षाओं से विद्यार्थियों का मूल्यांकन तय किया जाएगा। पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों का टेस्ट मौखिक रूप से और तीसरी से 12वीं कक्षा की मूल्यांकन परीक्षा अवसर एप पर ऑनलाइन और बचे हुए ऑप्शनल सब्जेक्ट व डेटशीट में कवर नहीं हुए विषयों की परीक्षाएं ऑफलाइन होंगी।

जिला शिक्षा अधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा तीसरी से 12वीं तक के स्टूडेंट्स 26 जुलाई से 13 अगस्त तक मूल्यांकन परीक्षा दे सकेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने डेट शीट जारी कर दी है। पहली और दूसरी क्लास के विद्यार्थियों का टेस्ट मोबाइल या अन्य माध्यम से मौखिक ही लिया जाएगा। यह परीक्षा 10 अंकों की होगी। उन्होंने आगे बताया कि वहीं छठी से 12वीं कक्षा की मूल्यांकन परीक्षा स्कूल स्तर पर ऑफलाइन आयोजित की जाएगी।

# नगर निगम में शामिल गांव का रिकॉर्ड ऑनलाइन करें : डॉ. मित्तल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नगर** निगम आयुक्त डॉ. गरिमा मित्तल ने कहा कि सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार जिला फरीदाबाद के नगर निगम में 24 नए गांव शामिल किए गए हैं। इन गांवों मे कुल कितनी भूमि है। कितने रास्ते हैं और किस भूमि पर क्या निर्माण किया गया है। इसका पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें।

नगर निगम आयुक्त डॉ गरिमा मित्तल लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में प्रशासिक और विभिन्न विभागों के अधिकारियों यह दिशा निर्देश दे रही थी। उन्होंने प्रशासनिक, जिला विकास एवं पंचायत विभाग सहित बैठक से संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जो 24 गांव एमसीएफ में शामिल किए गए हैं। उन गांवों में लगे चौकीदार, सफाई कर्मचारी और ट्यूबवेल ऑपरेटर तथा अन्य कर्मचारियों को सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उन्हें एमसीएफ में समायोजित किया जाना है। इसलिए यह रिकॉर्ड पूरा करना सुनिश्चित करें।

एमसीएफ कमिश्नर डॉ. गरिमा मित्तल ने कहा कि इसके अलावा सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इन गांवों का नगर निगम में परिसीमन करके उन्हें वार्ड बंदी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए सभी गांव के परिवारों का पूरा विवरण ऑनलाइन किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें सामान्य वर्ग जनसंख्या, पिछड़ा वर्ग जनसंख्या और अनुसूचित जाति जनसंख्या का पूरा विवरण गांव वाइज अलग-अलग ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के अधिकारी टीमें लगाकर घर-घर जाकर सर्वे कराएं।

# कारगिल के अमर शहीदों को शत-शत नमन : मिश्रा

## पूर्व सैनिकों ने कारगिल शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**पूर्व** सैनिकों ने कारगिल शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों की वीरांगनाओं को पारितोषिक और बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा ने बतौर मुख्य वक्ता अपने संबोधन में कहा कि कारगिल के अमर शहीदों पर हमें गर्व है।

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में 12 सेक्टर फरीदाबाद में वार मेमोरियल पर भूतपूर्व सैनिकों के द्वारा कारगिल में शहीद हुए और सभी शहीद जो जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए शहादत दी उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ब्रिगेडियर सेतिया, तिगांव विधायक राजेश नागर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारे सैनिक देश का गर्व और गौरव हैं। राष्ट्र के सच्चे प्रहरियों के कारण ही हम सभी आजादी की सांस ले पाते हैं। आज उनके शौर्य को उनके बलिदान को शत शत नमन करने का दिन हैं।

कार्यक्रम अध्यक्ष ब्रिगेडियर एस.एन सेतिया, मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर, मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता राजकुमार शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन करतार सिंह ने किया। इस अवसर पर सम्मिलित होने वाले सदस्य विंग कमांडर हरिचंद मान, विंग कमांडर सत्येंद्र दुग्गल, लेफ्टिनेंट राजेंद्र सिंह, कमांडर ओमप्रकाश, कमांडर बीएम त्यागी, सूबेदार सतीश नागर, सूबेदार कर्मचंद, हवलदार तेजी,ओ उदय सिंह, सूबेदार करमचंद, उदयवीर, सतबीर, रामफल, सूबेदार तेजपाल, हवलदार करतार सिंह सहित जिला सैनिक बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## स्टार ऑफ द वीक चुने गए मोती और नवीन

**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा विभाग में एक बेहतरीन पहल की गई है। जो कर्मचारी अपने काम को बेहतर ढंग से व पारदर्शिता से करेगा, उसे स्टार ऑफ द वीक घोषित किया जाएगा और उसका नाम बोर्ड पर लिखा जाएगा। पिछले सप्ताह के स्टार असिस्टेंट मोती सागर व नवीन चौधरी को घोषित किया गया है। शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी ने बताया कि सीएम विंडो, पीएम पोर्टल और सोशल मिडिया का काम डिप्टी डीईओ आनंद सिंह की देखरेख में हो रहा है। इनके अधीन असिस्टेंट मोती सागर और कर्मचारी नवीन कार्य कर रहे हैं। डिप्टी डीईओ के मार्गदर्शन में दोनों ने पिछले सप्ताह सीएम विंडो, पीएम पोर्टल और सोशल मिडिया से संबंधी कोई भी शिकायत नहीं छोड़ी। सभी शिकायतों का निवारण किया गया है। नवीन तकनीकी मामले में बेहतर कार्य करते हैं। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह ही स्टार ऑफ द वीक शुरू किया, जिसमें उक्त दोनों ने उम्दा कार्य किया है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने एक पौधा शहीद के नाम लगाया

**फरीदाबाद।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने सेक्टर-12 स्थित अपने कार्यालय पर एक पौधा शहीद के नाम से लगाया। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि कारगिल विजय दिवस वो दिन जब भारत की सेना ने पाकिस्तान को खदेड़ भगाया, और टाइगर हिल पर तिरंगा लहराया। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल-द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्रों को वापस लेने के लिए भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन विजय शुरू किया था। कारगिल युद्ध में सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान को याद करने के लिए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। सुरेन्द्र शर्मा बबली ने कहा कि युद्ध में भारत के 527 सैनिक शहीद हुए। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों की याद में ही हमने एक पौधा शहीद के नाम लगाया है जो हमेशा देश पर मर मिटने वाले सैनिकों की याद दिलाता रहेगा और युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करता रहेगा। चिम्मनलाल, संजय शर्मा, हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, चन्द्रशेखर, रामजीलाल, रामानुज, योगेश, आशीष, रवि, नवीन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दवा निर्माताओं ने रखी अपनी समस्याएं

**फरीदाबाद।** सेक्टर-17 में प्रोग्रेसिव आयुष मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन की ओर से आयुष हरियाणा लाइसेंसिंग अथारिटी डा.दिलीप मिश्रा के स्वागत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। मौके पर दवा निर्माताओं ने अपनी समस्याएं रखी। कार्यक्रम में आयुर्वेद के क्षेत्र में सराहनीय कार्य लोगों को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. दिलीप मिश्रा ने कहा कि कोरोना में आयुर्वेद का योगदान रहा है। आयुर्वेद में कई दवाएं ऐसी हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर व्यक्ति को शारीरिक रूप से मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि सभी दवा निर्माता सरकार द्वारा निर्धारित मानकों को अवश्य पूरा। दवाओं की पैकिंग पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जिन कंपनियों में दवा हाथों से पैक की जाती है, वह ग्लव्स और सिर पर कैप अवश्य लगाएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। इस दौरान पवन भाटिया, गुलशन कुमार, भरत यादव सहित 36 दवा निर्माता कंपनी के प्रतिनिधि शामिल थे।

## 262वां तेरापंथ स्थापना दिवस और शपथ ग्रहण समारोह

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार तेरापंथ युवक परिषद फरीदाबाद के सत्र 2021-22 के नव मनोनीत अध्यक्ष राजेश जैन ने सभा अध्यक्ष रोशन बोरड़ से शपथ ग्रहण की। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम जैन संस्कार विधि से संपादित किया। स्थानीय तेयुप अध्यक्ष राजेश जैन ने सत्र 2021-22 की नव गठित पूरी कार्यसमिति टीम की घोषणा करते हुए सभी को शपथ दिलाई। तेयुप अध्यक्ष राजेश जैन ने किशोर मंडल संयोजक दिव्यांश नाहटा व सदस्यों को शपथ दिलाई। मुकेश जैन को उपाध्यक्ष प्रथम, विवेक बैद को उपाध्यक्ष द्वितीय, विनीत बैद को मंत्री, जितेंद्र लुनिया को सह मंत्री प्रथम, गौरव आंचलिया को सह मंत्री द्वितीय, लोकेश चोपड़ा को कोषाध्यक्ष व आदित्य बांठिया को संगठन मंत्री के रूप में चयनित किया। अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि संगठन अभातेयुप द्वारा निर्देशित सेवा, संस्कार और संगठन के कार्यों को पूर्ण समर्पण के साथ करने हेतु दृढ़ संकल्पित है। अभातेयुप रक्तदान के क्षेत्र में विश्व व्यापी पहचान रखती है, तेयुप फरीदाबाद, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकार्ड्स, इंडिया बुक को रिकार्ड्स आदि में अपना नाम दर्ज कराने वाली अभातेयुप की शाखा परिषद है और रक्तदान के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर भी विशिष्ट कार्य होता है। परिषद लोगों का मरणोपरांत नेत्रदान कराने का प्रयास करती है और इस क्षेत्र में भी अच्छा कार्य करने हेतु परिषद संकल्पित है। कार्यक्रम में सभा,महिला मंडल, अणुव्रत समिति, सभी संस्थाओं के पदाधिकारी व समाज के श्रावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन व आभार ज्ञापन विनीत बैद ने किया।

## भारतमाता के शूरवीर सपूतों को जेआरसी ने दी श्रद्धांजलि

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रास, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने प्राचार्य व ब्रिगेड प्रभारी रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में कारगिल विजय दिवस की बाइसवीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना के जवानों को बारंबार नमन करते हुए और शहीद हुए पांच सौ सत्ताइस जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जेआरसी और एसजेएबी प्रभारी प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा कारगिल युद्ध की पराक्रम गाथा अमिट रहेगी कि किस प्रकार से पाकिस्तान द्वारा धोखे से किए गए वार और ऊंचाई पर होने बाद भी भारतीय सेना के बहादुर जवानों ने अपनी जान पर खेल कर पाकिस्तानी सेना को धूल चटाते हुए भागने पर मजबूर कर दिया। हर भारतीय को अपने बहादुर सैनिकों पर गर्व करने का अधिकार है। रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने देश पर सर्वस्व न्योछावर करने वाले जवानों के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा और एक्टिविटीज कॉर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर ने छात्राओं नेहा, संध्या और ताबिंदा द्वारा कारगिल युद्ध पर बनाए गए पोस्टर्स की सराहना की। उन्होंने भारत माता के शूरवीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारतमाता अपने शूरवीरों की सदैव ऋणी रहेगी।

## मंत्री मूलचंद शर्मा ने शोकाकुल परिजनों को दी सांत्वना

**फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा भाजपा फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष पंडित लखमीचंद भारद्वाज की दादी इमरती देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। उनके पैतृक गांव महमदपुर पृथला पहुंचे। शोकाकुल परिवार और गांव वासियों को को सांत्वना दी। इमरती देवी 97 वर्ष की आयु में स्वर्ग सिधार गई। वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गईं हैं। यहां पहुंच कर कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने लखमी चंद भारद्वाज व उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना देते हुए कहा कि आपकी दादी और हमारी प्रेरणा स्रोत इमरती देवी को देवाज्ञा होने पर हम सब गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। दुख के अवसर पर हम सभी आपके परिवार के साथ है और दिवंगत आत्मा को शान्ती प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## दस्तावेज के नाम पर छात्रों की जेब पर कैंची बर्दाश्त नहीं

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में छात्र हितों की मांग की। मांग को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिला मीडिया प्रभारी रवि पाण्डेय ने बताया की विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता निरंतर ही छात्र हित के मुद्दे हों या राष्ट्रहित के मुद्दे के लिए संघर्ष करते रहते हैं। अध्यक्ष कंचन डागर ने कहा एमडीयू द्वारा दस्तावेज के नाम पर महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की जेब पर कैंची चलाए जा रही है। अभाविप के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता को एमडीयू कुलपति, यूनिवर्सिटी, शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों से दस्तावेज जमा कराने के नाम पर छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है। जब की फीस 400 रुपये प्रति वर्ष महाविद्यालय छात्रों से फीस के नाम पर लिया जाता है। छात्र संघ सचिव गोतम वत्स ने कहा महाविद्यालय की लापरवाही की वजह से छात्रों की जीत पर 5000 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। करोना काल में वैसे ही आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि जल्द से जल्द अपने इस तुगलकी फरमान को वापस लिया जाए। छात्र नेता आदित्य मौर्य ने कहा जिन विद्यार्थियों के रिजल्ट अभी जारी नहीं किए हैं उनके रिजल्ट तुरंत जारी किए जाएं। गायत्री राठौर, दीपक भारद्वाज, अंशुल वशिष्ठ, सुमित, दीपक, अभिषेक, मोहित, सागर, अमन, शुभम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सावन के पहले सोमवार को शिवलिंग पर किया जलाभिषेक



गुरुग्राम में सावन माह के पहले सोमवार को पूजा करते श्रद्धालु।





सोहना में सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक करती महिलाएं।

### सावन माह के पहले सोमवार पर की भगवान शिव की गई आराधना

### शहर के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने को उमड़े शिव भक्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भोले** शंकर को समर्पित सावन माह का शुभारंभ हो गया है। सावन माह के पहले सोमवार को जहां श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर अपने ईष्ट देव भगवान शिव का जलाभिषेक कर आराधना भी की।

कोरोना महामारी के कारण अधिकांश श्रद्धालुओं ने अपने घरों में ही भगवान शिव की आराधना कर मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना भी की। हालांकि कोरोना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मंदिरों, शिवालयों व आश्रमों में श्रद्धालुओं को सीमित संख्या में जाने की अनुमति जिला प्रशासन ने दी हुई है। शहर के घंटेश्वर, सिद्धेश्वर, भूतेश्वर, गुफावाला मंदिर, सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण, श्रीराम मंदिर, सूर्य विहार के मां वैष्णो देवी मंदिर, प्रकाशपुरी आश्रम आदि में श्रद्धालु भी आराधना करने के लिए सीमित संख्या में पहुंचे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि भगवान शिव ही अकेले ऐसे देव हैं जो साकार और निराकार दोनो ही हैं। भगवान शिव के न तो आस्था हो सकती है और न ही पार्वती के बिना श्रद्धा। ये तीनों लोकों के अधिष्ठाता हैं। युवतियों ने भी सुयोग्य वर पाने के लिए बड़ी संख्या में श्रावण माह के सोमवार का व्रत रखा और भगवान शिव की आराधना की। शिवपुराण में उल्लेख है कि भगवान शिव स्वयं ही जल हैं, इसलिए जल व दूध से ही उनका अभिषेक किया जाता है। बताया जाता है कि इसी सावन माह में ही समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मंथन के बाद जो हलाहल विष निकला था, उसे भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की थी।

**वहीं दूसरी ओर सोहना** में भी सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव के मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया। सुबह चार बजे से ही शिव भक्तों ने मंदिरों में जाना शुरू कर दिया था। शहर के अंदर स्थित 10 से 12 शिव मंदिरों में सावन माह के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने भक्तों का पूरे दिन तांता लगा रहा। शहर के बालूदा मार्ग, पलवल मार्ग, दुर्गा कॉलोनी, त्रिपतकॉलोनी, सैनी धर्मशाला, गर्म पानी का शिव कुंड, अनुमान बगीची, फ्रेंड्स कॉलोनी, शिव कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी आदि में स्थित भगवान शिव के मंदिरों में जलाभिषेक के लिए एक दिन पहले ही पुजारियों ने तैयारियां कर ली थी। इसके साथ नगर परिषद के गांव रायसीना, खाईका, बालूदा, जखोपुर, सोहना ढाणी आदि में भी भक्तों ने शिव के मंदिरों में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। त्रिपत कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिक रामचन्द्र सैनी ने बताया कि सुबह चार बजे से ही भक्तों ने जलाभिषेक करने शुरू कर दिया था क्यों कि उन्हें शहर से बाहर ड्यूटी पर जाना था। जलाभिषेक करने वालों का तांता दोपहर तक लगा रहा। मेहनत चमनपुरी ने बताया कि भगवान शिव को भांग, धतूरा का भोग चढ़ाया गया।

## निगम पार्षदों के बताए कार्यों को प्राथमिकता से करें : विधायक

### मेयर और विधायक ने ली निगम पार्षद और अधिकारियों की बैठक

### नकारा और कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कठोर कार्रवाई



गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में निगम पार्षदों एवं अधिकारियों की बैठक लेते विधायक सुधीर सिंगला, मेयर मधु आजाद।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मेयर** मधु आजाद व विधायक सुधीर सिंगला ने सोमवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जोन-1 व जोन-2 क्षेत्र के निगम पार्षदों एवं अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की।

बैठक में निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निगम पार्षदों द्वारा बताए गए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को सुविधा हो।

मेयर मधु आजाद ने स्पष्ट रूप से कहा कि निगम पार्षद जनता के प्रतिनिधि हैं। इनके द्वारा जनता से जुड़े मुद्दे एवं कार्य ही अधिकारियों के समक्ष रखे जाते हैं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही ना करें तथा प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को करें। उन्होंने कहा कि काम नहीं करने वाले एवं कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के लिए गुरुग्राम में कोई जगह नहीं है तथा इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार को लिखा जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेयर मधु आजाद ने कहा कि अधिकारी जनता के प्रति अपनी जवाबदेही को भलीभांति समझ लें। वार्ड की जनता अपने कार्यों के बारे में निगम पार्षदों को कहती है तथा निगम पार्षद द्वारा जनता से जुड़े कार्यों की ही मांग अधिकारियों से की जाती है। अधिकारी जब भी किसी वार्ड में निरीक्षण करने जाएं, तो संबंधित निगम पार्षद को इसकी पूर्व सूचना दें तथा अगर निगम पार्षद के लिए संभव हो तो उसे साथ अवश्य लें।

उन्होंने कहा कि निगम पार्षद को अपने-अपने वार्ड की भौगोलिक जानकारी अधिक होती है, इसलिए अधिकारी जब भी किसी क्षेत्र की कोई योजना तैयार करें, ताकि निगम पाषज़्दों को इसमें जरूर शामिल करें। विधायक सुधीर सिंगला ने भी अधिकारियों से कहा कि वे गुरुग्राम के बेहतर विकास की ओर ध्यान दें तथा आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करें। अधिकारियों को चाहिए कि वे जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए कार्यों को प्राथमिकता दें।

## आयुध डिपो के प्रतिबंधित क्षेत्र की अवैध कॉलोनियों में चला पीला पंजा



गुरुग्राम के शीतला माता मंदिर के पीछे अवैध निर्माण गिराती जेसीबी।

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के क्षेत्र में अवैध कॉलोनाईजेशन के खिलाफ सोमवार को बड़ी कार्रवाई की गई। आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर पीला पंजा चला।

सहायक अभियंता (इनफोर्समेंट) सुनील कुमार, कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार की टीम सोमवार को जेसीबी एवं पुलिस बल लेकर आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में शीतला माता मंदिर के पीछे लगभग दो एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में पहुंचे। टीम ने जेसीबी की मदद से यहां पर रोड नेटवर्क, टीन शैड, डीपीसी स्तर के निर्माणों तथा चारदीवारियों को धराशायी कर दिया। हालांकि कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रण में रखा।

सहायक अभियंता ने विरोध करने वालों को समझाया कि न्यायालय द्वारा इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। न्यायालय के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जा रही है।

## नागरिक अस्पताल से सैकड़ों नागरिक बिना वैक्सीनेशन के बैरंग लौटे

### क्षेत्रवासियों ने हर दिन 400 टोकन दिए जाने की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में कोविड वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए सैकड़ों लोग बिना वैक्सीनेशन कराए ही घर बैरंग लौटने को विवश हो गए। सोमवार को पहली डोज के लिए मात्र 100 टोकन दिए गए।

क्षेत्रवासी टोकन की संख्या एक दिन में कम से कम 300 व अधिक से अधिक 400 किए जाने की मांग कर रहे हैं। नागरिक अस्पताल में छह दिन के बाद कोविड वैक्सीन सुरक्षा टीका लगवाने के लिए टोकन वितरण किए गए। टोकन लगने वालों की संख्या 250 से 300 के लगभग थी। जिसमें से मात्र 100 को ही टोकन मिला। 200 के लगभग नागरिक बैरंग अपने घरों को चले गए। जिन्हें एक से दो घंटा तक लाइन में लगना पड़ा। वैक्सीन का टीका लगवाने से पहले टोकन लेना होता है। जिसके लिए सुबह 6 बजे से लोगों ने टोकन लेने के लिए नागरिक अस्पताल में आकर लाइन में ढाई से तीन घंटा खड़ा होना पड़ा। लाइन में लगने वालों में पुरुष, महिलाएं व युवाओं की संख्या बराबर थी।



सोहना के नागरिक अस्पताल में कोविड वैक्सीन के लिए टोकन की लाइन के लिए लगी लाइन।

45 से कम उम्र की महिलाओं को भी लाइनों में अधिक देर तक खड़ा न हो सकने पर बैठ-बैठकर आगे बढ़ना पड़ा। दो से तीन घंटा का समय लाइन बैठकर, खड़े होकर पूरा करना पड़ा। शहर निवासी सुरेन्द्र का कहना है कि पहली व दूसरी डोज की संख्या बढ़ाई जाए। आज युवाओं को लाइन में लग कर अपना कीमती समय बरबाद करना पड़ रहा है। टोकन लेने के लिए दो से तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ रहा है। सोनू का कहना है कि युवाओं को रोजगार बहुत ही मुश्किल से मिल रहा है। रोजगार पर लगे युवाओं को अवकाश नहीं मिलता है। अवकाश करने पर उन्हे नौकरी से हाथ धोना तक पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि टोकन लेने वालों की संख्या से ज्यादा निराश लौटने वालों की है।

### जितना डोज मिल रही हैं उतनी लग रही हैं

**नागरिक** अस्पताल के कार्यवाहक एसएमओ डा. प्रवीण यादव ने बताया कि जिनता डोज उच्चाधिकारियों के आदेश पर मिल रहे है। वे उन्हे लगाने का कार्य कर रहे हैं। अधिक डोज मिलने पर अधिक लोगों को उसका लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने अलग-अलग जगह से छह वाहनों पर किया हाथ साफ

**पलवल।** चोर अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो कार, तीन बाइक व एक स्कूटी को चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता संजय काद्यान के अनुसार चोर न्यू कालोनी निवासी विजय की सेंट्रो कार व हरीश वधवा की ईको कार को कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत घर के बाहर से चोरी कर ले गए। इसी प्रकार अलावलपुर गांव निवासी बलजीत की बाइक को शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिविल अस्पताल से, मोती कालोनी निवासी राजीव कत्याल की स्कूटी को कालोनी से ही, मोहन नगर निवासी रोहताश सिंह की बाइक को आगरा चौक स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप से व आलापुर गांव निवासी मनी रंजन की बाइक को हाईवे स्थित ट्रेफिक थाने के समीप से चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हुआ युवक

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र से 25 वर्षीय युवक रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गया। पुलिस ने युवक की पीड़िता बहन की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी प्रदीप के अनुसार प्रकाश कालोनी निवासी सीमा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसका भाई महावीर बीती 17 जुलाई को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चला गया। जिसको काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका अब तक कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट कर धमकाने के आरोप में सात आरोपी किए नामजद

**पलवल।** चांदहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक परिवार पर लाठी-डंडा व लोहे की रोड से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस जांच अधिकारी सतपाल के अनुसार अलावलपुर गांव निवासी सुरेंद्र ने शिकायत दर्ज कराई है कि गांव निवासी सोरन, बच्चू, बच्चू की पत्नी, श्याम, लक्ष्मण, राजेश व विजय ने 23 जुलाई की शाम 5 बजे आपसी कहासुनी के बाद लाठी-डंडा व लोहे की रोड से परिवार पर हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चोरीशुदा बाइक समेत एक युवक काबू दूसरा हुआ फरार

**पलवल।** शहर थाना पुलिस ने एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार किया है, जबकि आरोपी का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बस स्टैंड पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई जयकिशन ने बताया कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक चोरीशुदा बाइक को लेकर बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। सोहना रोड की तरफ से मीनार गेट की तरफ आ रहे हैं। सूचना मिलते ही रेलवे रोड़ पर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए जिनको रुकने का इशारा किया गया तो सामने पुलिस को देख दोनों युवक बाइक को वापस मोड़ कर भागने लगे। जल्दबाजी में भागते समय बाइक असंतुलित होकर गिर गई। जिनमें से एक युवक को काबू कर लिया गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर गलियों से होता हुआ भागने में कामयाब हो गया। काबू किए गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम राजू चौहान व भागने वाले अपने साथी का नाम सुधीर निवासी गढ़ी मोहल्ला रेसरी वार्ड नंबर-233 तहसील खैर जिला अलीगढ़ बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भोंडसी थाना क्षेत्र में बाइक चोरों का मचा आतंक

**सोहना।** बाइक चोरों का आतंक अब शहर के साथ-साथ ग्रामीण आंचल में भी बढ़ता जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में घरों से बाहर खड़ी बाइकें चोरी होने से लोग आतंकित हो रहे हैं। भोंडसी थाना क्षेत्र में बाइक चोरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। बाइक चोर घर, दुकान व लॉज के बाहर खड़ी बाइकों को पलक झपकते ही चोरी कर ले जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले तीन लोगों की दो दिन बाइकें चोरी हो गईं। 22 जुलाई को धुनेला में स्थित सेंट्रल पार्क में नौकरी करने वाले राजबीर सिंह की बाइक चोरी हो गई। इसी दिन भोंडसी में स्थित पीजी में रहने वाले मूलरुप से उत्तर प्रदेश निवासी प्रदीप कुमार पुत्र राम निवास की बाइक चोरी हो गई। प्रदीप ने बताया कि उसने 21 की सायं बाइक को पीजी के बाहर खड़ा किया था। 22 जुलाई की सुबह उठकर देखा तो उसकी बाइक मौके से गायब थी। पलवल निवासी हरकेश पुत्र मामचंद ने भोंडसी थाना में बाइक चोरी का मामला दर्ज कराया है। हरकेश ने बताया कि उसने सेंट्रल पार्क में बाइक को खड़ा करके अपना काम करने लगा। छुट्टी के समय सायं छह बजे वह बाइक के पास आया तो वहां से गायब थी।

### मंडी में सफाई न होने पर ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस दिया

**सोहना।** मार्केट कमेटी ने अनाज मंडी में सफाई व्यवस्था सही न होने पर ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलने के बाद अनाज मंडी में लगे कूड़े के ढेरों का सफाया हो गया है लेकिन ठेकेदार ने मार्केट कमेटी विभाग को नोटिस का जबाव नहीं दिया है। अनाज व सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था सही न होने के कारण मार्केट कमेटी विभाग ने शनिवार को कारण बताओ नोटिस ठेकेदार को दे दिया था। जिसमें ठेकेदार को सात दिन के अंदर नोटिस का जबाव मांगा है। मार्केट कमेटी द्वारा सफाई ठेकेदार को नोटिस दिए जाने के बाद अनाज व सब्जी मंडी में कूडे के ढेरों का सफाया हो गया है। रविवार को ठेकेदार द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए कूड़े के ढेरों का सफाया किया गया। मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार ने बताया कि ठेकेदार द्वारा नोटिस का जवाब सोमवार तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। जल्द ही दूसरा नोटिस दे दिया जाएगा।

## चूहड़पुर के ग्रामीणों को पांच दिन बाद मिली पेयजल आपूर्ति

एन. रोहिल्ला। सोहना

**गांव** चूहड़पुर के निवासियों को पांच दिन के बाद पीने के पानी की सप्लाई मिल सकी है। बिजली व ट्यबवेल के स्टार्टर में तकनीकी खराबी के कारण पेयजल सप्लाई ठप पड़ी हुई थी। जिसकी शिकायत एक युवक ने ट्वीटर पर उपायुक्त समेत प्रदेश के मुख्यमंत्री को थी।

गांव चूहड़पुर में पिछले पांच दिन से पेयजल सप्लाई ठप होने से ग्रामीण पीने के पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे थे। ग्रामीण गांव में लगे निजी सबमर्सिबलों से पीने का पानी भर रहे थे। पानी दूसरे घरों से लाने की मजबूरी के कारण यहां के निवासी भीष्म और अन्य लोग गर्मी के मौसम में एक समय ही स्नान कर रहे थे। मवेशियों को पानी पिलाने के लिए सिर मटके रखकर ला रहे थे। यहां के निवासी व गांव का चौकीदार बिजेन्द्र ने बताया कि निवर्तमान सरपंच राजबीर के पास ट्यूवबेल की चाबी रहती है। पांच दिन से लगा ताला एक बार भी नहीं खुला है। जिसको खोलने व पानी सप्लाई करने की मांग ग्रामीण राजबीर से करते रहे हैं।



रविवार को पांच दिन के बाद पेयजल की मिली आपूर्ति से पानी भरते ग्रामीण। इनसेट में सोहना के गांव चूहड़पुर में बोरवेल के स्टार्टर पर पांच दिन लटका ताला।

### ट्विटर पर की शिकायत

**पांच** दिन तक पेयजल सप्लाई ठीक न होने से परेशान यहां के निवासी योगेश कुमार ने उपायुक्त व प्रदेश के मुख्यमंत्री को ट्वीट करके गांव में छाया पेयजल संकट की शिकायत दर्ज कराई। योगेश ने ट्वीट करके बताया कि गांव के लोग गर्मी के मौसम में पानी को कैसे तरस रहे हैं।

### तकनीकी खराबी से परेशानी

**निवर्तमान** सरपंच राजबीर ने बताया कि ट्यूबवेल कनेक्शन का फ्यूज खराब होने तथा स्टार्टर खराब होने के कारण गांव में पेयजल सप्लाई ठप बनी हुई थी। पिछले दिनों हुई बारिश से आई टू फेश लाइट से ट्यबवेल का स्टार्टर खराब हो गया था। अब उसे ठीक करा दिया गया है। रविवार की शाम को गांव में पेयजल सप्लाई दे दी गई।

## कलाकार गीतों, भजनों व रागनियों से कर रहे जल संरक्षण का आह्वान

**गुरुग्राम।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल के आदेशानुसार एवं उपायुक्त डा. यश गर्ग के मार्गदर्शन में जिला में आजादी अमृत महोत्सव तथा जल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय प्रचार अमले द्वारा सोमवार को जिला के 10 से अधिक गांवों में गीतों, भजनों व रागनियों के माध्यम से वीर शहीदों की गौरव गाथा व देश की आजादी में उनके योगदान तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया गया।

कलाकारों द्वारा ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि ज्ञात अज्ञात महान क्रांतिकारियों व शहीदों के बलिदान की बदौलत हमने आजादी हासिल की है। युवा देश के वीर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लें और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में भूमिका निभाएं। अगर बच्चे सभ्य व सुसंस्कारी होंगे तो सभ्य समाज व सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

## मिली-जुली हैं भारत-नेपाल की संस्कृतियां: इंद्रेश कुमार

### देश की एकता, अखंडता बनाए रखना है जरूरी

### गुरुग्राम पहुंचे भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आरएसएस** के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक माननीय इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत और नेपाल हिंदू धर्म एवं बौद्ध धर्म के संदर्भ में समान संबंध साझा करते हैं। बुद्ध का जन्मस्थान लुम्बिनी नेपाल में है और उनका निर्वाण स्थान कुशीनगर भारत में स्थित है। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां नेपाली संस्कृति अंतरराष्ट्रीय परिषद की ओर से आयोजित चतुर्थ भानु सम्मान पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कही।



गुरुग्राम में नेपाली संस्कृति अंतरराष्ट्रीय परिषद की ओर से आयोजित चतुर्थ भानु सम्मान पुरस्कार समारोह में अग्रणी लोगों को सम्मानित करने के बाद खड़े आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है। भारत-नेपाल की खुली सीमा दोनों देशों के संबंधों की विशिष्टता है, जिससे दोनों देशों के लोगों को आवागमन में सुगमता रहती है। दोनों देशों के बीच 1850 किलोमीटर से अधिक लंबी सांझा सीमा है, जिससे भारत के पांच राज्य-सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड जुड़े हैं। भारत और नेपाल के बीच सीमा को लेकर कोई बड़ा विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए हर भारतीय को काम करना चाहिए। सबसे पहले हमारी लिए हमारा राष्ट्र होना चाहिए। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां नेपाली संस्कृति अंतरराष्ट्रीय परिषद की ओर से आयोजित चतुर्थ भानु सम्मान पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कही। माननीय इंद्रेश कुमार ने आगे कहा कि राष्ट्र के सम्मान में हम सबको अपना अहम योगदान देना चाहिए। हम अपनी भावी पीढ़ियों को जीवन में कामयाबी के साथ राष्ट्र भक्ति भी सिखाएं। श्री इंद्रेश कुमार ने ओलंपिक में गये खिलाड़ियों के विजयी होने की कामना की। उन्होंने कहा कि कोई भी खिलाड़ी दूसरे को हराने के लिए नहीं, बल्कि खुद जीतने के लिए खेलता है। यह खिलाड़ी का गुण होता है। उन्होंने मेडल जीतने वाली खिलाड़ी चानू को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने देश का सम्मान बढ़ाया है।

इस अवसर पर गुड़गांव के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम शहर में भी पूरा भारत बसता है। हर राज्य के लोग यहां पर किसी न किसी संस्थान, कंपनी में काम करते हैं। इसलिए यहां पर कई संस्कृतियों का मिश्रण है। सभी में इतनी एकता, भाईचारा है कि यहां शांति के साथ उद्योग-धंधे चल रहे हैं। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार विधायक सुधीर सिंगला के आवास पर भी पहुंचे। इस दौरान उनका परिवारजनों, कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर मंच के राष्ट्रीय मंत्री प्रमोद गोयल व मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, झारखंड यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. एमके वाजपेयी, सम्मानित अतिथि नेपाल संस्कृति परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष अशोक चौरसिया, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता डा. विजय जौली एवं गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला रहे।

# आधा दर्जन वार्डों में बीस दिन के अंदर मिलेगा पेयजल: पार्षद

**पायनियर समाचार सेवा।** पुन्हाना

### जुबेर खान ने कहा, वार्ड के लोगों की जल्द दूर होगी पेयजल समस्या

**शहर** के लगभग आधा दर्जन वार्डों के लोगों की पानी की समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा वार्ड नम्बर पांच में लगभग 70 लाख की लागत से नौ लाख लीटर पानी की क्षमता का टैंक तैयार किया जा रहा है। जिसका जल्द ही काम पूरा हो जाएगा। ये जानकारी देते हुए वार्ड के पार्षद व चैयरमैन पद के भावी उम्मीदवार जुबेर खान ने बताया कि पुन्हाना शहर में पानी की समस्या को देखते हुए उन्होंने विभाग के अधिकारियों व भाजपा सरकार के प्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्या उनके समक्ष रखी। जिस पर संज्ञान लेते हुए भाजपा पदाधिकारियों के सहयोग व जनस्वास्थ्य विभाग की मेहनत से शहर के वार्ड पांच में वाटर टैंक मंजूर किया गया है। जिस पर कार्य शुरू हो चुका है। पार्षद जुबेर खान ने बताया कि लगभग सत्तर लाख की लागत से बनाये जा रहे इस वाटर टैंक की नौ लाख लीटर पानी की क्षमता है। जिसमें प्रतिदिन रैनीवेल लाइन द्वारा पीने का पानी एकत्रित करके लोगों को सप्लाई किया जाएगा।

जिससे शहर के लगभग आधा दर्जन वार्ड के लोगों को पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। निर्माणाधीन वाटर टैंक का कार्य 20 दिन में पूरा हो जाएगा। लोगों को इसकी सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके अलावा जल्द ही दूसरे टैंक का निर्माण प्रजापति चौपाल के समीप किया जाएगा। जिससे अन्य वार्डों में भी पानी की समस्या नही रहेगी। साथ ही शहर की पुरानी पाइप लाइन को बदलवाने व जिन वार्डों में पेयजल लाइन नहीं है।

उनमें पाइप लाइन डलवाने के लिए विभाग के समक्ष रखा जाएगा। पार्षद जुबेर खान ने बताया कि शहर में लोगों की सबसे अधिक समस्या बिजली, पीने के पानी व गंदे पानी की निकासी इत्यादि है। जिनको लेकर वे पूरी तरह प्रयासरत है।


निर्माणाधीन टैंक।


पार्षद जुबेर खान।

# 51 लाख रुपये के इंटरलॉकिंग रास्तों का विधायक नायर ने किया उद्घाटन

### विधायक जगदीश नायर बोले, सरकार की कथनी व करनी में कोई फर्क नहीं

**कैलाश मंगला।** होडल

**वर्तमान** सरकार की कथनी व करनी में कोई फर्क नहीं है। हमारी सरकार ने जनता से जो वायदे किए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा उन सभी विकास कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण किया जा रहे हैं। ये बातें होडल के विधायक व भूमि सुधार एवं विकास निगम हरियाणा के चेयरमैन जगदीश नायर ने आज होडल में 51 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे रास्तों के उद्घाटन के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहे।

विधायक जगदीश नायर ने रविवार को होडल विधानसभा क्षेत्र में 51 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग रास्तों का नारियल फोडकर उद्घाटन किया। विधायक ने गांव शेषसाई मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा रास्ते पर इंटरलॉकिंग टाइलों से बनाए जा रहे रास्ते का विधिवत उद्घाटन किया। जिस पर सात लाख रुपये की लागत आई है।

उन्होंने बताया कि इस रास्ते के बन जाने से खीरसागर परिक्रमा जोकि यहां के लोगों की काफी पुरानी मांग थी। अब परिक्रमा लगाने वालों लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। यहां ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष ग्रिल लगाने, कम्युनिटी सेंटर व बंजारा रास्ता को पक्का करने की मांग रखी जिस पर विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनके सारे काम जल्द ही पूरे करा दिए जाएंगे।

विधायक जगदीश नायर ने बताया कि गांव बांसवा में पीडब्ल्यूडी रोड से नाले तक 14 लाख रुपये की लागत से रास्ता बनाया गया है जिससे लोगों की आने-जाने में हो रही परेशानी दूर होगी। इसके अलावा गांव खिरवी से हताना उत्तर प्रदेश जाने वाले रास्ता 30 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है वहीं गांव बंचारी में लगभग एक किलोमीटर लम्बा रास्ता जिस पर 27 लाख रुपये की लागत आई है। जिससे गांव के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। नायर ने ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा होडल में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है।

विधायक नायर ने जनता से आह्वान किया कि बरसात का मौसम चल रहा है ऐसे में हम सभी को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। क्योंकि पौधा लगाने से पर्यावरण अच्छा रहता है तथा हम सभी को ऑक्सीजन व बरसात की कमी नहीं होती। इस दौरान ग्राम वासियों ने विधायक वह अन्य आए हुए अतिथियों का फूल माला व पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर नेहरू अधिवक्ता, मोनू कालरा, पूर्व पार्षद चंदन सिंह, सेवली के सरपंच विरेंद्र सौरोत, मंडल अध्यक्ष प्रेम राज, भगत सिंह बैनीवाल, पूर्व सरपंच भूपराम के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति ग्रामीण मौजूद थे।


होडल क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्घाटन करने विधायक जगदीश नायर।

# किसान और खेतीहर मजदूरों के लिए जीवन सुरक्षा योजना लागू: डा. यश गर्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### आकस्मिक मृत्यु पर योजना में वित्तीय सहायता देने का है प्रावधान

**किसान** एवं खेतीहर मजदूरों को दिन-रात खेत-खलिहानों में काम करना पड़ता है। उन्हें 24 घंटे कई तरह की दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। ऐसे में अगर परिवार के कमाऊ सदस्य की अकाल मौत हो जाए तो पूरे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाता हरियाणा सरकार द्वारा ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाने के लिए मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर जीवन सुरक्षा योजना चलाई जा रही है।

उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने कहा कि ने कहा कि किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए लागू कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए है ताकि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले और कोई भी इससे वंचित ना रहे। इस योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि अगर कृषि कार्यों के दौरान खेतों, गांवों, मार्किट यार्ड तथा ऐसे स्थानों से आते-जाते समय कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इस योजना के तहत मार्किट कमेटी द्वारा पीड़ितों को वित्तीय सहायता दी जाती है। योजना के तहत दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर पांच लाख रुपये, रीढ़ की हड्डी टूटने या स्थायी अशक्तता होने पर ढाई लाख रुपये, दो अंग भंग होने पर या स्थायी गंभीर चोट होने पर 1,87,500 रुपये की सहायता दी जाती है। इसी प्रकार एक अंग भंग होने या स्थायी चोट लगने पर सवा लाख रुपये, पूरी उंगली कटने पर 75 हजार रुपये, आंशिक उंगली भंग होने पर 37 हजार रुपये की राशि मार्केट कमेटी के माध्यम से दी जाती है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के मामले में आर्थिक सहायता हेतु दावा करने के लिए पुलिस रिपोर्ट व पोस्टमार्टम का होना जरूरी है।

# नपा चेयरमैन पद के लिए उम्मीदवार तैयारियों में जुटे

**पायनियर समाचार सेवा।** पुन्हाना

### प्रदेश की 45 नगरपालिका और नगरपरिषद भंग होने की घोषणा से मची है खलबली

**प्रदेश** की 45 नगरपालिका व नगरपरिषद भंग होने की घोषणा के बाद से ही पुन्हाना नगरपालिका क्षेत्र से चेयरमैन पद की तैयारी के लिए उम्मीदवार अपने स्तर पर जुट गए हैं। प्रशासन जहां चुनाव प्रक्रिया शुरू करते हुए वोटों के काम काज में जुटा हुआ है, वहीं उम्मीदवार भी अपनी धीमी रफ्तार से वोटों को एकजुट करने में लगे हैं।

इस बार नगर पालिका के चुनाव में अलग ही धमाल देखने को मिलेगा, क्योंकि इससे पहले होने वाले चुनावों में पार्षदों द्वारा प्रधान का चयन किया जाता था, लेकिन इस बार जनता ही प्रधानी का ताज पहनाएगी। अब देखना ये है कि विकास के नाम जनता किसको अपना प्रतिनिधि चुनेगी। इस चुनाव को लेकर जनता में पूरा उत्साह इसलिए भी है विकास के लिए इस बार उनका वोट सीधा प्रधान के लिए जाएगा। अब तक पार्षद चुनने के बाद इलाके का विकास नही होने के कारण क्षेत्र पिछड़ा ही रहा।

पुन्हाना नगर पालिका क्षेत्र से पूर्व चेयरमैन समसुद्दीन, पूर्व चैयरमैन हाजी सद्दीक के पुत्र जुबेर खान पार्षद, पूर्व वाइस चेयरमैन बलराज सिंगला, पूर्व पार्षद अजय स्वरूप गोयल के पुत्र आशीष गोयल अभी चुनावी चर्चाओं में है। समसुद्दीन पूर्व चेयरमैन पूर्व राज्यमंत्री रहीश खान का आशीर्वाद प्राप्त है तो रहीश खान के दामाद जुबेर खान पार्षद भी पूरी तैयारी के साथ मैदान में प्रधानी पद के लिए मेहनत कर रहे है।

इधर पूर्व चेयरमैन रहे कपूर चंद गोयल इस बार खुद प्रधानी का चुनाव ना लड़ने के मूड में है, बल्कि अच्छे प्रत्याशी को अपना समर्थन देने का मन बनाये बैठे है। इसके अलावा उनके परिवार से ही पूर्व पार्षद अजय स्वरूप गोयल के पुत्र आशीष गोयल अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत करते हुए इस बार चुनाव लड़ने के पूरे मूड में है। आशीष गोयल भाजपा के पदाधिकारी होने के साथ साथ युवा अग्रवाल समाज के संगठन को बतौर संरक्षक है। जो समाज व क्षेत्र के लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए हर समय तैयार रहते है।

# प्राचीन शिव मंदिर मार्ग से हटवाई जाए गंदगी

**फिरोजपुर झिरका।** कस्बा नगीना में सफाई व्यवस्था जनता के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है, क्योंकि सफाईकर्मियों के साथ कुछ कस्बावासी भी अपने घरों का कूड़ा सफाई के पश्चात कचरा को एकत्रित करके नगीना करहेड़ी मार्ग पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के नजदीक फेंक देते हैं। जिसकी वजह से इस मार्ग पर गंदगी का अंबार लग गया है। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं के साथ साथ आमजन व राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राचीन शिव मंदिर अस्थल कमेटी नगीना के अध्यक्ष किशन चंद गुप्ता, सर्वजातीय सेवा समिति के उपाध्यक्ष व सामाजिक नेता रजत जैन, पंडित नितिन दुबे ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर अस्थल के प्रति श्रद्धालुओं की असीम श्रद्धा व आस्था है। नगीना करहेड़ी मार्ग कस्बा का मुख्य मार्ग होने की वजह से इस मार्ग पर जनता की आवाजाही भी अधिक लगी रहती है, लेकिन इस मार्ग पर गंदगी के ढेरो से उठने वाली दुर्गंध की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ व्यक्ति इस गंदगी के साथ-साथ मरे हुए जानवर व पशुओं को भी फेंक जाते हैं।

# तावडू सीएचसी में वैक्सीन हुई खत्म गुस्साए लोगों ने काटा हंगामा

### स्वास्थ्य विभाग पर लगाया गुमराह करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**तावडू** सीएचसी के टीकाकरण केंद्र पर सोमवार को कोरोना वैक्सीन खत्म हो गई। वैक्सीन लगवाने टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे लोगों को जब वैक्सीन खत्म होने के बारे में पता चला तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इन लोगों ने स्वास्थ्य विभाग पर गुमराह करने का आरोप लगाया। इनमें ज्यादातर लोग आसपास के क्षेत्र में कम्पनी व फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर थे।

सोमवार को तावडू टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लगवाने पहुंचे दलिप, एमदीन, प्रमोद पांडे ,सुशीला, सावंती देवी व इमरती देवी सहित आदि महिलाओं व पुरुषों ने बताया कि वह सुबह 8 बजे ही टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच गए थे, लेकिन 11 बजे तक तावडू टीकाकरण केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। इस दौरान महिला और पुरुषों की टीकाकरण केंद्र पर लंबी कतार लग गई तो इनमें से कई लोग वैक्सीन लगवाने की जानकारी लेने के लिए इधर-उधर सीएचसी में भटकते रहे। लम्बा इंतजार करने के बाद जब टीकाकरण केंद्र पर कोई स्वास्थ्य कर्मी नहीं पहुंचा तो सीएचसी परिसर में मौजूद स्टाफ से टीकाकरण के बारे में पूछा तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। लगभग 12 बजे उन्हें वैक्सीन खत्म होने की सूचना दी गई तो इन लोगों ने सीएचसी केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बार-बार स्वास्थ्य विभाग से वैक्सीन की स्थिति के बारे में पूछा गया लेकिन कोई स्पष्ट जवाब उन्हें नहीं दिया गया। इन लोगों ने बताया कि ज्यादातर बिलासपुर रोड व भिवाड़ी में कंपनी, वेयरहाउस व फैक्ट्रियों में काम करते हैं। जहां पर स्टाफ द्वारा उन्हें वैक्सीन लगवाने के बाद ही काम करने की अनुमति दी जा रही है। वैक्सीन नहीं लगने के कारण कई लोगों की सैलरी भी रुकी हुई है। इस दुविधा में फंसे होने के कारण वह आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। हंगामा कर रहे लोगों को जब सीएचसी स्टाफ द्वारा कोई आश्वासन नहीं दिया गया तो स्थानीय लोगों के द्वारा समझाकर शांत कराया गया। जिसके बाद वह बगैर वैक्सीन लगवाए बैरंग लौट गए।

इस बारे में तावडू सीएचसी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ देवेंद्र सोलंकी ने बताया कि सोमवार के दिन तावडू सीएचसी में केवल कोवैक्सीन की दूसरी डोज लगनी थी जिसके लिए पहले से ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस लगा दिया गया था, लेकिन बड़ी संख्या में टीकाकरण केंद्र पर पहुंचे लोगों ने नोटिस बोर्ड पर ध्यान नहीं दिया और हंगामा शुरू कर दिया।


तावडू टीकाकरण केंद्र पर वैक्सीन लगवाने के इंतजार में लोग।

# ग्राम दर्शन पोर्टल: पंचायती राज व्यवस्था में आएगी पारदर्शिता

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह

### डीसी ने दी ग्राम दर्शन पोर्टल की जानकारी

**डिजिटल** इंडिया-डिजिटल हरियाणा के तहत प्रदेश में ग्राम दर्शन पोर्टल की शुरूआत ग्रामीण विकास की दिशा में अहम कदम है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बात कही। ग्रामीण विकास को केंद्रित ग्राम दर्शन पोर्टल की जानकारी देते हुए डीसी ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक को अपने गांव की सही व पूरी जानकारी मिल सकेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का चहुंमुखी विकास ग्रामीण विकास से संभव है और इसी अवधारणा के साथ सरकार की ओर से ग्राम दर्शन पोर्टल का आगाज किया है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था की कार्यशैली में और अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने बताया कि एचटीटीपीएस: ग्राम दर्शन.हरियाणा.जीओवी.इन पर संपूर्ण जानकारी साझा की जा सकती है। उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आमजन को अपने गांव की ग्राम पंचायतों की सही कार्यप्रणाली का पता चल सकेगा। वे अपने गांव में पंचायत द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी ले सकेंगे। इस पोर्टल के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा सीएम विंडो पर जताई गई आपत्तियों की जानकारी का भी पता लग सकेगी।

उनका समाधान हुआ है या नहीं इसकी भी जानकारी पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध होगी। उपायुक्त ने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की सरकारी सेवाओं व सरकार की योजनाएं आम नागरिक तक पहुंचने बारे जानकारी भी हासिल हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से सरकार द्वारा लोगों को दी जाने वाली सरकारी सहायता समय पर मिल रही या नहीं और यह सहायता पात्र व्यक्ति को मिल रही या नहीं इसकी भी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की मांग या परेशानी है। वो सीधे तौर पर सरकार के पास पहुंचेगी। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक अपनी सभी प्रकार की परेशानियां सरकार को पहुंचा सकते हैं। ग्राम दर्शन पोर्टल सरकार और जनता को जोड़ने का एक सीधा माध्यम बन गया है। इससे आम नागरिकों को अपनी शिकायत देने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। कोई भी ग्रामीण अपने फोन के माध्यम से इस पोर्टल पर जाकर अपनी सभी प्रकार की शिकायत सीधे सरकार तक पहुंचा सकता है।

डीसी ने बताया कि इस पोर्टल पर की गई किसी भी प्रकार की शिकायत की जानकारी ग्रामीणों को सीधे एसएमएस से मिलेगी। उन्होंने बताया कि आमजन द्वारा की गई शिकायत या सुझाव की जानकारी भी उन्हें एसएमएस से मिलेगी। ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से ग्रामीणों की गई शिकायत के स्टेटस की जानकारी उनके रजिस्टर्ड मोबाईल फोन पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने बताया की इससे ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल से सभी ग्रामीण अपने गांव में हुए विकास कार्यों के लिए सुझाव व सरकारी की योजनाओं के बारे में अपने सुझाव भी सरकार तक पहुंचा सकते हैं।

इस पोर्टल पर ग्रामीण अपनी किसी भी प्रकार की मांग, सुझाव व शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। यदि किसी ग्रामीण को किसी भी प्रकार का सुझाव देना हो, या ग्रामीणों की किसी भी प्रकार की कोई मांग हो और इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो वह इस पोर्टल के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकता है।


उपायुक्त शक्ति सिंह।

# योगी जानते है मृत्यु केवल शरीर की होगी: साधना दास

**गुरुग्राम।** ज्ञानी योगी तो जानते हैं मृत्यु तो होती ही नहीं, केवल आत्मा शरीर छोड़ती है। धीरे-धीरे हम मृत्यु की ओर जा रहे हैं। शरीर थक रहा है। ढल रहा है। हर एक कदम संसार रूपी रंग मंच पर काम निपटा रहा है।

यह बातें महामण्डलेश्वर साधना दास महाराज ने गांव गढ़ी-हरसरू आश्रम में श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कही। उन्होंने कहा कि परिजनों, मित्रों, सबंधियों सभी के प्रेम के भ्रम टूटेंगे, जब शरीर अस्वस्थ होगा। चंदन सी काया जर-जर होगी। अहंकार के चोले ढलते जाएंगे। उस घड़ी हरी के चरणों को मनुष्य का मन तड़पने लगता है। उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा किये गये पिछले सभी अच्छे कर्मों के साथ पाप कर्म की क्षमा याचना मांगी जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### लूटपाट के मामले में लिप्त आरोपियों को रिमांड के बाद जेल भेजा

**होडल।** मुंडकटी थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे स्थित टोल-टैक्स पर हथियार दिखाकर नगदी लूटने के मामले में एक आरोपी को रिमांड के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस आरोपी के अन्य साथियों की धरपकड के लिए जगह-जगह दविश दे रही है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही लूटी गई नगदी बरामद करेगी। जांच अधिकारी एएसआई हाजिर खान ने जानकारी में बताया कि 9 अगस्त को देर रात बगैर नंबर प्लेट गाडी में सवार बदमाश टोल-टैक्स पर पहुंचे थे। इन बदमाशों में से एक बदमाश ने गाडी में हथियार निकालकर टोल-टैक्स पर फायरिंग शुरू कर दी थी तथा दूसरे बदमाश ने गाडी में से तलवार निकलकर टोल-टैक्स के बूथ पर बैठे कर्मचारी पर हमला कर दिया था। बदमाश यहां टोल-बूथ के कैश काउंटर में से 15410 रुपये की नगदी लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी गांव करमन निवासी अंकित उर्फ भोला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने भोला ने रिमांड के दौरान पूछताछ करने के बाद उसे सोमवार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि भोला के अन्य साथियों की तलाश में पुलिस जूटी है। उन्होंने बताया कि अन्य साथियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लूटी गई नगदी व हथियार बरामद करेगी।

### बाइक सवार बदमाश बाइक, मोबाइल व नगदी लूटकर फरार

**होडल।** नेशनल हाइवे गांव सराय के निकट बाइक सवार तीन बदमाश बाइक, मोबाइल फोन व एक हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। पीडित ने मामले की सूचना मुंडकटी थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। जंच अधिकारी हाजिर खान ने जानकारी में बताया कि गांव मोहना थाना बल्लभगढ निवासी भीमसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपने दो साथियों के साथ बाइक पर कोसी से बल्लभगढ की ओर लौट रहा था जैसे ही वह गांव सराय के निकट पहुंचा तो वहां एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने अपनी बाइक उसकी बाइक के आगे लगाकर उसे रोक लिया। उसने बताया कि उन बदमाशों का जब हमने विरोध किया तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और हमसे बाइक, मोबाइल फोन व एक हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने भीमड्क्षसह की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

### 295 जीआईएस विशेषज्ञों ने वेबिनार में ज्ञान किया साझा

**तावडू।** नगर में हरिद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय में बीते रविवार को ऑनलाइन राष्ट्रीय वेबिनार आयोजन हुआ। जिसमें जीआईएस एप्लीकेशन व कॅरियर आपॅर्चुनिटी से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। ये वेबिनार भूगोल विभाग व नेत्रा फाउंडेशन दिल्ली द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जीआईएस विशेषज्ञ कुल 295 महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने संबंधित विषय के बारे में अपने ज्ञान को साझा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य दिलबाग सिंह ने बताया कि वेबिनार में विभिन्न प्रकार के माध्यमों से जीआईएस के महत्व व उसकी वर्तमान समय में उपयोगिता व अनिवार्यता के बारे में विशेष रूप से चर्चा की गई। जीआईएस एक कंप्यूटर-आधारित उपकरण है। जो उपयोगकर्ता द्वारा की गई खोज को बनाने, स्थानिक और गैर-स्थानिक डेटा को संग्रहीत और संपादित करने, स्थानिक सूचना आउटपुट का विश्लेषण करने और इन कार्यों के परिणामों को नेत्रहीन रूप से साझा करने की तकनीक है। वहीं इसके माध्यम से खोज की गई तकनीक को मानचित्र के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन वेबिनार कार्यक्रम में जीआईएस विशेषज्ञ कुल 295 महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने संबंधित विषय के बारे में अपने ज्ञान को साझा किया। विशेषज्ञों के मुताबिक भूगोल विद्यार्थियों के लिए जीआईएस का तकनीकी ज्ञान होना जरूरी है। इस मौके पर नेत्रा फाउंडेशन के जियो इनफॉर्मेटिक्स विभाग के अध्यक्ष रविंद्र नाथ तिवारी द्वारा जीआईएस के विभिन्न क्षेत्रों में अनुप्रयोग को साझा किया गया।

### कारगिल में देश के वीर सैनिकों ने गढ़ी थी वीरगाथा : नरेंद्र पटेल

**नूंह।** कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नूंह और फिरोजपुर झिरका सहित जिले के अन्य इलाकों में कारगिल के शहीदों को याद करते हुए उन्हें नम आंखों से श्रद्धाजंलि दी। नूंह व फिरोजपुर झिरका के शहीदी पार्क पर शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए वीर बलिदानियों को श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा देश पर जान न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। वीरपूतों ने कारगिल युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर राष्ट्र के लोगों को गौरवांवित करने का काम किया। उन्होंने कहा आज पूरा देश कारगिल विजय दिवस की वर्षगांठ मना रहा है। ये दिवस तमाम भारतीयों को गौरवांवित होने का अहसास कराने वाला है। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केशव पंडित ने कहा कारगिल युद्ध हम सभी के लिए भावनात्मक क्षण था। हमारे जवानों ने दुर्गम और विषम परिस्थितयों का सामना कर देश की आन बान शान तिरंगा का सम्मान रखा और जीत हासिल की। उन्होंने कहा कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। 22 साल पहले भारतीय सैनिकों ने अपने शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान और उसके आतंकियों को धूल चटा दी थी। उन्होंने कहा वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की और देश को सुरक्षित होने का एहसास कराया। वहीं फिरोजपुर झिरका की शहीदी मीनार स्थित भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महामंत्री शिवा सोनी के नेतृत्व में युवाओं ने कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को याद किया और उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होंने कहा युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों को कई बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था।

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

**पायनियर क्लासीफाइड**

◆ नाम परिवर्तन ◆

Mamta Piplani w/o Rohit Piplani R/o H No -3E-34,Near Gita Bal Niketan School, NIT Faridabad. (HR) have declared that Mamta Piplani and Mamta Rani are same & one woman. Future i will be known as Mamta Piplani.

**नाम परिवर्तन**

मैं, ऊषा भारद्वाज पत्नी श्री पवन भारद्वाज निवासी 8ए, गांव लिबासपुर, दिल्ली-110042 बयान करती हूं कि मैं भारत की निवासी हूं ऊषा और ऊषा भारद्वाज दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है यानि मेरे है। मैंने अपना नाम ऊषा से बदलकर ऊषा भारद्वाज रख लिया हैं। भविष्य में किसी भी कार्य के लिए मुझे ऊषा भारद्वाज के नाम से जाना जाएं।

**नाम परिवर्तन**

मैं, पवन भारद्वाज पुत्र श्री महेंद्र कुमार निवासी 8ए, गांव लिबासपुर, दिल्ली-110042 बयान करता हूं कि मैं भारत का निवासी हूं पवन भारद्वाज और पवन कुमार शर्मा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है यानि मेरे है। मैंने अपना नाम पवन कुमार शर्मा से बदलकर पवन भारद्वाज रख लिया है। भविष्य में किसी भी कार्य के लिए मुझे पवन भारद्वाज के नाम से जाना जाएं।

**बेदखली सूचना**

मैं, किशन कुमार गोयल पुत्र सत्यवान गोयल निवासी हसनपुर उप तहसील हसनपुर जिला पलवल, हरियाणा अपने पुत्र अंकुर व पुत्रवधु नेहा को अपनी सभी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, क्योंकि उक्त दोनों अब मेरे कहने के अनुसार कोई कार्य नहीं करते हैं। आए दिन लडाई झगडा करते रहते हैं। उक्त दोनों अब अगर किसी के साथ लेनदेन, झगडा या कोई अनैतिक कार्य करते हैं तो स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का अब उक्त दोनों से कोई रिश्ता नहीं है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोविड की तीसरी लहर

## लापरवाही से बचें

**सभी** संकेत मिल रहे हैं कि कोविड-19 की तीसरी लहर आने वाली है। ऐसे में भारत को सुरक्षा बनाए रखनी चाहिए। कोविड-19 की दूसरी लहर के 25 जून से घटने की उम्मीद है, पर राहत की यह बात कुल मामलों की संख्या या महामारी-विरोधी रणनीतिकारों के प्रेक्षणों में नहीं दिखती है। राष्ट्रीय स्तर पर नए मामले 39,000 से अधिक हैं और उनकी संख्या बढ़ रही है। इसके साथ ही उच्चाधिकार प्राप्त रणनीतिक समूह ने सरकार से कह दिया है कि रोज आने वाले मामले 50,000 से अधिक हो सकते हैं। क्या सरकार को इसे तीसरी लहर की चेतावनी की तरह लेना चाहिए? पहली बार रणनीतिकारों ने प्रारम्भिक चेतावनी जल्दी दे दी है। पहली बार देश की कोविड-रोधी नीति का संचालन प्रशासन के बजाय सीधे वैज्ञानिक कर रहे हैं। इस परिवर्तन से दो संदेश जाते हैं। पहला, दूसरी लहर देश में काफी कमजोर हो गई है और यह मुख्यत: दो राज्यों-केरल व महाराष्ट्र तक सीमित है। दूसरा, 50,000 मामलों की सीमा पार होने का अर्थ चिकित्सा ढांचे पर दबाव बढ़ने की शुरुआत होगा। ऐसे में रणनीतिकार सुरक्षित रूप से अनुमान लगा रहे हैं कि भविष्य में लहर के शिखर पर रोज चार-पांच लाख मामले आएंगे तथा नए मामलों की सीमा लगभग दस गुना है। इससे केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों को स्पष्ट तस्वीर मिल जानी चाहिए कि अगले दो महीनों में उनको अतिरिक्त ढांचा किस तरह संगठित करना है।

ब्रिटेन के उदारहण पर गौर किया जा सकता है कि उसने नई स्थिति से निपटने के लिए क्या किया जब नए मामलों की संख्या 50,000 पार कर



गई। वर्तमान समय में पाजिटिव टेस्ट वालों की संख्या खतरनाक रूप से बढ़ रही है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में लगभग 6,50,000 लोग पाजिटिव पाए गए हैं। अस्पतालों में भर्ती लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकार ने सभी नियंत्रणों में ढील दी है। अब सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य नहीं रह गई है तथा कानून द्वारा फेस मास्क पहनना जरूरी नहीं रह गया है तथा लोगों के बड़े समूहों से प्रतिबंध हटा लिया गया है। पूर्ण अनलाक के लिए ब्रिटिश सरकार की आलोचना हो रही है, पर सरकार को संभवत: दो स्रोतों से विश्वास है। पहला, ब्रिटेन में 46 मिलियन से अधिक लोग या वयस्कों के 87.6 प्रतिशत को टीके की पहली खूराक मिल चुकी है तथा 35.5 मिलियन या 67.5 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। टीकाकरण की उच्च संख्या तथा संक्रमित व बिना टीका लगे लोगों में एंटीबाडी की उपस्थिति से संक्रमण की गंभीरता और अस्पताल में भर्ती की आवश्यकता कम होती है तथा मौत की संभावना घटती है। दूसरा, हजारों लोग एनएचएस कोविड एप का प्रयोग कर हर दिन एलर्ट के अनुसार स्वयं पृथक्कृत रहते हैं तथा पाजिटिव होने की स्थिति में दूसरों को सतर्क करते हैं कि उनके संपर्क में न आएं। उच्च स्तरीय टीकाकृत होने के कारण ब्रिटेन ने स्वयं को सुरक्षा प्रोटोकालों से अलग किया है, भले ही मामले बढ़ रहे हैं। भारत में टीकाकरण का स्तर कम है, प्रोटोकालों का उल्लंघन अधिक होता है तथा मामले बढ़ रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि टीकाकरण और सुरक्षा उपायों के प्रति लापरवाही के कारण वैश्विक महामारी की तीसरी लहर आना अवश्यंभावी है। ऐसे में टीकाकरण को गति देने के साथ सुरक्षा उपायों का कठोरता से पालन जरूरी है और भारतीय रणनीतिकारों को इस पर अवश्य जोर देना चाहिए।

# पुतिन के लिए सिरदर्द बनी चीन से दोस्ती

**1969 में, चीन ने साइबेरिया की उससुरी नदी पर कुछ द्वीपों का अधिग्रहण किया। अब, इसने पूरे साइबेरिया को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करना शुरू कर दिया है।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं प्रख्यात स्तम्भकार हैं)



पिछले महीने के अंत में, रूस और चीन ने अपनी मित्रता संधि को और पांच वर्षों के लिए नवीनीकृत किया। ऐसा लगता है कि कॉमरेड पुतिन चीन से संभावित खतरे को नज़रअंदाज़ कर एक खतरनाक गलती कर रहे हैं। वह केवल 17 वर्ष का था जब सोवियत संघ ने रूस के साइबेरिया (स्लीपिंग लैंड) में स्थित उससुरी नदी के पार सात महीने का मिनी-युद्ध लड़ा। बीजिंग की महत्वाकांक्षा कितनी बड़ी थी, यह कोई नहीं जानता, लेकिन सोवियत को हमलावर को एक निहित परमाणु खतरा बताना पड़ा। चेहरा बचाने के लिए, माओ ज़ेडॉन्ग ने अपने प्रीमियर झोउ एन लाई के माध्यम से पीपुल्स वॉर की धमकी दी, जिसका अर्थ था कि सैकड़ों-हजारों चीनी सैनिक सोवियत टैंकों को झुका देंगे, जैसा कि उन्होंने 1951-52 में कोरियाई युद्ध में अमेरिकियों के साथ किया था। चीनी नेता की सुविधा का विश्वास मशीन पर मनुष्य की श्रेष्ठता थी। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने सोवियत सैनिकों पर घात लगाकर उससुरी के द्वीपों में से एक पर युद्ध के अपने विचार का प्रदर्शन किया।

अंत में, चीन ने नदी पर काफी कुछ द्वीप प्राप्त किए, जो सोवियत संघ के लिए एक नुकसान थे। तार्किक रूप से, अधिक संघर्ष आगे है। चीन 1969 की तुलना में बहुत बड़ी परमाणु शक्ति है। उसकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ी हैं और वर्तमान संकेतों से, वह एक महाशक्ति बनना चाहता है। हमें यह याद रखना होगा कि साइबेरिया एक विरल आबादी के साथ 13 मिलियन वर्ग किमी से अधिक है, जबकि चीन लोगों के साथ उबल रहा है लेकिन कृषि योग्य भूमि की कमी है। संयोग से, येलो जाइंट ने न केवल उससुरी बल्कि अमूर और अर्गुन नदियों के बीच में कई सौ द्वीप प्राप्त किए। चीन को यह लाभ और यूएसएसआर द्वारा नुकसान दशकों की कठोर वार्ता के बाद हुआ जो 2004 में समाप्त हो गया।

जलवायु परिवर्तन और पृथ्वी के गर्म होने के साथ, साइबेरिया अधिक मेहमाननवाज बन सकता है। आज पूरे क्षेत्र को सर्दियों में बहुत कम तापमान के कारण शत्रुतापूर्ण माना जाता है। ग्लोबल वार्मिंग के साथ, साइबेरिया के चीन के कब्जे के लिए आकर्षक बनने की संभावना है। यह क्षेत्र कोयला, प्राकृतिक गैस, हीरे, लौह अयस्क, सोना और एल्यूमीनियम में समृद्ध है। साइबेरिया पर जबरन कब्जा करने वाले चीन के संभावित परिदृश्य को अब काल्पनिक या काल्पनिक के रूप में नहीं देखा जा सकता है। एक पश्चिमी स्तंभकार पैट्रिक प्रिंस्टन ने हमें सूचित किया कि एक चीनी पोर्टल जिंजी टुटियाओ ने एक लेख प्रकाशित किया, जिसके लेखक साइबेरिया को चीनी भूमि कहते हैं।

चीनी मीडिया नियमित रूप से रूसी शासक व्लादिमीर पुतिन की प्रशंसा करता है और वह कितनी चतुराई से पश्चिम को उसके स्थान पर रखता है। बस, बीजिंग के दृष्टिकोण से, रूस न केवल एक अच्छा दोस्त है, बल्कि एक उत्कृष्ट संभावित पुरस्कार भी है। दुनिया भर में कोई भी देश ऐसा नहीं है जो हमेशा मित्रवत हो या, इसके विपरीत, हमेशा एक-दूसरे के प्रति शत्रुतापूर्ण हो। अतीत में, मंगोलों द्वारा साइबेरिया पर विजय प्राप्त की गई थी और इसलिए, वास्तव में, चीनी क्षेत्र है। यह तेजी से चीन का परहेज बनता जा रहा है।

द न्यू यॉर्क टाइम्स के कॉलम ''व्हाई चाइना रिक्लेम्स साइबेरिया'' में जो बर्गेस एक कठोर परिदृश्य पेश करते हैं- एक भूमि के बिना लोगों के लिए लोगों के बिना भूमि, बर्गेस कहते हैं। भूमि उतनी ही संसाधन संपन्न और लोग-गरीब है जितना कि चीन इसके विपरीत है। उस तर्क का वजन क्रेमलिन को डराना चाहिए। प्यार की तरह, एक सीमा तभी वास्तविक होती है जब दोनों पक्ष उस पर विश्वास करते हैं। और चीन-रूसी सीमा के दोनों ओर, यह विश्वास डगमगा रहा है। साइबेरिया - रूस का एशियाई भाग, यूराल पर्वत के पूर्व में - विशाल है। यह रूस के भूमि द्रव्यमान का तीन-चौथाई हिस्सा लेता है, जो पूरे अमेरिका और भारत के बराबर है।

सीमा के दक्षिण में 1.35 अरब चीनी लोग रूस के 144 मिलियन लगभग 10 से 1 से अधिक हैं। यह विसंगति साइबेरिया के लिए और भी अधिक है, मुश्किल से 38 मिलियन लोगों का घर है, और विशेष रूप से सीमा क्षेत्र, जहां केवल छह मिलियन रूसी 90 से अधिक का सामना करते हैं। मिलियन चीनी। उस सीमा के पार अंतर्विवाह, व्यापार और निवेश के साथ, साइबेरियाई लोगों ने महसूस किया है कि, बेहतर या बदतर के लिए, बीजिंग मास्को की तुलना में बहुत करीब है। भूमि पहले से ही चीन को ''दुनिया का कारखाना'' प्रदान कर रही है, इसके अधिकांश कच्चे माल, विशेष रूप से तेल, गैस और लकड़ी के साथ। तेजी से, साइबेरिया में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों ने तैयार माल का मंथन किया जैसे कि यह क्षेत्र पहले से ही मध्य साम्राज्य की अर्थव्यवस्था का हिस्सा था। बीजिंग रूस की अपनी रणनीति का उपयोग कर सकता है- विवादित क्षेत्रों में सहानुभूति रखने वालों को पासपोर्ट सौंपें, और फिर अपने नागरिकों की रक्षा के लिए सैन्य रूप से आगे बढ़ें। यदि बीजिंग साइबेरिया को बलपूर्वक लेने का विकल्प चुनता है, तो मास्को इसे रोकने का एकमात्र तरीका परमाणु हथियारों का उपयोग कर सकता है।

इस साल 20 मई को प्रेस के साथ एक बैठक में, पुतिन ने थोड़ी रंगीन भाषा का इस्तेमाल करते हुए, साइबेरिया के एक टुकड़े को भी काटने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के दांत तोड़ने की धमकी दी। वह निश्चित रूप से अमेरिका या पश्चिम के बारे में नहीं सोच रहा होगा। चीनी तानाशाह शी जिनपिंग ने पिछले साल ही पुतिन को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताया था।

लेकिन तमाम अच्छे-अच्छे बयानबाजी के बावजूद, चीन-रूस संबंधों की वास्तविकता उथली है। अमेरिका और मित्र देश क्वाड जैसे सामान्य मूल्यों या संरचनाओं के एक समूह के करीब आ गए हैं। रूस और चीन के मामले में दूर-दूर तक तुलनीय कुछ भी नहीं है; इस साझेदारी में, जो बिना किसी वास्तविक राजनीतिक एकीकरण के विशुद्ध रूप से लेन-देन है, रूस बहुत कनिष्ठ भागीदार है, चीन के साथ भौगोलिक रूप से विशाल, संसाधन-समृद्ध लेकिन कम आबादी वाले यूरेशियन पड़ोसी की नजर है।

# निजता पर हमला है पेगासस मामला

**प्रियंका चतुर्वेदी**
(लेखिका राज्यसभा सदस्य हैं)



पिछले सप्ताह न्यूजब्रेक इंटरनेशनल के सनसनीखेज खुलासे से पता चला कि इस्राइली जासूसी साफ्टवेयर पेगासस के माध्यम से 300 से अधिक भारतीयों की जासूसी हो रही है। इस साफ्टवेयर में फोन को हैक कर उसकी फाइलों, दस्तावेजों, वायस कार्ड तथा हैक व्यक्ति के वीडियो तक पहुंचने की क्षमता है। इस सूची में पत्रकार, विपक्षी नेता, एक्टिविस्ट व कैबिनेट मंत्री तक शामिल हैं। अधिकांश नाम अवस्थापना-विरोधी हैं और उनकी जांच की कहानियों ने सरकार की अनेक विफलतायें उजागर की हैं। पेगासस प्रकरण ने एक बार फिर निजता की अवधारणा तथा इस बात पर सवाल उठाए हैं कि राज्य किस सीमा तक निजता अधिकारों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत में जासूसी का इतिहास नया नहीं है, पर पहली बार रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में प्रयोग होने वाली संवेदनशील तकनीक का प्रयोग अनैतिक रूप से सरकार-विरोधी लोगों के संप्रेषणों तक पहुंचने के लिए हो रहा है। इस मामले का बचाव करने वाला कोई भी व्यक्ति लोगों के मूलाधिकारों को नुकसान पहुंचाने के खतरनाक रास्ते पर चलेगा।

यह विवाद सामने आने के बाद से ही आईटी मंत्री का एकमात्र बचाव यह है कि लोगों की निजता को सुरक्षा देने का कानून है तथा सरकारों द्वारा इसका पालन जरूरी है। भारत में निगरानी दो कानूनों-टेलीग्राफ एक्ट व इन्फर्मेशन टेक्नोलोजी एक्ट के अंतर्गत की जा सकती है। टेलीग्राफ एक्ट का संबंध आडियो काल रिकार्ड और उनको पकड़ने से है, आईटी एक्ट का संबंध सभी इलेक्ट्रानिक संप्रेषण से है। लेकिन दोनों कानूनों में कमियां हैं और केन्द्र द्वारा इनको दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इनके द्वारा विपक्षी स्वरों की निगरानी होती है और उनको खामोश करने का प्रयास किया जाता है। भारत लोकतांत्रिक देश है और जनता लोकतंत्र के केंद्र में होती है। पेगासस जैसी घटनायें नागरिकों के मूलाधिकारों में हस्तक्षेप हैं। हालांकि, संविधान में निजता के अधिकार का उल्लेख नहीं है, पर यह संविधान के विभिन्न प्राविधानों में अंतर्निहित है।

2017 में भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मत फैसले में माना है कि निजता का अधिकार मूलाधिकार है, जबकि केन्द्र सरकार ने इसके विपरीत राय रखी थी। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निजता का अधिकार अंतर्निहित है। पुट्टास्वामी फैसले के अनुसार, 'किसी व्यक्ति को अपने पर्सनल डेटा पर नियंत्रण का अधिकार है और इस पर तथा अपने जीवन पर नियंत्रण का अर्थ उसके जीवन तथा इंटरनेट पर उसके अस्तित्व पर नियंत्रण होगा।' निगरानी के मुद्दे में निजता की अनुपस्थिति स्वतंत्रता व गरिमा के आदर्शों में हस्तक्षेप है जिनकी कल्पना भारतीय संविधान ने की है और इससे देश के नागरिक के विकास में बाधा आती है। डिजिटल संप्रेषण के इस युग में 'शून्य निगरानी' का अर्थ निजता के अधिकार से जुड़ा है। पेगासस आरोप हमारे उन लोकतांत्रिक आदर्शों का हनन करते हैं जिन पर हमारा देश आधारित है। इससे देश की संप्रभुता खतरे में पड़ती हे तथा यह देश के लिए गंभीर चिन्ता का विषय है क्योंकि यहां नागरिकों के डेटा व निजता की रक्षा के लिए जवाबदेह संस्थागत ढांचा उपलब्ध नहीं है। विश्वसनीय, संप्रभु व जवाबदेह ढांचे की अनुपस्थिति ने पूरे देश को ऐसे साइबर खुलासों की दया पर छोड़ दिया है। जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता लाने वाला पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल अनेक विसंगतियों से भरा है और अभी स्थाई समिति उसकी जांच कर रही है। भारत में तेजी से डिजिटल संप्रेषण व बिजनेस बढ़ा है तथा स्मार्टफोन अब विशिष्टता के बजाय जरूरत बन गए हैं। कोविड-19 के कारण डिजिटलीकरण प्रक्रिया और तेज हुई है। सारी चीजें उंगलियों पर उपलब्ध होने के कारण संप्रभु राष्ट्र के लिए जरूरी हो गया है कि वह एक उपयुक्त संस्थागत ढांचा तैयार करे।



डिजिटल भारत में वर्ष 2025 तक 900 मिलियन इंटरनेट के सक्रिय प्रयोगकर्ता होंगे, लेकिन वह साइबर युद्ध के खतरे से परेशान है जिनका संचालन दूसरे देश कर सकते हैं। इसलिए व्यावहारिक है कि सरकार कठोर डेटा संरक्षण तथा निजता कानून बनाए तथा इनकी सुरक्षा के लिए एक ढांचा तैयार करे ताकि जनता के अधिकारों की सुरक्षा हो सके। स्मार्टफोन प्रयोग करने वालों की संख्या बढ़ने के साथ भारत में डेटा संरक्षण नीति होनी चाहिए। व्यवस्था में कमियों के कारण इस मुद्दे पर कोई जवाबदेही नहीं है कि डिजिटल डेटा का स्वामी कौन है। इस मामले में बिग बास जैसे रियलिटी शो पर गौर किया जा सकता है जहां हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है तथा आप इससे दूर नहीं हो सकते हैं।

डेटा में हस्तक्षेप का अर्थ लोगों से उनकी निजता और गरिमा छीनना हो सकता है। निगरानी में अनेक विपक्षी नेताओं के शामिल होने के कारण यह मामला राजनीतिक हो गया है और मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में रोज हंगामा हो रहा है। पारदर्शिता के हित में सरकार को इन आरोपों पर गौर करना चाहिए, पर वह इनको पूरी तरह खारिज करने में लगी है और अब तक उसने इसे भारत-विरोधी षडयंत्र बताया है। विभिन्न देशों द्वारा जासूसी मामले की जांच के बाद यह दृष्टिकोण हास्यास्पद लगता है। फ्रांस ने इसकी जांच के आदेश दिए हैं तथा इस्राइल ने एक वरिष्ठ अंतर-मंत्रालयी समूह इस पर गौर करने के लिए बनाया है। लेकिन भारत सरकार अपनी स्थिति का बचाव कर रही है। प्रशासन में सीज़र की पत्नी का सिद्धान्त लागू होता है कि शासन करने वाला संदेह से परे होना चाहिए। लेकिन सरकार लगातार भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। यह विवाद नीतिगत ढांचे की अनुपस्थिति के कारण है जिसका लाभ सत्तारूढ़ लोग उठा सकते हैं। संवैधानिक मानकों के प्रति यह लापरवाही ठीक नहीं है, भले ही सत्ता में चाहे जो हो। अनेक लोगों का मानना है कि संविधान में लिखित उनकी स्वतंत्रतायें एक-एक कर छीनी जा रही हैं। यह समय इस मुद्दे पर बोलने, अपने अधिकारों की सुरक्षा करने तथा अपने दायित्वों के पालन का है। सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ सकती है तथा झूठ बोल कर जवाबदेही से बचने का प्रयास नहीं कर सकती है। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता किसी के पास स्थाई नहीं होती है और उसे लोकतांत्रिक मानकों तथा संवैधानिक प्राविधानों का पालन करना चाहिए। देश के लोगों को यह अनुभव नहीं होने देना चाहिए कि उनके मूलाधिकार छीने जा रहे हैं। ऐसे अवसर पर खामोश रहने वालों के लिए बेंजामिन फ्रेंकलिन ने कहा था, 'जो लोग थोड़ी अस्थाई सुरक्षा के लिए आवयश्क स्वतंत्रता छोड़ देते हैं, उनको सुरक्षा या स्वतंत्रता नहीं मिलनी चाहिए।'

## आप की बात

### बच्चों की वैक्सीन

**देश** दुनिया में कोरोना महामारी ने लोगों को बर्बादी की राह पर लाकर छोड़ दिया। कोरोना की दूसरी लहर इतनी घातक सिद्ध हुई कि कही अपने कही रिश्ते मौत के आगोश में हमेशा हमेशा के लिए गहरी नींद सो गए। व अश्को के आंसुओ के सैलाब बह निकले। अब कोरोना की तीसरी लहर की संभावना व बच्चों की वैक्सीन की उम्मीद ये दोनों का तुलनात्मक विश्लेषण की सकारात्मक गवाही समय ही दे सकता है। परन्तु एम्स निदेशक डॉ गुलेरिया जी ने कहा कि कोवेक्सीन का परीक्षण अंतिम चरण में है । अगर सब कुछ ठीक रहा तो देश मे सितंबर तक बच्चों के लिए भी कोरोना रोधी वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। निश्चित यह उम्मीद उन माता पिता की चिंता की लकीरों को रोकेगी जो अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कोरोना की तीसरी लहर को लेकर चिंतित है। वर्तमान हालात पर नजर डाले तो कोरोना की रफ्तार नगण्य सी हो गई। व चिंताजनक हालात नही है। परन्तु आमजन व भीड़तंत्र के दृश्यों को देखा जाए तो लापरवाही का आलम व कोविड नियमो की अनदेखी तीसरी लहर को आमंत्रण की मौन स्वीकृति देती नजर आ रही है। समझ से परे लगता है कि लोग कोरोना को हल्के में लेकर पुन: लापरवाही बरतने लगे।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### देश की बात

**देश** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मनकी बात कार्यक्रम की79कड़ी में लोगो से आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मनाने की अपील किया। गांधीजी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन चलाया।आज भारत जोड़ो आंदोलन चलाने की जरूरत है। स्वदेशी उत्पादों का अधिकाधिक प्रयोग और स्थानीय उत्पादों को खरीदने की ओर आमजन का ध्यान होना चाहिये। प्रधानमंत्री के माई गाव पोर्टल पर युवाओं द्वारा अधिक सुझाव भेजे गए। प्रधानमंत्री ने देश मे राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिये याद करो कुर्बानी, अमृत महोत्सव महापुरुषों के नाम पर अनेक कार्यक्रम शुरू किये। लेकिन बढ़ती हुई महंगाई पर रोक, बेरोजगारी समस्या, आतंकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार और लचर प्रशासनतन्त्र के कारण कराहते देश की ओर ध्यान देने की जरूरत है। कोरोना महामारी से त्रस्त देश मे सरकार द्वारा हर सम्भव लोगों को सहायता उपलब्ध कराने का भागीरथी प्रयास किया गया। लेकिन प्रशासनतन्त्र ने सरकार का अपेक्षित सहयोग नही किया। अमृत महोत्सव देश के प्रशासनतन्त्र और प्रशासनिक अधिकारियों को सक्रिय, जवाबदेह बनाकर ही सफल हो सकता है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### हरित ऊर्जा की ओर

**कोविड-19** महामारी के कारण उत्पन्न आर्थिक और सामाजिक व्यवधान विनाशकारी साबित हुए हैं। लाखों उद्यमों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। महामारी के कारण अनौपचारिक अर्थव्यवस्था से सम्बद्ध कर्मी विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश समाज सुरक्षा और गुणवत्ता पूर्व स्वास्थ्य देखभाल पहुंच की कमी से प्रभावित हैं और अर्थव्यवस्था में उत्पादक आस्तियों और मांग तक अपनी पहुंच काफी कम है। भारत को वी आकार की रिकवरी की आवश्यकता है और इसके लिए एक वृहत मांग प्रोत्साहन दिया जाना काफी महत्वपूर्ण है। इस संदर्भ में एक हरित प्रोत्साहन आवश्यक है जो की मांग उत्पन्न करने वाली प्रदूषण की समस्या को संबोधित करने और हरित ऊर्जा की ओर ट्रांजिशन या अवस्थान्तर में तेजी लाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। बताते चलें कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का बहुत अधिक प्रभाव मिला है जैसे कि जीडीपी विकास दर पर, ऑटोमोबाइल उद्योग पर, फार्मास्युटिकल्स पर, और विनिर्माण और अन्य क्षेत्रों पर।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**मैं** भारत के लिए पहला पदक जीतकर बहुत प्रसन्न हूं। मैं सिर्फ मणिपुर की ही नहीं सारे देश की हूं।

**-एसएम चानू**
ओलम्पिक रजत पदक विजेता



**कांग्रेसनीत** विपक्ष के पास उठाने को ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जो जनता से जुड़ा हो। इसीलिए वे स्नूपगेट जैसे मुद्दे उठा रहे हैं।

– **जेपी नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**लातिनी** अमेरिकी राज्यों को यूरोपीय संघ जैसा कुछ करना चाहिए मगर हमारे इतिहास, यथार्थ और अस्मिताओं से जुड़ा रहना चाहिए।"

**-एएमएल ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति

# कारगिल विजय दिवसः शहीद स्मारक पर दी गई श्रद्धांजलि

## भगवान परशुराम कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट नीरज वशिष्ठ पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में भगवान परशुराम कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर नीरज वशिष्ठ व 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी की तरफ से लघु सचिवालय के सामने स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

कैडेट्स को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट डॉक्टर नीरज वशिष्ठ ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय जवानों ने कारगिल की चोटी पर तिरंगा फहरा कर कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी। इस दिन को हर साल कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन वीर जवानों को जिन्होंने देश की सेवा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी जाती है। इस अवसर पर 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी की तरफ से सूबेदार मेजर हरि सिंह व सीएचएम रजविंदर सिंह उपस्थित हुए। इन्होंने भी शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करके शहीदों को नमन किया। भगवान परशुराम कॉलेज के 17 कैडेट्स ने पुष्प अर्पित करके शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की जय


शहीदों को श्रद्धांजलि देते कैडेट्स।

## रक्तदान कर कारगिल शहीदों को किया नमन

**कुरुक्षेत्र।** कारगिल शहीदी दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब, स्टेट बैंक आफ इंडिया तथा जिला युवा विकास संगठन द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव कलसाना में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया।

इस अवसर पर एसबीआई के रिजनल मैनेजर रन सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी अरूण आश्री बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। अनिल नागर एमडी ओसवाल इंडिया एग्रो केमिकल, सतनाम सिहं डीईईओ, बलजीत मलिक डीपीसी, सत्यभूषण, एसओ, सत्यनरायन सरवारा, एकाउंट आफिसर, शशी धवन, बीईओ, अनुराग वर्मा चीफ मैनेजर एसबीआई, गंगाधर व जसबीर सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ एसएस आहूजा तथा को प्रोजेक्ट चेयरमैन दीपक कक्कड़ ने आए हुए सभी लोगों का स्वागत किया।


मुख्यातिथि रन सिंह ने स्वयं ब्लड डोनेट करते हुए कहा कि हम उन शहीदों को नमन करते है जिन्होंने देश के लिए कुर्बानी दी। मुख्यातिथि अरूण आश्री ने समय समय पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाने पर रोटरी क्लब की प्रशंसा की। रोटरी प्रधान राज कुमार गर्ग ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। रोटरी कल्ब के सदस्य राजेश जैन, सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने भी ब्लड डोनेट किया।



## एमएन कॉलेज में पौधरोपण कर मनाया कारगिल दिवस

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**मारकंडा** नेशनल कॉलेज शाहबाद तथा ओस्का के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण और एक विस्तारक व्याख्यान का सफल आयोजन प्राचार्य डॉ अशोक चौधरी की अध्यक्षता और डॉ सुरेश कुमार, लेफ्टिनेंट के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटस के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में प्राचार्य ने ओस्का कार्यकारिणी और कैडेट्स के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कॉलेज परिसर में पौधे रोपित करते हुए कहा कि, पौधे वातावरण को शुद्धि प्रदान करने के साथ-साथ हमें सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। इसलिए हम सबकी यह नैतिक जिम्मेवारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस कार्य के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। जिससे हमारा वातावरण पूर्ण रूप से शीतल हो। इसी श्रृंखला में इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राकेश कुमार ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि भारत योद्धाओं का देश हैं जिसने कभी पराजय को स्वीकार नहीं किया।

### विस्तारक व्याख्यान का हुआ आयोजन

इसके हमारे पास अनेक जीवंत उदाहरण हैं, जब भारतीय सेना ने विरोधियों को पराजित किया। ठीक उसी तरह कारगिल में भी भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाते हुए आपरेशन विजय के द्वारा कारगिल की दुर्गम चोटी पर तिरंगे को फहराया और पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। आज हम कारगिल विजय दिवस की 22 वीं वर्षगांठ पर उन सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं जिनके पराक्रमी बलिदान से संपूर्ण राष्ट्र खुले वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाउस रोड के गड्ढों को ठीक करवाए जिला प्रशासन



**भिवानी।** बीटीएम चौक के सभी दुकानदारों ने रेस्ट हाउस से वैश्य महाविद्यालय की और जाने वाली सड़क पर हुए गड्ढों को भरने व भारी वाहन से उड़ने वाली धूल से निजात दिलवाने की जिला प्रशासन से मांग की। इस अवसर पर दुकानदार पवन कुमार ने बताया कि 19 जनवरी को नगरपालिका भिवानी द्वारा अमृत योजना के तहत बरसाती पानी के लिए लाइन डाली गई थी। उसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण किया जाना था। यह कार्य मई में पूर्ण हो गया था, लेकिन विभाग ने ना तो अभी तक सड़क का एक लेवल किया और ना ही गड्ढों को भरा। जिसकी वजह से आयेदिन यहां दुर्घटना होती रहती हैं, हर रोज एक सीवर का ढक्कन टूटता रहता है मगर जिला प्रशासन के कानों पर कोई जूं तक नहीं रेंगती। जिला प्रशासन ने सड़क के गड्ढे जल्दी नहीं भरे तो सभी दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर सड़क को जाम करेंगे। जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन भिवानी होगा। इस अवसर दुकानदार अनिल कुमार ने बताया कि सारा दिन इस सड़क पर भारी वाहन आते जाते हैं। जिसकी वजह से सारा दिन धूल उड़ती है।

### रक्तदान दुनिया का सबसे बड़ा दानः अशोक सिंघल



**थानेसर।** सहयोग फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष अशोक सिंघल ने प्लेटलेट्स जरूरत की सूचना मिलते ही कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में दाखिल मरीज के लिए रक्त प्लेटलेट्स दान किया। इस के साथ ही अशोक सिंघल ने अपने पिता स्व. मुनि लाल की 28वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप 40वें रक्तदान शिविर का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया। जिसमे 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। स्वयं भी उन्होंने 14वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से शरीर मे किसी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती, अपितु दान किया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त गर्ववती महिलाओं, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों व अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को लगाया जाता है।

### पीटीआई की आर्थिक व मानसिक दशा हुई दयनीय : राजेश

**भिवानी।** पिछले एक वर्ष से भी अधिक समय से धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई की आर्थिक दशा इतनी दयनीय हो चुकी है। अब उनके घर में खाने के भी लाले पड़ने लगे हैं। बेरोजगारी की मार झेलते हुए बर्खास्त पीटीआई की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब वे भूखा सोने को मजबूर हो रहे है। इसीलिए वे प्रदेश सरकार से मांग करते है कि अगस्त माह में हाईकोर्ट में बर्खास्त पीटीआई के मामले की सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार उनकी पैरवी करे। बर्खास्त पीटीआई को बेरोजगारी की दलदल से बाहर निकाले। यह बात आज सोमवार को बर्खास्त पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा कर्मचारी संघ भिवानी के जिला महासचिव राजेश अग्रवाल ने कही। बता दें कि स्थानीय लघु सचिवालय के सामने अपनी बहाली की मांग को लेकर बर्खास्त पीटीआई का धरना पिछले 406 दिनों से जारी है। सोमवार को धरने की अध्यक्षता हरियाणा कर्मचारी संघ भिवानी के महासचिव राजेश अग्रवाल ने की तथा मंच का संचालन विनोद वेद ने किया। धरने को संबोधित करते हुए राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस लंबे संघर्ष के दौरान पीटीआई आर्थिक व मानसिक तनाव के चलते असामयिक मौत का शिकार भी हो चुके हैं, लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार बर्खास्त पीटीआई की बहाल की ओर कोई कदम नहीं बढ़ा रही। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत पीटीआई की मांगों की ओर ध्यान देकर उन्हे बहाल करके आर्थिक तंगी के भंवर से बाहर निकालना चाहिए। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष मिथुन समाना एवं सह-सचिव सौरव सिरसमा मौजूद रहे।

### निमड़ीवाली के किसानों का धरना 39वें दिन रहा जारी



**भिवानी।** एक तरफ जहां कारगिल विजय शहीद दिवस पर देश भर में कारगिल शहीदों को याद किया गया। उनकी शहादत की गौरवगाथा गाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ अपने पद के नशे में चूर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा जबरदस्ती शहीद वीरांगना के खेत में बिजली के टॉवर लगाए जा रहे हैं। शहीदों के परिजनों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं। इसके साथ ही कंपनी द्वारा खेतों में लगे हरे पेड़ भी काटे जा रहे हैं। इसके चलते गांव निमड़वाली में धरनारत किसानों में भारी रोष है। बता दें कि हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा किसानों के खेतों में बिना मुआवजा दिए जबरदस्ती लगाए जा रहे बिजली के टॉवरों के विरोध में किसान पिछले 39 दिनों से धरनारत है। उनकी जमीन पर टॉवर लगाने की ऐवज में मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे है, लेकिन कंपनी व प्रशासनिक अधिकारी किसानों की बातों को मानने की बताए उन्हे लगातार प्रताड़ित कर रहे है। धरने को संबोधित करते हुए भाकियु जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा वर्ष 1971 मे शहीद वीरांगना के खेत मे बिना सूचना दिए पहुंचे तथा टावर लगाने वाली कंपनी ने हरे पेड़ उखाड़ दिए। उन्होंने बताया कि शहीद की पत्नी इंद्रावती का बीमारी के कारण इलाज चल रहा है तथा वह अपने इलाज करवाने के लिए गई थी, पीछे से हरियाणा बिजली वितरण निगम की लाइन बिछाने वाली कंपनी ने उनके खेत से हरे पेड़ ऊखाड़ कर टॉवर लगा दिए। जिसके विरोध में धरनारत किसानों में रोष बना हुआ है।

## संत-महात्माओं का आशीर्वाद भगवान के दर्शन के बराबरः जेपी दलाल



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**महाकालेश्वर** मंदिर धाम में हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से महाकालेश्वर मंदिर धाम के संस्थापक भोलाराम महाराज भी मौजूद रहे। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महाराज का आशीर्वाद पाया।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री जेपी दलाल ने भोलाराम महाराजजी का आशीर्वाद लिया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हिंदू संस्कृति संत-महात्माओं का आशीर्वाद भगवान के दर्शन के बराबर हैं। इसीलिए हमें सभी संतों का सत्कार करना चाहिए। वहीं कृषि मंत्री ने कहा कि हिंदु संस्कृति में हवन का बहुत महत्व है। उन्होंने कहा कि एक तो हवन से नकारात्मकता दूर होती है तो वही दूसरी तरफ हवन से निकलने वाला धुआं पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाता है। उन्होंने कहा कि हवन से वातावरण में मौजूद कीटाणु, बैक्टीरिया खत्म होते हैं, यही कारण है कोरोना काल में हवन करने के लिए आह्वान किया था।

## संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में लागू कराने को हस्ताक्षर अभियान

**भिवानी।** हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचार्य आश्रम में सुनील शास्त्री की अगुवाई में संस्कृत विषय को अनिवार्य विषय के रूप में लागू करने की मांग को लेकर संस्कृत भारती के बैनर तले विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने सभी स्कूलों में संस्कृत विषय के टीचरों को नियुक्ति करने की भी मांग की।

इस दौरान सभी गुरुकुलों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से जोड़ने की गुजारिश की गई। अभियान के तहत विद्यार्थियों ने बताया कि सरकार के उपेक्षित रवैये के चलते संस्कृत विषय पिछड़ता जा रहा है। छठी कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक संस्कृत विषय के साथ पंजाबी व उर्दू भाषा का विकल्प है तथा नौवीं से 12वीं तक संस्कृत विषय के विकल्प में प्रैक्टीकल विषय पढाए जा रहे है। जो कि न्यायसंगत नहीं है, जबकि सभी भाषाओं की जननी भी संस्कृत ही है।

## शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा का परिणाम रहा सौ फीसदी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सीनियर सैकेण्डरी (नियमित/ कम्पार्टमेंट/ स्वयंपाठी) परीक्षा मार्च-2021 का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। किसी भी परीक्षार्थी को अनुतीर्ण व कम्पार्टमेंट नहीं किया गया है। परीक्षा परिणाम बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

इस परीक्षा परिणाम की घोषणा बोर्ड अध्यक्ष डाक्टर जगबीर सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में की। इस अवसर पर बोर्ड उपाध्यक्ष वीपी यादव व सचिव राजीव प्रसाद भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने बताया कि यह परीक्षा अप्रैल माह में आयोजित करवाई जानी थी, लेकिन कोविड-19 कोरोना महामारी के चलते यह परीक्षा आयोजित नहीं करवाई जा सकी। शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार ये परीक्षाएं रद्द कर दी गई थी।




### ये रहा परिणाम का फार्मूला

डा. जगबीर सिंह ने बताया कि सीनियर सैकेण्डरी (नियमित) परीक्षार्थियों का परिणाम के लिए 30:10: 60 का फार्मूला निर्धारित किया गया है, जिसमें 30 प्रतिशत अंक 10वीं कक्षा के 10 प्रतिशत अंक 11वीं कक्षा के तथा 60 प्रतिशत अंक विद्यालयों द्वारा दिए जाने वाले आन्तरिक अंकों के आधार पर परिणाम तैयार किया गया है। कम्पार्टमेंट परीक्षार्थियों का परिणाम परीक्षार्थी द्वारा प्राप्त अन्य उत्तीर्ण विषयों के अंकों का औसत निकालते हुए कम्पार्टमेंट के अंक मानकर घोषित किया गया है। परीक्षा परिणाम में कोई गलती ना हो, इसलिए विद्यालयों द्वारा अपलोड किए गए अंकों को जिलावार दो-दो बार जांचा गया।

## विश्व में सबसे पहले भारत में हुआ कोराना वैक्सीन का निर्माणः योगेंद्र राणा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**भाजपा** जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दिशा-निर्देशों का पालन करने के कारण ही हमने कोराना को हराने में सफलता हासिल की है।

ज्ञातव्य है कि पार्टी को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूती प्रदान करने के लिए पूरे जिला मे मंडल स्तर पर कार्यकारिणी की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला करनाल के गांव स्टौंडी में घरौंडा मंडल की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पार्टी के सभी ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहे।

इस मौके पर अपने सम्बोधन मे जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण आज विदेशों में रहने वाले लोगों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है। उन्होंने बताया कि कोराना काल में किस प्रकार प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण और भारतीय वैज्ञानिकों व डाक्टरों के अथक प्रयासों से भारत ने विश्व में सबसे पहले कोराना की दवाई का निर्माण किया। जिसका लाभ भारतीयों के साथ साथ अन्य देशों के नागरिकों को भी मिला।



नरेंद्र मोदी की इसी जनकल्याण की सोच के कारण ही विदेशों में बहुत सम्मान मिला। इसी कारण भारतीयों की विदेशों में इज्जत बढ़ी है। जिला अध्यक्ष ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि पिघले काफी समय से विश्व के 200 से भी अधिक देश कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं और विश्व के अधिकतर बडे बडे देश जैसे अमरीका, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, कैनेडा व आस्ट्रेलिया जैसे देशों ने इस महामारी के आगे घुटने टेक दिए हैं, मगर भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस कोराना जैसी महामारी को देश से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने बताया कि किस प्रकार कोरोना काल मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश अनुसार कार्य करते हुए कोरोना पीड़ितों की सहायता की है। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा हेल्प डेस्क लगाकर लोगों को जानकारियां प्रदान कीं, ताकि कोरोना से जूझ रहे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## वृक्षारोपण कर मनाया कारगिल विजय दिवस

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी और जिला संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड ने अपने युवा साथियों के मिलकर कारगिल विजय दिवस पर वृक्षारोपण करते हुए कहा कि प्रत्येक इंसान को किसी भी विशेष दिन पर एक पौधा लगाकर उसको पालने का कार्य करना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी चौधरी मान सिंह सैक्टर 69 आई एम टी चंदावली निवासी ने पौधारोपण करते समय युवाओं से कहा कि वृक्ष जीवन के लिए अमूल्य उपहार हैं इसलिए हम सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। युवा समाजसेवी अजय चौधरी ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष लगाओ सृष्टि बचाओ । पौधारोपण कार्यक्रम में कुनाल,ऋषांक,लोकेश कृतिन अहलावत और विशाल आदि युवा ने सहयोग किया।

## किसान ही नहीं देश को भी बर्बाद कर डालेगी मोदी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**केंद** की नरेंद्र मोदी सरकार न केवल किसान बल्कि देश को ही बर्बाद करना चाहती है। इसीलिए खेती की जमीन को किसान से छीन कर कारपोरेट के हवाले करने चाहते हैं मोदी। यह आरोप हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता तथा कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने दिल्ली बॉर्डर पर किसान आंदोलन के आठ महीने पूरे होने पर केंद्र सरकार पर लगाए।

उन्होंने कहा कि एक वर्ष पूर्व केंद्र सरकार ने अपने उद्योगपति मित्रों की किसान से जमीन छीनने की जिद पूरी करने के लिए कृषि तथा किसान विरोधी तीन काले कानून जबरन संसद में पास करवाए थे। जिनका उसी वक्त अन्नदाता ने विरोध शुरू कर दिया था। जब किसान की आवाज नहीं सुनी गई तो देश भर के किसानों ने दिल्ली के हर तरफ बॉर्डर पर 26 नवम्बर से धरना शुरू कर दिया जो आज तक जारी है। आज इस आंदोलन और धरने को आठ महीने पूरे हो चुके मगर अफसोस ये है कि जिद्दी और अहंकारी मोदी सरकार के कानों पर जूं तक नही रेंग रही। कहा कि केंद्र सरकार में अगर जरा भी नैतिकता बची है। वो कारगिल के शहीदों का वास्तव में सम्मान करती है तो तीनों काले कानून तुरन्त वापस ले ताकि किसान घर जा सके।



## पिछले सात सालों में कितने युवाओं को दिया रोजगारः विपक्ष

### विपक्ष ने गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लेते हुए बेरोजगारी पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग उठाई

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**हरियाणा** प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी और शिक्षा की उचित व्यवस्था न होने से विपक्ष ने भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को आड़े हाथों लिया है। विपक्ष ने हरियाणा सरकार खास कर मुख्यमंत्री मनोहर लाल से पूछा है कि वह प्रदेश की जनता खास कर युवा वर्ग को बताएं कि बीते सात वर्षों में राज्य के कितने युवाओं को नौकरियां दी गई है। उन्होंने इस पर एक श्वेत पत्र भी जारी करने की मांग की है, ताकि सच्चाई आमजन के सामने आ सके।

उन्होंने कहा कि जो सरकार अपने प्रदेश के युवाओं को सही ढंग से शिक्षा और रोजगार न दे सके, ऐसी सरकार के मुखिया को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### युवा वर्ग नौकरी के लिए भटक रहा दर-दर : जवाहर गोयल



**पंजाब** एवं हरियाणा हाई कोर्ट के अधिवक्ता जवाहर लाल गोयल का कहना है कि केंद्र की सरकार ने प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरियां तथा राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष दो लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, मगर हकीकत में ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा वर्ग नौकरी के लिए दर-दर भटक रहा है। न तो उन्हें सरकारी नौकरी मिल रही है और न ही निजी क्षेत्र में उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। ऐसे में उसके पास सिवाय अपनी डिग्री लेकर धक्के खाने के और कोई काम नहीं रह गया है।

### महंगाई के कारण घर चलाना हुआ मुश्किलः सुरेंद्र मित्तल



**आम** आदमी पार्टी कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल ने कहा कि महंगाई के इस दौर में जहां आम आदमी को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है, वहीं आमजन को अपने बेरोजगार बच्चों के भविष्य की चिंता ता रही है क्योंकि बहुत से युवा नौकरी न मिलने की वजह से हतोत्साहित होकर डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। कुछ गलत रास्तों पर चलने को मजबूर हो रहे हैं जो कि उनके मां-बाप के लिए चिंता का विषय है।

### शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह से पिछड़ रहा प्रदेशः रीना वाल्मीकि



**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश आज शिक्षा के क्षेत्र में भी पूरी तरह से पिछड़ रहा है, क्योंकि हरियाणा में न तो कोई बड़े कॉलेज खुले हैं और जिन के उद्घाटन किए गए हैं, वह प्रोजेक्ट भी ठंडे बस्ते में पड़े हुए हैं। उनका काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर राज्य के विभिन्न स्कूलों में या तो शिक्षकों की कमी है, अन्यथा जो शिक्षक पढ़ाने वाले हैं, उनसे दूसरे काम लिए जा रहे हैं। ऐसे में बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

### अधिकांश स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं नहीं: सुनीता नेहरा



**जिला** परिषद कुरुक्षेत्र की पूर्व उपाध्यक्षा एवं प्रदेश महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता नेहरा ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश स्कूलों में बैठने, शौचालय, बिजली पंखे इत्यादि की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां राज्य के बहुत से शिक्षक स्वयं को पक्का किए जाने को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, वहीं पक्के अध्यापक जिन से शिक्षण की बजाए दूसरी जगह काम लिया जा रहा है, वे भी इस बात के लिए संघर्ष कर रहे हैं कि उनसे सिर्फ शिक्षा का ही काम लिया जाए।

## कारगिल विजय दिवस पर किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** एसजीएम नगर एफ ब्लॉक में रेडक्रास सोसायटी फरीदाबाद के तत्वावधान में सीआपीएफ एवं अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज के सहयोग से कारगिल के शहीदों की याद में एक पौधारोपण समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर भूतपूर्व सैनिक, सीआरपीएफ बटालियन, अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और छायादार पौधे लगाये। समारोह का शुभारंभ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज के सदस्यों ने अंग वस्त्र भेंट कर सीआरपीएफ के जवानों का सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार, 'एक पेड़ शहीद के नाम' नामक मुहीम चला रही है।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर
मां के पैरों में जन्नत मिलेगी,
पत्नी के हाथों में बरकत मिलेगी,
जो शख्स मातृशक्ति की इज्जत करेगा,
बुलंद हमेशा उसकी किस्मत मिलेगी।

# विकलांगता अभिशाप नहीं, दो भाइयों ने नहीं बनने दिया कमजोरी

## विकलांग होने पर भी घर बैठकर करते हैं सीजन के अनुसार काम

### विधायक चिरंजीव राव ने विकलांग बच्चों का घर जाकर बढ़ाया मनोबल

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**मेहनत** व हिम्मत के बल पर अपने आप को मजबूत करने वालों के लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं होता, फिर चाहे इंसान विकलांगता का ही शिकार क्यों न हो।

एक तरफ जहां बहुत से लोग विकलांग होने की अपनी मजबूरी बताकर दूसरों पर आश्रित हो जाते हैं, वहीं शहर के मोहल्ला छीपटवाड़ा निवासी दो विकलांगों ने विकलांगता को अभिशाप की कैटेगिरी से अलग कर छोड़ा है। दोनों भाई सीजन के अनुसार अपना व्यापार कर न केवल घर चलाते हैं, बल्कि आमजन के लिए पुण्य का काम भी करते हैं। फिलहाल दोनों भाई पतंग का व्यापार कर रहे हैं। सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने धंधे का प्रचार भी कर रहे हैं। दोनों ने जनहित में पानी की प्याऊ भी लगाई हुई है। इनके माता-पिता हृदय के रोगी है। दोनों भाईयों का मनोबल देखकर आज कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव उनके घर पहुंचे तथा न केवल उन्हें ऐसी हि6मत दिखाने पर बधाई दी, बल्कि उनसे पतंग भी खरीदी।



विधायक चिरंजीव राव विकलांग बच्चों की हौंसला अफजाई करते हुए।

अक्सर देखने में आता है कि बहुत से विकलांग अपने आप को ऐसा दिखाते हैं कि वे लोगों की दया का पात्र बन जाते हैं, लेकिन ऐसे लोगों से हटकर कुछ ऐसे भी हैं, जो विकलांगता को अभिशाप मानने से इन्कार करते हुए अपने जीवन को खुशहाल व दूसरों के लिए मिसाल बनाते हैं। शहर के मोहल्ला छीपटवाड़ा के दो भाई साजन व राजन ने विकलांगता को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। दोनों बच्चे फिलहाल पतंग बेचने का काम कर रहे हैं तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार भी कर रहे हैं। इधर जैसे ही रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव को इस बात का पता चला वे तुरंत उनसे मिलने व उनका हौंसला बढ़ाने के लिए उनके पास पहुंचे और उनसे न केवल पतंग खरीदी बल्कि उन्होंने भी अपने फेसबुक और टिव्टर अकाउंट पर लोगों ने इन दोनों भाईयों से ही पतंग खरीदने की अपील की। विधायक चिरंजीव राव ने बताया कि राजन और साजन के माता-पिता हृदय के रोग से ग्रस्त हैं। ऐसे में इन दोनों बच्चों ने घर की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। ये सीजन के हिसाब से काम करते हैं, रक्षाबंधन के त्योहार पर ये राखी भी बनाएंगे। इसके अलावा इन बच्चों ने निःशुल्क पानी की प्याऊ भी लगाई हुई है। राजन और साजन ने उनका हौंसला बढ़ाने पर चिरंजीव राव का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चिरंजीव राव के साथ पूर्व चेयरमैन रामअवतार गुर्जर भड़ला, दयाकिशन खोला मसानी-तीतरपुर, सज्जन यादव तथा वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गेरा भी थे।

# झूठे दावे कर जनता को गुमराह कर रही प्रदेश सरकार: सैलजा

### स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सबसे खराब जनता भगवान भरोसे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़।

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में केवल दावों की सरकार है। मूलभूत सुविधाओं का जिक्र आते ही वह मुंह फेर लेती है। लोगों को भगवान भरोसे छोड़ देती है। कोरोना काल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का हाल सबसे खराब और चिंताजनक है। जींद जिले का उदाहरण इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।



सोमवार को यहां जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि जींद जिले के मुआना स्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिला तीन घंटे बेंच पर तड़पती रही। न डाक्टर मिला, न नर्स। कोई अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी नहीं था। फोन करने के बावजूद एम्बुलेंस समय पर नहीं आई। बेंच पर ही प्रसव हो गया और नवजात की मृत्यु हो गई। स्वास्थ्य केंद्र में केवल दो सफाईकर्मी थे।

उन्होंने कहा कि इस घटना ने बेहतर सेवाओं का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार की पोल खोल दी है। सरकार जुमलों से हट कर आकलन करे कि स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक तस्वीर क्या है। हर बार तथ्यों को छिपा कर हकीकत पर झूठ का आवरण चढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मानकों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में पांच हजार की आबादी पर एक उप स्वास्थ्य केंद्र, 30 हजार पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 80 हजार से 1.20 लाख की आबादी पर एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होना चाहिए। मानकों का पालन नहीं हो रहा। बड़ी संख्या में उपस्वास्थ्य, प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों की कमी है। कुमारी सैलजा ने कहा कि जो स्वास्थ्य केंद्र चालू हैं उनमें भी मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। स्पेशलिस्ट डाक्टरों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं। सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर एक भी सरकारी अस्पताल में दिखाई नहीं देता। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के 60 फीसद तक पद रिक्त हैं। स्टॉफ नर्स, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर्स के पद भी बड़ी संख्या में खाली पड़े हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं। वह मुंगेरी लाल के सपनों से बाहर ही नहीं आना चाहती। लगता है किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।

## सैनिकों के बलिदान व साहस को भुलाया नहीं जा सकता: मनोहर लाल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर देश की रक्षा, शांति व स्वाभिमान के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देने वाले महान कारगिल नायकों को नमन किया।



आज यहां जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कारगिल शहीदों को स्मरण करते हुए कहा कि इस युद्ध के दौरान भारत माता के वीर सपूतों द्वारा दिया गया बलिदान हमारी युवा पीढ़ी को सदैव देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि 22 साल पहले 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ कर कारगिल में तिरंगा फहराया था। इस युद्ध में हमारे सैनिकों के बलिदान, साहस और देश के प्रति समर्पण को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय सैनिक लड़ता है, इसलिए नहीं कि वो अपने सामने वालों से नफरत करता है, बल्कि वह अपने देशवासियों से प्यार करता है। उन्होंने कहा कि वतन पर मिटने वालों का यह राष्ट्र सदैव ऋणी और कृतज्ञ रहेगा।

इस बीच हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर देश के बहादुर सैनिकों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि मातृभूमि पर प्राण न्यौछावर करने वाले रणबांकुरों के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को कश्मीर में हर बार मात दी।

## संक्षिप्त समाचार

### आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया पीएम ने



**रेवाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक गांव गढ़ी बोलनी में हुई। जिसमें पार्टी की संगठनात्मक मजबूती पर गहन विचार किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी की प्रदेश सह प्रवक्ता वंदना पोपली शामिल हुई। बैठक में वंदना पोपली ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से किस प्रकार देश की दशा व दिशा बदल सकती, यह भाजपा सरकार ने करके दिखाया है। नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर गौर करें तो देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में भारत का सम्मान बढ़ा है। बेशक कोरोना संक्रमण सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में आया, बावजूद इसके मोदी सरकार में एक के बाद एक कई ऐतिहासिक बदलाव आए हैं। दृढ़इच्छा शक्ति का परिचय देकर मोदी सरकार हमेशा देश की जनता के साथ खड़ी रही। बैठक में जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष केशव मुदगिल, कृष्ण चौंकन, अशोक मुदगिल, मंडल अध्यक्ष राजपाल सरपंच, विजय चौहान, रामलखन, महेंद्र चेयरमैन, प्रदीप, जयपाल तथा यशवीर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### भूपिंदर सिंह ने पुस्तकालय के लिए सौंपा दो लाख का चेक

**कुरुक्षेत्र।** साका ननकाना साहिब में अहम भूमिका निभाने वाले जत्थेदार करतार सिंह झब्बर के नाम से पुस्तकालय बनाने के लिए एसजीपीसी ने दो लाख रुपये का आर्थिक सहयोग दिया है। यह चेक शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के मेंबर जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने गुरुद्वारा सिंह सभा गांव हाबड़ी के प्रधान सतविंदर सिंह को भेंट किया। इस दौरान सिख मिशन हरियाणा के प्रभारी ज्ञानी मंगप्रीत सिंह व गुरुद्वारा निरीक्षक हरमिंदर बीर सिंह भी मौजूद रहे। एसजीपीसी मेंबर जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि महंतों से गुरद्वारा साहिबान को अजाद करवाने के लिए सन 1921 में मोर्चा लड़ा गया, जिसे इतिहास में साका ननकाना के नाम से प्रसिद्ध है। साका ननकाना साहिब में जत्थेदार करतार सिंह झब्बर ने अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान बनने के बाद जत्थेदार करतार सिंह झबबर का परिवार कैथल के गांव हाबड़ी में आ कर बस गया। साका ननकाना साहिब की शताब्दी को समर्पित शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर द्वारा पंजाब के साथ-साथ हरियाणा में भी धार्मिक समागम करवाए गए थे।

### नए सिरे से अधिसूचना जारी नहीं हुई तो करेंगे संघर्ष: सकर्स

**चंडीगढ़।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद सोमवार को जारी महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी की अधिसूचना में पेंशनरों को शामिल न करने पर कड़ी नाराजगी जताई है। सकर्स ने इस फैसले को सीनियर सिटीजन के साथ सौतेला व्यवहार बताया है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में जुलाई 2021 से 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की अधिसूचना जारी करने की मांग की है। संघ ने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर शीघ्र अतिशीघ्र इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के बेनर तले कर्मचारी व पेंशनर्स सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव सतीश सेठी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को केन्द्र सरकार की तर्ज पर हरियाणा के कर्मचारियों व पेंशनर्स के जनवरी, 2020 से फ्रिज किए महंगाई भत्ते को बहाल करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री के हवाले से जारी किए गए बयान में दावा किया गया था कि महंगाई भत्ते बढ़ोतरी से 2.85 लाख कर्मचारियों और 2.62 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे। सोमवार को वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में पेंशनरों को शामिल नहीं किया गया है। जिसको लेकर कर्मचारियों व पेंशनर्स में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश पैदा हो गया है। केन्द्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में भी कर्मचारियों व पेंशनर्स को शामिल किया गया था। लेकिन वित्त विभाग हरियाणा ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद पेंशनर्स को शामिल नहीं किया गया है।

## कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी कर मोदी सरकार ने किया लोकतंत्र का हनन: मधुसूदन बवेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**किसान** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला कैथल के आब्जर्वर एडवोकेट मधु सूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी व कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला सहित अन्य नेताओं को गिरफ्तार करके मोदी सरकार ने लोकतंत्र का हनन किया है।

बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला जोकि किसानों के लिए लगातार केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ बोलकर तीनों काले कानूनों को वापस करने की मांग कर रहे थे। रणदीप सुरजेवाला सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करके लोकतंत्र की सरेआम धज्जियां उड़ाई गई है। सभी नेता किसानों के समर्थन में संसद भवन जा रहे थे और तीनों कानून वापस करने की मांग कर रहे थे। बवेजा ने कहा कि इससे साबित हो गया है कि मोदी सरकार किसान विरोधी है। मोदी सरकार किसानों के हितों के लिए कार्य नहीं कर रही बल्कि अडानी, अंबानी की गुलामी कर रही है।

### पतंजलि योग समिति ने किया हवन यज्ञ

**रादौर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर व कारगिल युद्ध मे शहीद हुए सैनिकों की आत्माओं की शांति के लिए सोमवार को पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर के द्वारा पंजाबी धर्मशाला रादौर में वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया।

हवन यज्ञ पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित काम्बोज की देखरेख आयोजित हुआ। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित काम्बोज ने कहा कि कारगिल युद्ध ने दुनिया को पाकिस्तान का असली चेहरा दिखाया था। उन्होंने कहा कि 19 मई 1999 को भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय की शुरुआत की।

## स्वास्थ्य बीमा योजना में पत्रकार और इमरजेंसी में जेल जाने वाले भी शामिल

### हरियाणा में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का विस्तार, कई वर्ग किए गए शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का विस्तार करते हुए इसमें कई श्रेणियों को शामिल करने का ऐलान किया है। सोमवार को चंडीगढ़ में आयुष्मान भारत बीमा योजना एवं अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को भी स्वास्थ्य बीमा योजना में कैशलेस सुविधा प्रदान करने के निर्णय को भी हरी झंडी दी। समीक्षा बैठक के दौरान हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज वीसी के माध्यम से जुड़े।

सरकार ने प्रदेश के मान्यता प्राप्त मीडिया कर्मियों को सरकारी कर्मचारियों के समान स्वास्थ्य बीमा सुविधा का लाभ प्रदान करेगी। बैठक में आजाद हिन्द फौज के सेनानियों, आपातकाल के दौरान जेल में रहे लोगों, हिन्दी आंदोलन में शामिल रहे लोगों एवं द्वितीय विश्व युद्ध के बंदियों एवं उनके आश्रितों को भी सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विमुक्त घुमंतु जाति, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना के लाभार्थियों एवं निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को भी आयुष्मान भारत बीमा योजना में कवर किया जाएगा। इसके साथ ही नंबरदारों, चौकीदारों, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, मनरेगा मजदूरों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालक, आटो चालक के परिवारों को भी शामिल किया जाएगा।

## जाग जाग भारत की नारी सोने में क्या रखा है...

### चौधरी बंसी लाल विवि में हुए कवि सम्मेलन में श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

चौधरी बंसीलाल विवि द्वारा अपना आठवां स्थापना दिवस श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तर्ज पर विवि के युवा कल्याण विभाग द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डाक्टर जितेन्द्र भारद्वाज ने शिरकत की।



कवि सम्मेलन के मुख्य संयोजक प्रो. विकास कुमार, संयोजक डाक्टर श्याम वशिष्ठ, सह-संयोजक वीएम बेचैन थे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डाक्टर रश्मि बजाज ने की। सम्मेलन में डाक्टर रश्मि बजाज, डाक्टर मधुमालती शर्मा, डाक्टर सुशीला आर्य, डाक्टर श्याम वशिष्ठ, डाक्टर हरिकेश पंघाल, डाक्टर जयपाल शास्त्री, डाक्टर जोगेन्द्र कुमार, वीएम बेचैन ने बतौर कवि भाग लिया। कवि सम्मेलन में कवियों ने अनेक मनमोहक काव्य प्रस्तुति देकर सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में कवि जयपाल शास्त्री ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत दी। कवियत्री डाक्टर सुशीला ने जाग जाग भारत की नारी सोने में क्या रखा है कविता की प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय नारी को जगाने का प्रयास किया। वीएम बेचैन ने हरियाणवी में जिन बातां का अर्थ नहीं उनपै वा तकरार करै सै, मेरी रेल बणाई राखै सै के पूंझड़ का प्यार करै सै हास्य काव्य प्रस्तुति देकर सबको हंसाकर लोट पोट किया। कवि डाक्टर हरिकेश पंघाल ने कान लगाके सुणले मैडम हरियाणवी काव्य प्रस्तुति देकर काव्य प्रस्तुति देकर समाज के कई पहलुओं उजागर किया। कवि डाक्टर श्याम वशिष्ठ ने कविता का धन्धा करते हैं लोग यहां, मै समझा था प्यास बुझाने वाले हैं कविता के द्वारा समाज में स्वार्थी लोगों पर व्यंग्यात्मक प्रहार किया।

### हरियाणा पुलिस ने राजस्थान से पकड़ा मोस्ट वांटेड अपराधी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कसे जा रहे शिकंजे के तहत एक और कार्रवाई में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को राजस्थान से काबू करने में सफलता हासिल की गई है। हत्या और लूट सहित आधा दर्जन से अधिक मामलों में संलिप्त बदमाश जींद जिले में हत्या की घटना में मुख्य आरोपी था।

हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहतक जिले के सुनारिया कलां निवासी संजीत उर्फ सनी के रूप में हुई है। पकड़ा गया बदमाश एक शिक्षक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी था जिसकी 14 जून, 2021 को जींद जिले के अलीपुरा गांव में हत्या कर दी गई थी। पकड़े गए आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर सुरेश, जो एक हत्या की घटना में मुख्य गवाह था, को गोली मारकर हत्या कर दी थी। उसके खिलाफ आठ से अधिक मामले विभिन्न थानों में पहले ही दर्ज हैं।

## फर्जी टेंपरेरी प्रॉपर्टी आईडी जनरेट कर बनवाई 106 रजिस्ट्रियां

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

एनडीसी पोर्टल से फर्जी टेंपरेरी प्रॉपर्टी आईडी जनरेट करके नगर निगम से नो डयूज सर्टीफिकेट लेने में हुए भ्रष्टाचार के मामले में पुलिस ने जांच रिपोर्ट जिला प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दी है। पुलिस द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में फर्जी टेंपरेरी प्रॉपर्टी आईडी जनरेट कर बनाई 209 आईडी पर 106 रजिस्ट्रियां बनी हैं। वहीं हैरान करने वाली बात है कि प्रशासनिक अधिकारी जांच रिपोर्ट के बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। प्रशासनिक अधिकारी दावे कर रहे थे कि गलत तरीके से प्रॉपर्टी आईडी जनरेट कर नो डयूज सर्टिफिकेट हासिल कर अवैध कॉलोनियों में जो भी रजिस्ट्रियां बनी होगी, उन्हें कैंसिल किया जाएगा। सवाल उठता है कि अब प्रशासन क्यों कार्यवाही से बच रहा है? डीसी को बताना चाहिए कि जो 106 रजिस्ट्रियां बनी हैं, वे वैध या अवैध। फर्जी आईडी के आधार पर हुई रजिस्ट्रियों को रद्द किया जाएगा। अगर किया जाएगा तो कब? ये प्रश्न हर शहरवासी के जेहन में कौंध रहा है?

**तेजी से फल फूल रहा अवैध कॉलोनियों का खेल**

काबिलेगौर है कि नगर निगम द्वारा नवंबर से लेकर जनवरी 2021 में बनी 209 फर्जी आईडी की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी और अवैध कॉलोनियां काटकर करोड़ों रुपये का मुनाफा कमाने का खेल लम्बे समय से खेला रहा हैं।

कई कालोनाइजर इस खेल को बड़े आराम से खेल कर करोड़ों कमाने में जुटे हैं, आमजन की मेहनत की कमाई को सरेआम लूटा जा रहा हैं, सारी विपदा मेहनतकश लोगों पर पड़ रही हैं। लेकिन जो कालोनाइजर अवैध कॉलोनियां काट रहे हैं, फिर बैन होने के बाद भी अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियां बन रही हैं। जिसके चलते करनाल में अवैध कॉलोनियां काटने का धंधा काफी फल फूल रहा है। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों के दावे बहुत बड़े होते हैं, जो सिर्फ कागजों में दिखाई देते हैं।

### जांच रिपोर्ट में जानकारी, फिर कार्रवाई के नाम पर मौन?

समझ से परे है कि जब पुलिस ने जांच रिपोर्ट प्रशासनिक अधिकारियों को सौंप दी है। 209 आईडी पर 106 रजिस्ट्रियां बनवाई गई थी। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने क्या कदम उठाया? इस बारे में नगर निगम से लेकर डीसी के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं हैं। प्रशासनिक अधिकारियों को बताना चाहिए कि जिस मामले में नगर निगम की ओर से सिविल लाइन थाने में गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया जाता है, जो उस वक्त का हाई प्रोफाइल मामला था। उस मामले का खुलासा करने में प्रशासनिक अधिकारी क्यों मौन धारण किए हुए है।

### अवैध कॉलोनियों में बनी रजिस्ट्रियां कैसे हो सकती है वैध?

गलत तरीके से नगर निगम से नो डयूज सर्टीफिकेट लेकर अवैध कॉलोनियों में रजिस्ट्रियां बन गई। ऐसा लग रहा है कि प्रशासन इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल इन रजिस्ट्रियों को वैध ठहराने की दिशा में काम कर रहे हैं। उधर तहसीलदार राजबख्श ने तो कह दिया कि रजिस्ट्रियां अवैध कैसे हो सकती है, चाहे वे कहीं पर भी बनी हो। अगर रजिस्ट्रियां गलत नहीं बनी है तो रजिस्ट्री बनवाने वालों ने रजिस्ट्री बनवाने के लिए फर्जी आईडी ही क्यों ली? फिर क्यों इतना हंगामा खड़ा किया गया, क्यों नगर निगम के कर्मचारियों को पकड़ा गया। उन्हें जेल भेजा गया?

### रजिस्ट्रियां रद्द होना शुरू हुआ: उपायुक्त

एसपी गंगा राम पूनिया ने बताया कि नगर निगम के पोर्टल से बनी 209 आईडी पर 106 रजिस्ट्रियां बनाई गई थी। इस बारे में रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जा चुकी हैं। वहीं डीसी निशांत यादव ने कहा कि मामले में रजिस्ट्रियां रद्द करने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी थी, इस मामले में ज्यादा जानकारी नगर निगम कमिश्नर ही दे सकते हैं।

# 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' में कवर हो सीमांत किसान

### हरियाणा के राज्यपाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात कर हरियाणा में संचालित की जा रही विकासकारी एवं जनकल्याण योजनाओं पर चर्चा की। हरियाणा के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद राज्यपाल दत्तात्रेय की प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी।

लगभग 20 मिनट तक चली इस मुलाकात में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कृषि विकास और किसान कल्याण से संबंधित योजनाएं हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाई जानी चाहिए, ताकि देश के किसान आर्थिक रूप से और ज्यादा सुदृढ़ हो। उन्होंने 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' पर बल देते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ लघु और सीमांत किसानों के साथ केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही छह हजार रुपये की वार्षिक सहायता बिना किसी विलंब के पहुंचनी चाहिए।

इसी प्रकार से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' का भी जिक्र करते हुए, कहा कि इस योजना के तहत प्रभावित किसानों को भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम की राशि निश्चित अवधि में पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करें कि कृषि विकास एवं किसान कल्याण से जुड़ी योजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ धरातल पर क्रियान्वित हो। किसानों को जैविक खेती की ओर आकर्षित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से प्रोत्साहित कर किसानों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में हो रहे विकास की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में आत्म-निर्भर है, फिर भी और अधिक विकास की सम्भावनाएं को तलाशकर रोजगार, व्यापार, ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित किया जा सकता है, जिससे प्रदेश देश का आदर्श राज्य बने।

उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत मरीज का पांच लाख तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रान्तिकारी कदम है। मोदी ने कहा कि देश में 'ई-स्वरोजगार पोर्टल' और 'प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना' की शुरुआत की गई है। गांव में ढांचागत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए सरकार के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हैं। इन योजनाओं से ग्राम पंचायतों के डिजीटाईजेशन की तरफ बढ़ेगी और पंचायत के कार्यों में भी पारदर्शिता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि देश में 'अंत्योदय अन्न योजना' शुरू की गई है। इस योजना से देश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्ति को कम पैसे में पूरे महीने का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। अब इस योजना के अन्तर्गत विकलांग व्यक्तियों को भी लाभार्थी बनाया गया है, जिन्हें 35 किलो राशन हर महीने प्रदान किया जाएगा।

मोदी ने कहा कि हरियाणा की तीन और से सीमाएं राष्ट्रीय राजधानी से सटी होने के कारण प्रदेश में व्यापार और रोजगार की अपार सम्भावनाएं हैं। राज्य सरकार इस भौगोलिक परिस्थिति का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए ताकि प्रदेश रोजगार के मामले में आत्मनिर्भर तो बने ही और अन्य राज्यों के युवाओं को भी अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध करवा सके।

## करनाल से यमुनानगर तक रेलवे लाइन की मंजूरी से जनता को होगा फायदा: कर्णदेव

**पायनियर समाचार सेवा।** रादौर

**सोमवार** को भाजपा मंडल रादौर की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने कहा कि भाजपा सरकार में आज घर घर घरेलू गैस की सप्लाई हो रही है। कांग्रेस राज में घरेलू गैस के लिए, लोगों को लंबी लंबी लाइनों में धक्के खाने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानून किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए बनाए है, लेकिन विपक्षी दल इन कानूनों की आड़ में किसानों को बहका कर अपनी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता की सुरक्षा के लिए 112 नंबर गाड़ी की व्यवस्था की है। जिससे जनता को समय पर पुलिस सुरक्षा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं सरकार ने करनाल से यमुनानगर तक की रेलवे लाइन बिछाने को मंजूरी देकर क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग को पूरा किया है।

# प्राण न्योछावर करने वाले सौनिकों को देश सलाम करता है : राष्ट्रपति कोविंद

**एजेंसी।** श्रीनगर



**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद सोमवार को जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में डैगर युद्ध स्मारक पहुंचे और उन्होंने कहा कि यह स्मारक देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति असीम सम्मान का प्रतीक है।

कोविंद का कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए सोमवार को लद्दाख के द्रास में युद्ध स्मारक जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते उनका यह दौरा रद्द कर दिया गया। उन्होंने बारामूला में कारगिल विजय दिवस के मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने डैगर युद्ध स्मारक में आगंतुक पुस्तिका में अपने संदेश में कहा, देश सैनिक और 19वीं इन्फैन्ट्री डिवीजन के अधिकारियों को सलाम करता है,जो हमारे अग्रिम मोर्चे के सैनिकों के तौर पर विपरीत मौसमी स्थितियों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अदम्य साहस, वीरता और बलिदान की असाधारण कहानियां दर्ज की है।

उन्होंने लिखा, डैगर युद्ध स्मारक देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले सैनिकों के प्रति असीम सम्मान का प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि यह स्मारक भारत के लोगों को भारतीय सेना के उच्च मूल्यों के बारे में शिक्षा देगा और उन्हें प्रेरणा देगा। जय हिंद। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी राष्ट्रपति के साथ थे। कोविंद बारामूला दौरे के बाद गुलमर्ग के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल भी गए और वहां उन्होंने सैनिकों से बातचीत की। राष्ट्रपति ने ट्रेनिंग स्कूल की आगंतुक पुस्तिका में अपने संदेश में लिखा, गुलमर्ग के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल आना प्रसन्नता की बात है। जनरल थिमैया द्वारा स्थापित यह संस्थान युद्ध क्षेत्र में महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक के तौर पर उभरा है

उन्होंने कहा कि वह सैनिकों से बातचीत करके प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा, हमारे देश को रक्षा और सुरक्षा प्रदान करने के उनके प्रयासों में सफलता की कामना करता हूं। जय हिंद। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए द्रास युद्ध स्मारक पर पहुंचना था लेकिन खराब मौसम के कारण उनका कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बदले, वह उत्तर कश्मीर के बारामूला युद्ध स्मारक पर गए जहां उन्होंने पुष्प चक्र अर्पित किए। इससे पहले 2019 में भी कोविंद का विमान खराब मौसम के कारण यहां से उड़ान नहीं भर सका था और उन्होंने बादामी बाग छावनी में युद्ध समारक पर पुष्प चक्र अर्पित किया था। बादामी बाग में सेना के 15 कोर का मुख्यालय है। रक्षा प्रवक्ता मुसावी ने बताया कि इस साल यह संयोग है कि करगिल विजय दिवस के मौके पर स्वर्णिम विजय वर्ष विजय ज्वाला करगिल युद्ध स्मारक पहुंच रहा है।

विजय ज्वाला की यात्रा 1971 में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारत की जीत के 50 साल पूरा होने की याद दिलाती है।

## संसद में दी कारगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों के सदनों में सोमवार करगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर सैनिकों के बलिदान को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा में आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने करगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का स्मरण किया। सदन में सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं और शूरवीर सैनिकों का मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण के लिए अभिनंदन है। उन्होंने कहा, हम दुर्गम और प्रतिकूल परिस्थितियों में सीमाओं की रक्षा करते सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करते हैं। बिरला ने कहा, हम शहीदों के परिवारों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं। इसके बाद सदस्यों ने अपने स्थानों पर खड़े होकर शहीदों के प्रति सम्मान में कुछ पलों का मौन रखा।

## पटनायक ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को करगिल विजय दिवस के मौके पर देश के लिए जान न्योछावर करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी। पटनायक ने ट्वीट किया, हमारे महान राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए करगिल युद्ध में अनुकरणीय वीरता के साथ लड़ने वाले वीरों को श्रद्धांजलि। इस करगिल विजय दिवस पर, शहीदों को उनके सर्वोच्च बलिदान और मातृभूमि के लिए उनके अद्वितीय प्रेम के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करें। गौरतलब है कि 1999 में भारतीय सशस्त्र बलों ने करगिल की पहाड़ियों पर कब्जा करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल कर दिया था। इसे ऑपरेशन विजय नाम दिया गया था।

# हम दिन पर दिन असहाय होते जा रहे हैं : एम वेंकैया नायडू

## पेगासस जासूसी, तीन कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्रों पर सदन में लगातार हो रहा हंगामा

**एजेंसी।** नई दिल्ली



विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही लगातार बाधित होने को लेकर सभापति एम वेंकैया नायडू ने सोमवार को सदन में कहा हम दिन पर दिन असहाय होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि पेगासस जासूसी, तीन कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर सदन में लगातार हंगामा होने की वजह से संसद के मानसून सत्र की पिछले सप्ताह शुरूआत होने के बाद से अब तक, कोविड महामारी के प्रबंधन पर चार घंटे की चर्चा के अलावा अन्य कोई कामकाज नहीं हो पाया है।

आज भी हंगामे की वजह से उच्च सदन की कार्यवाही बाधित हुई और शून्यकाल नहीं चल पाया। हंगामा कर रहे सदस्यों को शांत करने का प्रयास कर रहे सभापति ने कहा हम दिन पर दिन असहाय होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शून्यकाल और विशेष उल्लेख के जरिए, जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने की अनुमति दी जाती है लेकिन सदन में कामकाज नहीं हो पा रहा है... सदस्यों को अवसर नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा हम असहाय हो रहे हैं। लोगों को पता चलना चाहिए कि कौन-कौन से महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने की मंजूरी दी गई है। सदस्य मौजूद हैं, वे अपनी बात कहना चाहते हैं लेकिन कुछ लोग उन्हें बोलने नहीं दे रहे हैं। इसके बाद सभापति ने शून्यकाल और विशेष उल्लेख के जरिए उठाए जाने वाले उन मुद्दों का उल्लेख किया जिन्हें आसन की ओर से सदन में उठाने की अनुमति दी गई थी तथा संबंधित सदस्य भी सदन में उपस्थित थे किंतु सदन में चल रहे हंगामे के कारण उन मुद्दों को नहीं उठाया जा सका।

### फेक्टर विनियमन संशोधन विधेयक को मंजूरी

**नई दिल्ली।** विपक्षी सदस्यों के शोर शराबे के बीच लोकसभा ने सोमवार को फेक्टर विनियमन (संशोधन) विधेयक 2020 को मंजूरी दे दी जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों को रिण सुविधा प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त रास्ते सुलभ कराने का प्रस्ताव किया गया है। निचले सदन में विधेयक को सदन से पारित करने की अपील करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2011 के कानून में सरकार कुछ संशोधन कर रही है। यू के सिन्हा समिति की सिफारिशों के आधार पर विधेयक में तीन संशोधन लाए गए है। उन्होंने कहा कि 14 सितंबर, 2020 में इस विधेयक को पेश किया गया था। 24 सितंबर को इसे स्थाई समिति को भेजा जाएगा। स्थाई समिति की सभी सिफारिशों को स्वीकार कर लिया गया है। वित्त मंत्री ने सदस्यों से कहा, एमएसएमई को इससे लाभ मिलेगा। मैं अपील करती हूं कि आप लोग इस संशोधन विधेयक को पारित करें।

### पेगासस और कृषि विधेयकों को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी मामला, तीन केंद्रीय कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई, हालांकि इससे पहले सरकार ने सदन में शोर-शराबे के बीच दो विधेयक भी पारित कराए। मॉनसून सत्र के पहले सप्ताह में भी इन मुद्दों को लेकर सदन की कार्यवाही बाधित रही। सोमवार को सदन की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे आरंभ हुई तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा जारी रहा। पीठासीन सभापति रमा देवी ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और चर्चा में भाग लेने की अपील की। इसके बाद भी हंगामा नहीं थमा। सदन में विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच फेक्टर विनियमन (संशोधन) विधेयक, 2020 और राष्ट्रीय खाद्य उद्यमिता और प्रबंध संस्थान विधेयक, 2021 पारित किए गए। दोनों विधेयकों को पारित करने के दौरान विपक्षी सदस्यों ने तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए।

### पेगासस के खिलाफ नागपुर में प्रदर्शन किया

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में युवक कांग्रेस ने सोमवार को पेगासस स्पाइवेयर से कथित जासूसी और ईंधन की कीमतों में बढोत्तरी से बढती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन संविधान चौक पर आयोजित किया गया और इसकी अगुवाई महाराष्ट्र के मंत्री सुनील केदार ने की। केदार ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां आम लोगों को बुरी तरीके से प्रभावित कर रही हैं।

# एदियुरप्पा बने मोदी के सबसे ताजा शिकार,जबरन सेवानिवृत्ति क्लब में शामिल किए : कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से बीएस एदियुरप्पा के इस्तीफा देने के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि जबरन सेवानिवृत्ति क्लब में शामिल किए गए एदियुरप्पा प्रधानमंत्री मोदी के सबसे ताजा शिकार हैं।

पार्टी महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा भी किया कि चेहरा बदलने से कर्नाटक में भाजपा का भ्रष्ट चरित्र नहीं बदलने वाला है। उन्होंने ट्वीट किया, सिर्फ चेहरा बदलने से भाजपा का भ्रष्ट चरित्र नहीं बदलने वाला है। सच्चाई यह है कि मोदी जी आदततन वरिष्ठ भाजपा नेताओं को अपमानित करते हैं और उन्हें इतिहास के कूड़ेदान में डाल देते हैं।

सुरजेवाला ने दावा किया, मोदी जी का रिकॉर्ड है कि उन्होंने आडवाणी जी, मुरली मनोहर जोशी, केशूभाई पटेल, शांता कुमार, यशवंत सिन्हा और कई अन्य लोगों की जबरन सेवानिवृत्ति करवाई। मोदी के शिकार भाजपा नेताओं में सुमित्रा महाजन, सुषमा स्वराज, उमा भारती, सीपी ठाकुर, एके पटेल, हरेन पांड्या, हरीन पाठक और कल्याण सिंह भी हैं। इनमें सबसे ताजा नाम हर्षवर्धन, रविशंकर प्रसाद और सुशील मोदी का है। उन्होंने आरोप लगाया, इस्तीफा देने के लिए आदेश

**कर्नाटक में भाजपा का भ्रष्ट चरित्र नहीं बदलने वाला है**

देकर मोदी जी द्वारा एदियुरप्पा को अपमानित किया गया है। वह मोदी जी के सबसे ताजा शिकार हैं और जबरन सेवानिवृत्ति क्लब के सदस्य बने हैं। हम जानते हैं कि अब भाजपा के विधायक नहीं, बल्कि दिल्ली का अधिनायकवाद मुख्यमंत्री का फैसला करता है। गौरतलब है कि बी एस एदियुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सोमवार को राज्यपाल थावरचंद गहलोत को सौंप दिया। एदियुरप्पा ने राजभवन में गहलोत को इस्तीफा सौंपा। उन्होंने बताया कि उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिया गया है। इससे कुछ ही घंटों पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 78 वर्षीय नेता ने कहा था कि वह मध्याह्न भोजन के बाद राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में कीड़े के काटने से एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**शहडोल (मप्र)।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में जहरीले कीड़े के काटने से एक व्यक्ति और उसके नाबालिग बेटे एवं बेटी की मौत हो गई।जैतपुर पुलिस थाने के प्रभारी सुदीप सोनी ने सोमवार को बताया कि यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को कोठी ताल गांव में उस समय हुई जब लाला पालिया (35) और उसके बच्चे अपने घर में सो रहे थे।उन्होंने बताया कि आधी रात के बाद लाला पालिया ने अचानक शरीर में तेज दर्द की शिकायत की। उसके परिवार के लोग उसे जैतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहां रविवार सुबह उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि लाला पालिया का बेटा संजय (05) और बेटी शशि (03) भी सुबह मृत पाए गए। अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि उनकी मौत किसी जहरीले कीड़े की काटने से हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### अलीगढ़ में मानव तस्करों के कब्जे से पुलिस ने छह बच्चे छुड़ाए

**अलीगढ़ (उप्र)।** अलीगढ़ पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई ने रविवार रात भर चले अभियान में अलीगढ़ और गाजियाबाद समेत आसपास के जिलों से पिछले कुछ सप्ताह में अगवा किए गए छह बच्चों को छुड़ाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि अलीगढ़ शहर और आसपास के इलाकों में रविवार रात भर छापेमारी कर रैकेट में शामिल एक अंतर्जनपदीय गिरोह के 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने पत्रकारों को बताया कि कल शाम पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना महुआ खेड़ा के बोर्ना गांव में एक चौराहे के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि चार अपहृत बच्चे इस समय गंगा नगर कॉलोनी के एक घर में रखे हुए हैं। इसके बाद पुलिस ने तुरंत छापा मारा कर चारों बच्चों को बरामद किया। नैथानी ने बताया कि इसके अलावा दिल्ली गेट थाना क्षेत्र के करीब एक और घर से दो और बच्चे बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों में गिरोह का सरगना दुर्योधन, अनिल, शुभम, धर्मवीर, आकाश, संजय गोयल और दस अन्य स्टाफ शामिल हैं। आगे की जांच जारी है।

### पीओके के चुनाव में पीटीआई ने जीती अधिकतर सीटें

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हुए चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और क्षेत्र में अगली सरकार उसके नेतृत्व में बनेगी। हालांकि चुनाव में धांधली और हिंसा के आरोप लगे हैं। स्थानीय मीडिया ने अनौपचारिक नतीजों के हवाले से यह खबर दी है। सरकारी रेडियो पाकिस्तान की खबर के मुताबिक, पीटीआई ने 23 सीटें जीती हैं, जबकि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) आठ सीटों के साथ दूसरे और फिलहाल सत्ता पर काबिज पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) को सिर्फ छह सीटें मिली हैं। मुस्लिम कांफ्रेंस (एमसी) और जम्मू कश्मीर पीपुल्स पार्टी (जेकेपीपी) को एक-एक सीट पर कामयाबी मिली है। उधर, जियो टीवी ने खबर दी है कि पीटीआई ने 25 सीटें जीतीं हैं, उसके बाद पीपीपी ने नौ और पीएमएल-एन ने छह सीटें जीतीं है। मुस्लिम कांफ्रेंस और जम्मू-कश्मीर पीपुल्स पार्टी ने एक-एक सीट जीती है।

### कलपुर्जों की आपूर्ति करेगी आजाद इंजीनियरिंग

**हैदराबाद।** एरोस्पेस उद्योग में इस्तेमाल किए जाने वाला जरूरी रोटेटिंग कलपुर्जे बनाने वाली हैदराबाद की कंपनी आजाद इंजीनियरिंग ने विमान विनिर्माता बोइंग के साथ महत्वपूर्ण कलपुर्जों के निर्माण और आपूर्ति के लिए एक अनुबंध किया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कंपनी की प्रौद्योगिकी में सुधार, गुणवत्ता एवं औद्योगिक सुरक्षा के निरंतर चलन ने उसे दुनियाभर के ग्राहकों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार बनाया है। आजाद इंजीनियरिंग के प्रबंध निदेशक राकेश चोपदार ने कहा,"बोइंग के साथ काम करना हमारे लिए गर्व की बात है। यह अनुबंध गुणवत्ता, सटीकता, और सहयोग की संस्कृति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। निश्चित रूप से आजाद इंजीनियरिंग और बोइंग के बीच सहयोग तेलंगाना में बढ़ते एरोस्पेस तंत्र में एक मील का पत्थर है। आजाद इंजीनियरिंग टर्बाइन और एरोस्पेस उद्योग के लिए जटिल और काफी जरूरी कलपुर्जे और मशीनीकृत हिस्सों के निर्माण की क्षमता रखती है।

# कृषि कानूनों के विरोध में ट्रैक्टर चलाकर संसद पहुंचे राहुल, कई नेता हिरासत में लिए




**एजेंसी।** नई दिल्ली।

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को ट्रैक्टर चलाकर संसद भवन परिसर के गेट तक पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने पार्टी के कुछ नेताओं को हिरासत में ले लिया।

राहुल गांधी जो ट्रैक्टर चला रहे थे उस पर उनके साथ राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, प्रताप सिंह बाजवा और पार्टी के कुछ अन्य सांसद बैठे थे। इस ट्रैक्टर के आगे एक बैनर भी लगा था जिस पर किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानून वापस लो - वापस लो लिखा हुआ था। तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रति समर्थन जताने वाले राहुल गांधी ने कहा, दो-तीन बड़े उद्योगपतियों के लिए ए कानून लाए गए हैं। यह बात पूरा देश जानता है। इन कानूनों को वापस लेना पड़ेगा।

कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी के साथ मौजूद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. और कई अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। राहुल गांधी ऐसे समय पर कृषि कानूनों के विरोध में ट्रैक्टर चलाकर संसद भवन परिसर के नजदीक पहुंचे, जब किसान जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## आर्थिक संकट से उबरने के लिए मुद्रा नोटों की छपाई की कोई योजना नहीं : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रकोप से पैदा हुए मौजूदा आर्थिक संकट से उबरने के लिए सरकार की मुद्रा नोटों को छापने की कोई योजना नहीं है। वित्त मंत्री से पूछा गया था कि क्या आर्थिक संकट से उबरने के लिए मुद्रा नोटों के मुद्रण की कोई योजना है। प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा, नहीं। अनेक अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने सरकार को सुझाव दिया है कि कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था में मदद के लिए और अधिक मुद्रा नोटों को छापा जाए।

# तेजस्वी ने मॉनसून सत्र के पहले दिन बिहार सरकार पर निशाना साथा

**एजेंसी।** पटना



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि बिहार में निर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान पर उच्चस्तरीय नौकरशाही हमला कर रही है, जिसे नीतीश कुमार सरकार ने खुली छूट दी हुई है।

उन्होंने राजद के नेतृत्व वाले पांच दलों के महागठबंधन के सभी विधायकों की बैठक की अध्यक्षता करने के तुरंत बाद मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यह बात कही। विपक्ष के नेता ने कहा, यह शर्मनाक है कि भगत सिंह की शहादत के लिए याद की जाने वाली तारीख पर सदन के माननीय सदस्यों को पुलिस कर्मियों ने जूते से मारा और महिला विधायकों को शारीरिक रूप से घसीटा। यादव 23 मार्च की उस घटना का जिक्र कर रहे थे जब विपक्षी विधायकों ने विशेष सशस्त्र पुलिस को और मजबूत करने के उद्देश्य से एक विधेयक के विरोध में विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा को उनके कक्ष के अंदर बंधक बना लिया था।

महागठबंधन ने इसे काला कानून बताया था। जब यह लग रहा था कि मार्शल स्थिति को संभाल नहीं पा रहे तो पुलिस को बुलाया गया और कार्यवाही शुरू होने से पहले अनियंत्रित विधायकों को घसीटकर बाहर कर दिया गया। विपक्ष की अनुपस्थिति में विधेयक पारित किया गया।

## राज्यसभा से वापस लिया स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध संशोधन विधेयक



**नई दिल्ली।** सरकार ने स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध संशोधन विधेयक सोमवार को राज्यसभा से वापस ले लिया। दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने स्त्री अशिष्ट रूपण प्रतिषेध संशोधन विधेयक, 2012 वापस लिए जाने का प्रस्ताव किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। उस समय सदन में विपक्षी सदस्य विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा कर रहे थे और कुछ सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी कर रहे थे। यह विधेयक 2012 में संसद के शीतकालीन सत्र में पेश किया गया था और इसमें मूल कानून स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 में संशोधन तथा उसके दायरे में वृद्धि का प्रस्ताव किया गया था। सरकार ने विज्ञापनों, चित्रों सहित विभिन्न तरीकों से महिलाओं के अशिष्ट चित्रण पर रोक लगाने के लिए स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 को लागू किया था।

# डोटासरा के बयान से जोर पकड़ीं गहलोत मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलें

**एजेंसी।** जयपुर



**राजस्थान** में स्कूली शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा का एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इन अटकलों ने जोर पकड़ा है कि राज्य में अशोक गहलोत मंत्रिपरिषद का विस्तार ही नहीं पुनर्गठन भी हो सकता है जिसके तहत कई मंत्रियों को हटाया जा सकता है। वीडियो में डोटासरा कहते सुनाई दे रहे हैं कि इस पद पर वे दो-पांच दिन के मेहमान हैं।

हालांकि मंत्रिपरिषद फेरबदल के बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव महासचिव अजय माकन 2829 जुलाई को जयपुर आएंगे और मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर कांग्रेस विधायकों से व्यक्तिगत फीडबैक लेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार सरकार का समर्थन कर रहे निर्दलीय विधायकों, बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों व

**विधायकों की मांग को देखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार में अधिक विलंब नहीं होगा**

पायलट खेमे की विधायकों की मांग को देखते हुए मंत्रिमंडल विस्तार में अधिक विलंब नहीं होगा। गहलोत मंत्रिमडल में फेरबदल की अटकलों को स्कूली शिक्षा मंत्री डोटासरा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से काफी बल मिला है। वीडियो में वह एक अधिकारी से कहते सुनाई दे रहे हैं, मुझसे जो कराना है करा लीजिए, मैं दो-पांच दिन का मेहमान हूं।

# अफगानिस्तान में महिलाओं, बच्चों के मरने की संख्या में बढ़ोतरी : संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी।** काबुल

अफगानिस्तान में 2021 के पहले छह माह में किसी अन्य वर्ष के पहले छह महीने की तुलना में ज्यादा संख्या में महिलाएं एवं बच्चे मारे गए एवं जख्मी हुए। यह जानकारी सोमवार को संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दी गई। संयुक्त राष्ट्र ने 2009 से व्यवस्थागत रूप से संख्या का रिकॉर्ड रखना शुरू किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक युद्धग्रस्त देश में वर्ष के पहले छह महीने में अफगानिस्तान में हिंसा के दौरान मारे गए एवं जख्मी हुए नागरिकों की संख्या में पिछले वर्ष इसी अवधि

**नागरिकों की संख्या में पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में 47 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है**

की तुलना में 47 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अफगानिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष प्रतिनिधि देबोरा लायन ने कहा, मैं तालिबान और अफगानिस्तान के नेताओं से आग्रह करती हूं कि संघर्ष की भयावहता और नागरिकों पर पड़ने वाले इसके




खतरनाक असर पर ध्यान दें। लायन ने रिपोर्ट के साथ जारी बयान में कहा, रिपोर्ट स्पष्ट चेतावनी देती है कि अगर हिंसा पर लगाम नहीं कसी गई तो इस वर्ष काफी संख्या में अफगान नागरिक मारे जाएंगे और जख्मी होंगे।

तालिबान ने हाल के समय में काफी भूभाग पर कब्जा कर लिया है, कई पड़ोसी देशों के साथ लगती सीमाओं पर भी उसने प्रभुत्व कायम कर लिया है और कई प्रांतीय राजधानियों पर उसके कब्जा करने का खतरा बना हुआ है। अमेरिका और नाटो सैनिकों के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद से तालिबान का खतरा बढ़ा है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन ने बताया कि 2021 में अब तक 1659 आम नागरिक मारे गए हैं और 3254 आम नागरिक घायल हुए हैं। इसने कहा कि पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में यह 47 फीसदी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2021 के पहले छह महीने में इन सभी हताहतों में लगभग आधे महिलाएं एवं बच्चे थे। मारे गए लोगों में 32 फीसदी बच्चे हैं जिनकी संख्या 468 है और 1214 बच्चे घायल हुए हैं। मृतकों में 14 फीसदी महिलाएं हैं जिनकी संख्या 219 है, जबकि घायल महिलाओं की संख्या 508 है। अमेरिका-नाटो सैनिकों की वापसी का 95 फीसदी काम पूरा हो गया है और 31 अगस्त तक अफगानिस्तान से उनकी पूर्ण वापसी हो जाएगी।

# डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में रोड़ा अटकाने वाले किसानों को नोटिस

## जवाब नहीं मिलने पर बुधवार को कार्रवाई करेगा प्रशासन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


परियोजना पर चल रहा काम (फाइल फोटो)

पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना में रोड़ा अटका रहे 10 किसानों को गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने अंतिम नोटिस व चेतावनी दी है। प्रशासन की तरफ से रविवार को आखिरी नोटिस जारी हुआ। प्रशासन अगले 3 दिन इस पर जवाब का इंतजार करेगा। अगर फ्रेट कॉरिडोर में बाधा बन रहे 10 किसानों ने बुधवार तक मुआवजे की प्रक्रिया पूरी नहीं की, तो जिला प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। दादरी के एसडीएम आलोक कुमार ने इस बारे में जानकारी दी।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पूर्वी डेडीकेटिड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का कार्य तेजी से संचालित हो रहा है। परियोजना से संबंधित जिन ग्रामीणों को विस्थापित किया जा रहा है, उन्हें जिला प्रशासन एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के माध्यम से पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी दादरी आलोक कुमार गुप्ता व एसीपी नितिन कुमार ने विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। पूर्वी डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना शहर से प्रारंभ होकर पूर्वी भारत के सुदूर राज्य पश्चिम बंगाल के दानकुनी शहर को जोड़ता है। इसकी लम्बाई लगभग 1856 किमी है। इस परियोजना का निर्माण कार्य विश्व बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। इस खुर्जा-दादरी खण्ड का निर्माण कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। शेष 5 प्रतिशत कार्य किसानों द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुखों का हुआ भव्य स्वागत

**नोएडा।** सोमवार को नोएडा के सर्फाबाद गांव में बदायूं जिला पंचायत अध्यक्ष पति जितेन्द्र यादव, सहसवान ब्लॉक प्रमुख पति विक्रांत यादव, इस्माइलपुर ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र यादव एवं सिम्भावली ब्लॉक प्रमुख पति अंकित यादव का विक्रम यादव के निवास पर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान जितेंद्र यादव ने कहा कि सर्फाबाद गांव के तीन प्रमुख और एक जिला पंचायत अध्यक्ष बने हैं, जिनसे सर्फाबाद गांव और आसपास के क्षेत्र का भी नाम रोशन हुआ है। हम सभी लोग अपने कार्यक्षेत्र में मन और लगन से कार्य करेंगे। स्वागत करने वालों में मुख्य तौर पर सूखा यादव, जगदीश यादव, अमरपाल पहलवान, सुखवीर पहलवान, जंटर यादव, पप्पू यादव, बब्बू यादव, देवेन्द्र यादव, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, धर्मपाल पहलवान, जगन सिंह, सहित गांव के सेंकडो लोग मौजूद रहे।

# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास की तैयारियां तेज

## विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस आयुक्त और यमुना अथॉरिटी के सीईओ ने किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास स्थल का स्थलीय निरीक्षण करते विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर और प्राधिकरण सीईओ अरुणवीर सिंह।

जेवर में प्रस्तावित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहां शिलान्यास करेंगे, वह स्थल निर्धारित कर लिया गया है। इसके लिए सोमवार दोपहर जेवर से भाजपा विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह, गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह ने दौरा किया है। इसी सप्ताह राज्य सरकार के अधिकारी और मेरठ के मंडलायुक्त भी शिलान्यास स्थल का दौरा करने आ रहे हैं। उम्मीद है कि अगस्त में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण शुरू हो जाएगा।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रनहेरा गांव के पास पुलिस चौकी है वहां बड़ा मैदान उपलब्ध है, जिसमें जनसभा का आयोजन किया जा सकता है। पार्किंग की अच्छी व्यवस्था हो सकती है। इसके अलावा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर भी यहां बेहद आसानी से लैंड कर सकते हैं। हेलीकॉप्टर यहां से उड़ान भर सकते हैं। यहीं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह और यमुना अथॉरिटी के सीईओ अरुणवीर सिंह ने भी स्थल का दौरा कर लिया है।

जल्दी ही मेरठ के मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह और लखनऊ से मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी इस जगह का दौरा करेंगे। उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह में शिलान्यास की तारीख निर्धारित कर दी जाएगी।

आपको बता दें कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण शुरू करने के लिए सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अब केवल प्रधानमंत्री का कार्यक्रम मिलने की देरी है। एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहीत की गई जमीन से गांव का विस्थापन किया जा चुका है। जमीन की रजिस्ट्री कंपनी के नाम की जा चुकी है। यमुना अथॉरिटी ने कंपनी को कब्जा भी दे दिया है। इन गांवों से विस्थापित किए गए किसानों के लिए जेवर के पास टाउनशिप बसाई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम मिल जाएगा। मतलब, अगस्त के तीसरे सप्ताह में ही जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास होगा। कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर कम होने के बाद अब नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शिलान्यास की तैयारी तेज हो गई है।

# जल विभाग को लगातार तीसरे साल अधिक मिला राजस्व

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● प्राधिकरण सीईओ ने जताई खुशी**



नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु महेश्वरी की अगुवाई में अथॉरिटी हर क्षेत्र में लक्ष्य से ज्यादा राजस्व हासिल करने में सफल रही है।

कोरोना वायरस संक्रमण के काल में भी बेहतरीन सेवाएं देकर प्राधिकरण के जल विभाग ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा राजस्व हासिल किया है। लगातार पिछले तीन वित्तीय वर्ष में प्राधिकरण को ज्यादा रकम मिली है। सीईओ ने कहा कि प्राधिकरण इसी तरह शहर के लोगों की सेवा करता रहेगा।

सीईओ ने कहा, नोएडा प्राधिकरण ने त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराते हुए राजस्व प्राप्ति में भी उपलब्धि हासिल की है। कोरोना काल के दौरान भी विभाग ने निर्बाध सेवाएं उपलब्ध कराई। ये विभाग की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि पिछले 3 वित्तीय वर्षों से तय लक्ष्य से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति हुई।

# दस साल बाद पकड़ा गया पत्नी का हत्यारा

## गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का इनाम किया था घोषित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● उड़ीसा में भेष बदलकर रह रहा था**

पत्नी की हत्या के आरोप में पिछले एक दशक से फरार चल रहे मनोज नामक युवक को पुलिस ने उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया है। मनोज उड़ीसा के एक मंदिर में भेष बदलकर पुजारी के रूप में रह रहा था। पड़ताल के बाद पुलिस सुरागाशी करते हुए उड़ीसा पहुंच गई और वहां स्थानीय पुलिस की मदद से इस शातिर को दबोच लिया।

सोमवार सुबह मनोज को पुलिस सुरक्षा के बीच गाजियाबाद लाया गया। आपको बता दें कि 29 सितंबर 2012 को इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा कॉलोनी में रहने वाली गीता नामक युवती को मनोज ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन दोनों ने 2007 में प्रेम विवाह किया था। हत्या के बाद मनोज फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए कुर्की आदि की भी कार्यवाही की थी, लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला। उसके बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार का इनाम भी घोषित किया हुआ था।

मनोज ने पुलिस हिरासत में पत्रकारों को बताया कि 2007 में उसने गीता नामक युवती से विवाह किया था। 2010 से गीता और उसके बीच मनमुटाव हो गया था जिसके चलते वह अलग रहने लगी थी और घरों में काम करके अपना जीवन निर्वाह कर रही थी। यह सब उसे पसंद नहीं आया और उसने उसे मौत के घाट उतारने का फैसला किया।

नगर पुलिस अधीक्षक द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मनोज को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश कर दिया है। जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम को पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित पाठक ने 5000 का इनाम देने की घोषणा की है।


प्रेसवार्ता में आरोपी के बारे में जानकारी देते नगर पुलिस अधीक्षक द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह।

# एक साथ 5 चिताएं जलती देख आंखें हुईं नम

**नोएडा।** रामपुर जिले में सड़क हादसे का शिकार हुए आछेपुर गांव निवासी 5 लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह गांव पहुंचे। जहां परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम संस्कार के मौके पर गांव के श्मशान में एक साथ पांच लोगों की चिताएं जलती देख हर किसी की आंखे नम हो गईं।

उधर मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के आछेपुर गांव निवासी धीरज की बहराइच निवासी रिंकी से दो दिन पहले ही शादी हुई थी और वह अपने परिवार वालों के साथ दुल्हन को विदा कराकर गांव लौट रहा था। इसी दौरान उनकी इको कार रामपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

# संक्षिप्त समाचार


ला रेसिडेंसिया सोसाइटी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लोगों के साथ सुनते राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर।

## सांसद ने लोगों के साथ सुनी पीएम की मन की बात

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिसरख मंडल के बूथ संख्या-20 की ला रेसिडेंसिया सोसाइटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर उपस्थित हुए। इस दौरान सांसद नागर ने मंडल अध्यक्ष रवि भदौरिया, जिला महामंत्री मनोज गर्ग, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश बेनीवाल, देवराज नागर व अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना है। मीडिया प्रभारी आशीष दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम के बाद सांसद ने लोगों को स्थानीय मुद्दों के अलावा प्रदेश स्तर पर भाजपा सरकार द्वारा किए विकास कार्यों पर भी चर्चा की। इसके बाद वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल मंत्री अश्वनी पटेल, कपिल भाटी, आनंद कुमार, उपेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।


उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

## शालीमार गार्डन में ईद मिलन समारोह आयोजित

**गाजियाबाद।** राज्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अशफाक सैफी ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है और अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा का पूरा ध्यान रख रही है। यह बात उन्होंने शालीमार गार्डन में आयोजित ईद मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें अल्पसंख्यक समुदाय का समर्थन मिल सके। सैफी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का सपना है कि मुस्लिम समाज के एक हाथ में कंप्यूटर और दूसरे हाथ में कुरान होनी चाहिए। यही सपना योगी सरकार साकार करना चाहती है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, अमर चौधरी, अली हसन अल्वी, फुलवार सैफी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ग्रैंड अजनारा हेरिटेज चुनाव में विवेक सिंह बने अध्यक्ष

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 74 स्थित ग्रैंड अजनारा हेरिटेज सोसाइटी में हुए रेजीडेंट वेलफेयर चुनाव में विवेक नारायण सिंह अध्यक्ष के रूप में विजयी हुए। अन्य दूसरे पदों पर एससी सक्सेना उपाध्यक्ष, राजेश हांडू महासचिव, राजेश दास ट्रेजरार के पद पर जीत हासिल की। इसके अलावा एक्जक्यूटिव सदस्य के तौर पर एके सामन्ता, एसपी शर्मा, दुर्गेश्वर कुमार, आशीष भट्टाचार्य, रूपा कुमारी शर्मा विजयी रहीं।

# महानगर में बम-बम भोले के उद्घोष से गूंज उठे शिवालय

## प्रसिद्ध दुधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए रात 12 बजे से लगी भक्तों की कतार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उत्तर भारत के प्रमुख सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मंदिर पर सावन के पहले सोमवार को बड़ी संख्या में लोगों ने जलाभिषेक किया और देश में सुख-शांति की कामना की। प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शिव भक्तों ने भगवान शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

भक्तों की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं गाजियाबाद के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मंदिर का निरीक्षण करते रहे।


दूधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए मंदिर के बाहर कतार में खड़े श्रद्धालु।

दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने बताया कि भक्तों की आस्था कोरोना वायरस पर भारी पड़ रही है। वहीं कोरोना की गाइडलाइन का पालन करते हुए मंदिर में आने से पहले मास्क लगाना अनिवार्य है। भक्तों को सैनिटाइज करने के लिए सैनिटाइजर टनल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बीती रात 12:00 बजे से ही जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थी। इसके अलावा जिले के मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी आदि इलाकों में भी शिवालयों पर बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। शिवालयों पर जगह-जगह बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात थी ताकि किसी भी प्रकार की कोई बदअमनी न हो।

हालांकि इस बार कावड़ यात्रा पर प्रतिबंध के कारण शिवालयों पर ज्यादा भीड़ नहीं थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर शिवभक्त अपने घरों से गंगाजल लाकर शिवालयों पर जलाभिषेक कर रहे हैं।

# सुंदर भाटी गिरोह के 2 सदस्यों की 1.90 करोड़ की संपत्ति कुर्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना बीटा-2 और थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी गैंग के सदस्यों नवीन भाटी और उसके भाई प्रवीण भाटी की करीब 1.90 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त के आदेशानुसार धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्त नवीन कुमार भाटी और प्रवीण कुमार भाटी की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस ने दोनों भाइयों के ग्रेटर नोएडा की गोल्फ गार्डेनिया सोसायटी में स्थित दो फ्लैटों (फ्लैट संख्या ए- 602 और ए-502) को कुर्क किया है। दोनों फ्लैटों की कीमत करीब एक करोड़ 90 लाख रुपए है।

पुलिस के अनुसार नवीन कुमार भाटी और प्रवीण कुमार भाटी दोनों भाई सिंहराज भाटी के भतीजे एवं सुन्दर भाटी गैंग के सक्रिय सदस्य है। एडीसीपी ने बताया कि दोनों भाइयों के द्वारा यह संपत्ति अपराध के रास्ते अवैध धन अर्जित करके खरीदी गई थी।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि

**नोएडा।** युवा क्रान्ति सेना के सदस्यों द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेक्टर 37 स्थित शहीद स्मारक पर कोरोना से बचाव के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए, युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की याद में दो मिनट का मौन रखकर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष रोहित यादव ने कहा की कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद नायकों के सम्मान में मनाया जाता है, जो मातृ भूमि की सेवा करते हुए शहीद हो गए थे। वहीं अविनाश सिंह ने कहा की हमारी भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी हमें हर दिन प्रेरणा देती है।

# फाइनेंसर की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर मुरादनगर इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच में हुई मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में कामयाब हो गए। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

खास बात यह है कि 13 जुलाई की रात्रि में बदमाश अंकित और उसके साथियों ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी ऋषि पाल को घर में घुसकर उसे गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था, जबकि इस हादसे में सुमित



नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका अभी भी इलाज चल रहा है। ऋषि पाल नौकरी करने के अलावा फाइनेंस का भी काम करता था। पुलिस अधीक्षक देहात ईरज राजा ने बताया कि सोमवार को पुलिस दिल्ली मेरठ रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार दो लोगों को पुलिस ने रोकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जिसमें पुलिस के जवाबी कार्रवाई के दौरान अंकित नामक एक बदमाश को गोली लगी जबकि उसके अन्य 2 साथी मोनू व गुड्डू भागने में कामयाब हो गए। एसपी ने बताया कि अंकित की निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्टल और 12 गोलियां बरामद की हैं। इसके अलावा मोदीनगर से लूटी गई एक बाइक भी बरामद हुई है।


गिरी मार्केट में लगी आग के दौरान बिल्डिंग से उठती लपटें।

# लोनी की गिरी मार्केट में लगी आग, लाखों का सामान राख

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**● हादसे के दौरान बाजार में अफरातफरी**

लोनी थाना क्षेत्र के गिरी मार्केट में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरी मार्किट में अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया जिसमें आग ने मार्किट के एक कपड़े के शोरूम को लपेटे में ले लिया। हालांकि फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग में कई लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है

जिला अग्निशमन अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर को लोनी के मेन मार्केट में गिरी मार्केट के एक व्यवसायिक कांपलेक्स स्थित कपड़े के शोरूम में अचानक आग लग गई। शुरू में लोगों ने खुद ही आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। तब लोगों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। इस दौरान पूरी मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

सूचना के तत्काल बाद मौके पर तीन गाड़ियां अग्निशमन विभाग ने भेजी और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान पूरी मार्केट में धुआं ही धुआं हो गया था और लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया है।

# मां ने डांटा तो नाराज होकर घर से चला गया छात्र

## तीन राज्यों की पुलिस ने मिलकर ऋषिकेश से किया बरामद, परिजनों को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र की मुंशी कॉलोनी निवासी अमन सारस्वत 18 जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चला गया था। अमन 12वीं का छात्र है। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने लापता छात्र को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने बताया कि मां की डांट से नाराज होकर बेटा घर से बिना बताए उत्तराखण्ड चला गया था। कोतवाली सूरजपुर क्षेत्र की मुंशी कॉलोनी में रहने वाले व्यापारी योगेश सारस्वत ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 18 जुलाई को सुबह करीब 11:30 बजे उनका बेटा अमन सारस्वत 16 वर्ष घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। बेटे को खोजने के दौरान उन्हें पता चला कि उनका बेटा घर से ब्रीजा कार और




2 लाख रुपये नकद लेकर गया है। पीड़ित पिता की शिकायत पर सूरजपुर पुलिस ने छात्र की तलाश शुरू की तो उसे अमन का मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला जिस पर पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उसे खोजने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अमन के एक अन्य मोबाइल की लोकेशन उत्तराखंड के ऋषिकेश में मिली है। इस पर पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस और हिमाचल पुलिस को जानकारी देकर अलर्ट कर दिया। इस पर उत्तराखंड और हिमाचल के साथ ही यूपी पुलिस अमन को खोजने में लग गई। 24 जुलाई की रात तीन राज्यों की पुलिस ने मिलकर छात्र को उत्तराखंड के ऋषिकेश से सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में छात्र ने बताया कि मां की डांट से क्षुब्ध होकर वह से चला गया था और उत्तराखंड में इधर उधर घूम रहा था। फिलहाल बेटे के मिलन जाने पर योगेश सारस्वत और उनकी पत्नी ने उत्तराखंड और हिमाचल के साथ ही सूरजपुर पुलिस को धन्यवाद दिया है।

# ब्रिटेन में भारतीय टीम से जुड़ेंगे सूर्यकुमार और पृथ्वी, ईश्वरन मुख्य टीम में शामिल

## इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से शुरू हो रही है पांच मैचों की श्रृंखला

एजेंसी। लंदन







**सलामी** बल्लेबाज पृथ्वी साव और मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को इंग्लैंड के खिलाफ चार अगस्त से शुरू हो रही पांच मैचों की श्रृंखला के लिए चोटिल शुभमन गिल और वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

स्टैंड बाई खिलाड़ियों में शामिल बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जबकि स्टैंड बाई तेज गेंदबाज आवेश खान बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण स्वदेश लौटेंगे। गिल के पैर में घुटने के नीचे के अगले हिस्से में चोट है जबकि सुंदर के दाएं हाथ की अंगुली में चोट है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने विकल्प के तौर पर पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव को चुना है। विज्ञप्ति में कहा गया, आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के दाएं हाथ की गेंदबाजी अंगुली में इंजेक्शन लगाया गया है। हालांकि उन्हें उबरने में उम्मीद से अधिक समय लगेगा और वह गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं हैं। वह बाकी दौरे से बाहर हो गए हैं। आवेश और सुंदर दोनों को भारत के खिलाफ काउंटी एकादश की ओर से प्रथम श्रेणी अभ्यास मैच खेलने के दौरान चोट लगी थी। घरेलू टीम के कई खिलाड़ियों के चोटिल होने या कोविड-19 से अलग-थलग होने के कारण ए दोनों उनकी टीम की ओर से खेले थे। बीसीसीआई ने कहा, तेज गेंदबाज आवेश खान को अभ्यास मैच के पहले दिन बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लगी थी। उसे एक्स-रे के लिए ले जाया गया और इसमें फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। चोट के प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ से संपर्क किया गया था। वह इंग्लैंड के भारत दौरे से बाहर हो गए हैं।

सूर्यकुमार अच्छी फॉर्म में हैं और उन्हें कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत की 2-1 की जीत के दौरान प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। दाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार रात पहले टी20 में भी अर्धशतक जड़ा। उन्होंने मुंबई और पश्चिम क्षेत्र के लिए प्रथम श्रेणी मैचों में 44 की औसत से रन बनाए हैं और इस दौरान 14 शतक जड़े। बोर्ड ने साथ की सूचित किया कि कोविड पॉजिटिव पाए गए विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो नेगेटिव आरटी-पीसीआर परीक्षण के साथ कोविड-19 से उबर गए हैं। बयान के अनुसार बीसीसीआई की मेडिकल टीम से स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

बीसीसीआई ने साथ ही बताया कि गेंदबाजी कोच भरत अरुण, विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा और ईश्वरन का लंदन में पृथकवास पूरा हो गया है और वह डरहम में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। इस तरह की खबरें थी कि ऑफ स्पिनर जयंत यादव सुंदर के विकल्प के तौर पर ब्रिटेन जा सकते हैं लेकिन पता चला है कि अभी उनकी जरूरत नहीं है। इसी तरह देवदत्त पडिक्कल को भी नहीं भेजा गया है क्योंकि महसूस किया गया कि उन्हें लाल गेंद से कम से कम एक और सत्र खेलने की जरूरत है और इसके बाद ही टेस्ट टीम में उनके नाम पर विचार होगा क्योंकि फिलहाल उनका औसत सिर्फ 34 का है।

इससे पहले बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि सूर्यकुमार और पृथ्वी को कोलंबो में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल से लंदन में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में स्थानांतरित किया जाएगा। भारतीय टीम इस प्रकार है: विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शारदुल ठाकुर, उमेश यादव, लोकेश राहुल, रिद्धिमान साह, अभिमन्यु ईश्वरन, पृथ्वी साव और सूर्यकुमार यादव।

## भवानी देवी दमदार शुरुआत के बाद दूसरा मुकाबला हारकर बाहर

**तोक्यो।** भारतीय तलवारबाज भवानी देवी ने अपने ओलंपिक पदार्पण पर आत्मविश्वास भरी शुरुआत करके आसानी से पहला मैच जीता लेकिन सोमवार को यहां दूसरे मैच में चौथी वरीयता प्राप्त मैनन ब्रूनेट से हारकर वह तोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गई।

भवानी देवी को महिलाओं की व्यक्तिगत साबरे के दूसरे मैच में रियो ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली ब्रूनेट से 7-15 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले ट्यूनीशिया की नादिया बेन अजीजी को 15-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया था। भवानी ने कहा कि उन्होंने ब्रूनेट के खिलाफ गलतियां की लेकिन उन्हें खुशी है कि उन्होंने ब्रूनेट के खिलाफ मैच के बाद कहा, मैं पहले हॉफ में अच्छी तरह से तलवार चलाकर अंक नहीं बटोर सकी।

# शरत कमल तीसरे दौर में, मनिका और सुतिर्था का सफर समाप्त

## तीसरे दौर में चीन के मौजूदा चैंपियन मा लांग की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा

एजेंसी। तोक्यो



**अपना** चौथा ओलंपिक खेल रहे अचंता शरत कमल ने शुरू में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए तोक्यो ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सोमवार को यहां पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला एकल में मनिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई।

शरत कमल ने 49 मिनट तक चले मैच में पुर्तगाल के 20वीं वरीयता प्राप्त टियागो अपोलोनिया पर 4-2 (2-11, 11-8, 11-5, 9-11, 11-6, 11-9) से जीत दर्ज की। टेबल टेनिस में भारत की उम्मीदें अब शरत कमल पर टिकी हैं, लेकिन उन्हें मंगलवार को तीसरे दौर में चीन के मौजूदा चैंपियन मा लांग की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। लांग अभी विश्व चैंपियन भी हैं। मनिका ने इससे पहले अपने से अधिक रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराया था लेकिन तीसरे दौर में आस्ट्रिया की विश्व में 16वें नंबर की सोफिया पोलकानोवा के नियंत्रित और दमदार खेल का उनके पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने केवल 22 मिनट में 0-4 (8-11, 2-11, 5-11, 7-11) से यह मैच गंवाया।

महिला एकल के दूसरे दौर में सुतिर्था पुर्तगाल की फू यू से एकतरफा मुकाबले में 0-4 (3-11, 3-11, 5-11, 5-11) से हार गई। यह मैच केवल 20 मिनट तक चला। शरत कमल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टियागो ने पहले गेम में लगातार नौ अंक बनाकर उसे आसानी से अपने नाम किया। शरत ने हालांकि दूसरे गेम में 5-0 की बढ़त बनाकर अपना आत्मविश्वास जगाया। टियागो ने बीच में वापसी की कोशिश की, लेकिन 39 वर्षीय शरत बढ़त बरकरार रखने में कामयाब रहे। इस बीच भारतीय खिलाड़ी का मूवमेंट अच्छा रहा।

तीसरे गेम में भी शरत ने 5-0 की बढ़त से शुरुआत की और आसानी से यह गेम अपने नाम करके मैच में 2-1 से आगे हो गए। शरत चौथे गेम में भी एक समय आगे थे लेकिन टियागो ने पहले स्कोर 7-7 से बराबर किया और फिर यह गेम जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। भारतीय खिलाड़ी की शुरुआती बढ़त के बाद पांचवें गेम में स्कोर एक समय 4-4 से बराबर था। शरत इसके बाद टेबल के अधिक करीब आकर खेलने लगे। इसका उन्हें फायदा मिला। उन्हें पांच गेम प्वाइंट मिले और उन्होंने बैकहैंड पर अंक बनाकर मैच में फिर से बढ़त हासिल कर दी। छठे गेम में काफी कड़ा मुकाबला देखने को मिला और स्कोर 9-9 से बराबर हो गया। शरत ने हालांकि आक्रामकता दिखाई और लगातार दो अंक लेकर मैच अपने नाम किया।




मनिका ने शुरुआत पोलकानोवा के खिलाफ बैकहैंड स्मैश से अंक जुटाकर की और इसके बाद उन्होंने करारे स्मैश से 5-3 की बढ़त बनाई। इसके बाद भी उन्होंने कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन पोलकानोवा को पहला गेम जीतने से नहीं रोक पाई। पोलकानोवा को दूसरा गेम में जीतने में कोई दिक्कत नहीं हुई क्योंकि मनिका के रिटर्न प्रभावी नहीं थे। इस बीच उन्होंने गलतियां करना जारी रखा। तीसरे गेम में भी यही कहानी दोहराई गई और मनिका ने अपनी गलतियों और विशेषकर शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाने के कारण आस्ट्रियाई खिलाड़ी को अंक बनाने का मौका दिया।

मनिका के पास पोलकानोवा के बैकहैंड स्मैश का कोई जवाब नहीं था। वह चौथे गेम में शुरू में ही पिछड़ गई और वापसी करने में नाकाम रही। इसके साथ ही उनका तोक्यो ओलंपिक का अभियान भी समाप्त हो गया। मनिका और शरत की जोड़ी मिश्रित युगल में पहले ही हारकर बाहर हो गई थी। इससे पहले महिला एकल के मैच में ही सुतिर्था किसी भी समय मुकाबले में नहीं दिखी। उन्होंने कई गलतियां की जिसका पुर्तगाली खिलाड़ी ने पूरा फायदा उठाया। फू यू ने आक्रामक खेल दिखाया और शुरू से आखिर तक दबदबा बनाए रखा।

फू यू के फोरहैंड स्मैश करारे थे जिनका सुतिर्था के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे और तीसरे गेम में शुरू में अंक बनाए लेकिन वह अपनी लय बरकरार रखने में असफल रही। भारत के एक अन्य खिलाड़ी जी साथियान रविवार को पुरुष एकल के दूसरे दौर में हार गए थे।

### मनिका बत्रा तीसरे दौर में हारकर बाहर

**तोक्यो।** भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा तोक्यो ओलंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल में सोमवार को यहां आस्ट्रिया की सोफिया पोलकानोवा से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई।इससे पहले अपने से अधिक रैंकिंग की खिलाड़ियों को हराने वाले मनिका के पास विश्व में 16वें नंबर की पोलकानोवा के नियंत्रित और दमदार खेल का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 0-4 (8-11, 2-11, 5-11, 7-11) से यह मैच गंवाया। मनिका इससे पहले अचंता शरत कमल के साथ मिश्रित युगल में भी बाहर हो गई थी।




# सात्विक और चिराग की जोड़ी दूसरे मैच में हारी

एजेंसी। तोक्यो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी को तोक्यो ओलंपिक के पुरुष युगल के ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच में सोमवार को यहां मार्कस फर्नाल्डी गिडियोन और केविन संजय सुकामुल्जो की इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 10वें नंबर की सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी ने 32 मिनट में 21-13, 21-12 से शिकस्त दी। गिडियोन और सुकामुल्जो के खिलाफ नौ मैचों में सात्विक और चिराग की यह नौवीं हार है। गिडियोन और सुकामुल्जो दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर चल रहे हैं जबकि सात्विक और चिराग दूसरे स्थान पर हैं। सात्विक और चिराग ने अपने पहले मैच में यैंग ली और वैंग ची लिन की चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी को कड़े मुकाबले में 21-16, 16-21, 27-25 से हराया था। चीनी ताइपे की जोड़ी ग्रुप में तीसरे स्थान पर चल रही है और नॉकआउट की दौड़ में बनी हुई है। सात्विक और चिराग ग्रुप ए के अपने अंतिम मैच में बेन लेन और सीन वेंडी की ब्रिटेन की जोड़ी से भिड़ेंगे जो अपने शुरुआती दो मैच हारकर पहले ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

# कोरियाई टीम से हारकर भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम बाहर

पायनियर समाचार सेवा। तोक्यो

अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम सोमवार को यहां टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम से हारकर तोक्यो ओलंपिक खेलों से बाहर हो गई। भारतीय तिकड़ी ने कजाखस्तान को 6-2 से हराकर दिन की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन क्वार्टर फाइनल में उनका सामना नंबर एक कोरिया से था जिससे उसे 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। पुरुष टीम स्पर्धा में कोरिया के डियोक जे किम, वूजिन किम और जिनएक ओह ने भारतीय टीम को 59-54, 59-57, 56-54 से हराया। कोरियाई टीम का अभियान स्वर्ण पदक के साथ खत्म हुआ।

फाइनल में उसने चीनी ताइपै को 6-0 से हराकर इन खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखा। इससे पहले मिश्रित युगल में दीपिका कुमारी और जाधव की जोड़ी भी कोरियाई टीम से हारकर क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। टीम स्पर्धाओं में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण तीरंदाजी में ओलंपिक के पहले पदक की उम्मीदें धूमिल होती जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### नार्वे के ब्लमेनफेल्ट ने जीती पुरुषों की ट्रायथलन

तोक्यो। नार्वे के क्रिस्टियन ब्लमेनफेल्ट ने ब्रिटेन के अलेक्सी ई को पीछे छोड़कर एक घंटे 45 मिनट, 11 सेकेंड के समय के साथ तोक्यो ओलंपिक खेलों में पुरुषों की ट्रायथलन जीती। ब्लमेनफेल्ट ब्रिटिश खिलाड़ी से 11 सेकेंड आगे रहे। न्यूजीलैंड के हेडन विल्डे ने कांस्य पदक हासिल किया। ट्रायथलन में तैराकी, साइकिलिंग और दौड़ शामिल होती है। ब्लमेनफेलट इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले नार्वे के पहले खिलाड़ी हैं। वह रियो ओलंपिक 2016 में 13वें स्थान पर रहे थे। ब्लमेनफेल्ट 1500 मीटर की तैराकी और 40 किमी की साइकिलिंग के बाद पांचवें स्थान पर चल रहे थे लेकिन आखिर में यह प्रतियोगिता जीतने में सफल रहे।

### खेल प्रौद्योगिकी कंपनी ने बीबीएफएस से साझेदारी की

**नई दिल्ली।** ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) ने सोमवार को बाईचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल्स (बीबीएफएस) रिहायशी अकादमी के साथ साझेदारी करके डेयर टू ड्रीम पहल शुरू की जिसमें छह प्रतिभावान युवा फुटबॉलरों का समर्थन किया जाएगा। बीबीएफएस की सहयोगी इंडियन फुटबॉल फाउंडेशन 12 से 17 बरस के इन खिलाड़ियों की पहचान करेगी और इन्हें मणिपुर, मेघालय और उत्तराखंड के वित्तीय रूप से कमजोर परिवारों से चुना जाएगा। इस पहल के तहत डीएसएफ उनकी ट्रेनिंग का खर्चा उठाएगा और साथ ही अगले एक साल तक उन्हें शिक्षा, पोषण और प्रतिस्पर्धी अनुभव भी दिलाएगा। पूर्व भारतीय कप्तान भूटिया ने कहा, देश के फुटबॉल खेलने वाले प्रत्एक बच्चे को बराबरी का मौका मुहैया कराने का हमारा मिशन डीएसएफ के समर्थन से मजबूत हुआ है। डीएसएफ खेल प्रौद्योगिकी कंपनी ड्रीम स्पोर्ट्स की चेरिटी इकाई है। बीबीएफएस रिहायशी अकादमी के फिलहाल कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली एनसीआर और केरल में चार परिसर हैं।

### मेदवेदेव से हारकर नागल तोक्यो ओलंपिक से बाहर

**तोक्यो।** भारत के सुमित नागल पुरुष एकल के दूसरे दौर में सोमवार को यहां रूस ओलंपिक समिति (आरओसी) के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सीधे सेटों में शिकस्त के साथ तोक्यो ओलंपिक से बाहर हो गए जिससे टेनिस में भारतीय चुनौती लगभग समाप्त हो गई। दुनिया के 160वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दूसरे वरीय मेदवेदेव के खिलाफ एक घंटा और छह मिनट चले मुकाबले में 2-6,1-6 से हार का सामना करना पड़ा। मेदवेदेव एरियाके टेनिस केंद्र पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाए लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी दमदार सर्विस और स्ट्रोक की बदौलत पहले सेट में दो जबकि दूसरे सेट में तीन बार नागल की सर्विस तोड़ी। विश्व स्तरीय खिलाड़ी मेदवेदेव और एटीपी टूर की प्रतियोगिताओं में नियमित रूप से खेलने के लिए जूझ रहे नागल के बीच का अंतर स्पष्ट नजर आ रहा था। नागल ने कड़ा प्रयास किया लेकिन आस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता को जीत दर्ज करने में कोई परेशानी नहीं हुई। नागल ने 2019 अमेरिकी ओपन के दौरान ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में पदार्पण करते हुए स्विट्जरलैंड के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीतकर सुर्खियां बटोरी थी। नागल की शुरुआत खराब रही और उन्होंने पहले गेम में ही बैकहैंड नेट पर मारकर अपनी सर्विस गंवा दी। इसके बाद मैच प्वाइंट पर उन्होंने अपनी सर्विस पर फोरहैंड शॉट बेसलाइन से बाहर मारकर मुकाबला गंवाया। बेसलाइन से मेदवेदेव के ताकतवर शॉट का नागल के पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय खिलाड़ी का खेल अपने से कहीं बेहतर खिलाड़ी को परेशान करने के लिए पर्याप्त नहीं था।

# अंगद बाजवा स्कीट में 18वें और मैराज 25वें स्थान पर रहे



एजेंसी। तोक्यो

भारत के अंगद वीर सिंह बाजवा तोक्यो ओलंपिक खेलों की पुरुष स्कीट स्पर्धा में 18वें जबकि मैराज अहमद खान 25वें स्थान पर रहे जिससे निशानेबाजी में भारतीयों का निराशाजनक प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा।

असाका रेंज पर 25 वर्षीय अंगद ने पांच सीरिज में संभावित 125 में से 120 अंक बनाए जबकि मैराज केवल 117 अंक ही बना पाए। स्कीट में चोटी के छह निशानेबाज फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करते हैं। अंगद रविवार को पहली तीन सीरिज के बाद 11वें स्थान पर थे और फाइनल की दौड़ में बने हुए थे। दूसरे दिन हालांकि वह तीन बार सही निशाना लगाने से चूके और बिना किसी मुकाबले के फाइनल्स की दौड़ से बाहर हो गए। अंगद ने 24, 25, 24, 23 और 24 का स्कोर बनाया। दूसरी तरफ मैराज रविवार की अपनी स्थिति में सुधार नहीं कर पाए। उनके आज चार निशाने सही नहीं लगे। उन्होंने पांच सीरिज में 25, 24, 22, 23 और 23 का स्कोर बनाया।

# टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए हर मौके का फायदा उठाना चाहते हैं चहल

एजेंसी। कोलंबो

**भारतीय** टीम में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल प्रत्एक अवसर का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं ताकि वह टी20 विश्व कप से पहले टीम में अपना स्थान पक्का कर सकें। श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की वर्तमान श्रृंखला के दौरान अच्छा प्रदर्शन करके चहल बीच में स्थगित कर दिए गए इंडियन प्रीमियर लीग में खराब प्रदर्शन से उबर गए हैं।

चहल ने भारत की पहले टी20 में श्रीलंका पर 38 रन से जीत के बाद कहा, निश्चित तौर पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हैं। यदि आपके पास लगभग 30 खिलाड़ियों का समूह है तो निश्चित तौर पर सभी अच्छे खिलाड़ी है। सभी स्पिनर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। एक स्पिनर के तौर पर आप जानते हैं कि कम से कम दो स्पिनर तैयार हैं जिन्होंने यहां और आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा, मैं यही कर सकता हूं कि प्रत्एक मौके पर अच्छा प्रदर्शन करूं। यदि आप अच्छा प्रदर्शन करते हो तो आपको खेलने का मौका मिलेगा और यदि नहीं करते हो तो फिर चाहें मैं हूं या कोई और आपको बाहर बैठना पड़ेगा। चहल ने कहा, इसलिए जब भी गेंद मेरे हाथ में होती है, तो मैं दूसरों के बारे में नहीं सोचता तथा केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करता हूं। टी20 विश्व कप अक्टूबर नवंबर में यूएई में खेला जाएगा। चहल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने लॉकडाउन के दौरान की अपनी दिनचर्या के बारे में बताया।



उन्होंने कहा, जब मैं खेल नहीं रहा था तो मैंने अपने गेंदबाजी कोच के साथ काफी कड़ी मेहनत की। मैं यह जानना चाहता था कि मैंने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं किया। इसलिए मैंने लॉकडाउन के दौरान इन चीजों पर काम किया। चहल ने कहा, मैंने एक विकेट को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी की। अपने दोस्तों के साथ अभ्यास किया कि मुझे कहां गेंद करनी चाहिए। इस तरह की गेंदबाजी मेरा मजबूत पक्ष रहा है। मैंने इस दौरे पर आने से पहले स्वयं से कहा कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। चहल ने कहा कि वह जितने आत्मविश्वास से भरे रहते हैं उतना ही अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैंने अपनी गेंदबाजी की समीक्षा की लेकिन मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था। मैंने भरत अरुण सर से बात की और यहां पारस महाम्ब्रे सर और राहुल द्रविड़ सर के साथ बैठकर अपनी गेंदबाजी पर बात की। मैंने अपने वीडियो भी देखे। चहल ने कहा कि इस बीच उन्होंने पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर जयंत यादव से भी बात की। उन्होंने कहा, लॉकडाउन में हम कोविड के कारण मैदान पर नहीं जा सकते थे लेकिन मुझे अपने गृहनगर में मैदान पर जाने के तीन मौके मिले और मैंने तब जयंत यादव के साथ अभ्यास किया जिनके साथ मैं बचपन से खेल रहा हूं। मैंने उन्हें गेंदबाजी की और इस पर चर्चा भी की।

**आज जितना चुनौतीपूर्ण माहौल हमारे लिए है, उस से भी कहीं ज्यादा हमारे बच्चों के लिए है। हम तो इतने समझदार हैं कि कैसे खुद को समझना है, कैसे परिस्थितियों को हैंडल करना है, कैसे खुद को मोटीवेट करना है, हमें पता है और हम आसानी से उसे डील कर लेते हैं।**

# रिवार्ड थैरेपी से संवारें बच्चों का भविष्य



आज जितना चुनौतीपूर्ण माहौल हमारे लिए है, उस से भी कहीं ज्यादा हमारे बच्चों के लिए है। हम तो इतने समझदार हैं कि कैसे खुद को समझना है, कैसे परिस्थितियों को हैंडल करना है, कैसे खुद को मोटीवेट करना है, हमें पता है और हम आसानी से उसे डील कर लेते हैं, लेकिन हमारे बच्चे नहीं समझ पाते कि कैसे अलग-अलग परिस्थितियों से निपटें। इस कारण वे जिद्दी और गुस्सैल हो जाते हैं। यह उन के कौन्फिडैंस को कम करता है और आगे चल कर इसी तरह के व्यवहार की वजह से वे खुद को दूसरों से कम आंकने लगते हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने बच्चों को रिवार्ड? थैरेपी दें ताकि वे इस नैगेटिव माहौल में खुद को खुश रखने के साथ-साथ कुछ नया लर्न कर पाएं। जो आगे चल कर उन के काम आए।

## क्या है रिवार्ड थैरेपी

आप सोच रहे होंगे कि रिवार्ड थैरेपी होती क्या है। तो आइए इसे इस तरह जानते हैं। जब भी हमें किसी चीज के लिए रिवार्ड मिलता है, कोई हमारी पीठ थपथपाता है या फिर लोगों के सामने हमें वैलडन जैसे शब्दों से नवाजा जाता है तो हमें बहुत ज्यादा खुशी होती है और हम इस रिवार्ड को पा कर आगे और भी अच्छा करने के बारे में सोचते हैं और पूरी मेहनत से उसे करते भी हैं। ठीक उसी तरह से बच्चों के लिए भी यह रिवार्ड थैरेपी है, जो उन्हें नई चीजों को सिखाने के साथ-साथ रिवार्ड के जरिए उन्हें आगे बढ़ाने और बेहतर काम करने और उन के कौन्फिडैंस को बढ़ाने का काम करती है। तो जानते हैं बच्चों को रिवार्ड थैरेपी देने के लिए आप क्या-क्या करें।

## मिनी शैफ को करें ऐप्रिशिएट

आज माहौल ऐसा है कि बच्चे व पेरैंट्स हर समय एक साथ हैं। ऐसे में जब बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं तो उन्हें बोरियत होनी स्वाभाविक है। ऐसे में अगर वे आप के साथ किचन में आप की भले ही थोड़ी-बहुत मदद करवाएं, जैसे उन्हें आप को देख कर किचन में रोटी बेलने का शौक आए तो आप उन्हें मना न करें। बल्कि अपनी देखरेख में उन्हें वह काम करने दें। भले ही उन की रोटी गोल न बने या फिर उन के किचन में आप के साथ काम में हाथ बढ़ाने से आप का काम थोड़ा बढ़े, लेकिन आप उन्हें करने दें, क्योंकि इस से उन में किचन में काम करने की थोड़ी आदत पड़ेगी।

जब भी वे खुद से कुछ बनाएं तो उन का हौसला बढ़ाएं जैसे तुम ने तो मुझ से भी अच्छा काम किया है। आज तो हम तुम्हारी बनाई हुई रोटी ही खाएंगे और उन्हें भी मजाक-मजाक में एहसास कराएं कि जिस तरह उन्होंने उन की मेहनत की कद्र की है, उसी तरह उन्हें भी घर में बने खाने को पूरे मन से खाना चाहिए। आप उन्हें उन की मेहनत का रिवार्ड देने के लिए उन की बनाई रोटी की पिक को अपनी फैमिली व फ्रेंड्स से शेयर करें। सब के सामने उन की तारीफ करें। इस से जब उन्हें और लोगों की भी तारीफ मिलेगी तो उन का कौन्फिडैंस बढ़ने के साथ-साथ उन्हें जो खुशी मिलेगी उस का आप अंदाजा भी नहीं लगा पाएंगे। इस रिवार्ड से आगे भी वे किचन के काम में हाथ बंटाने के साथ-साथ धीरे-धीरे आप के काम की वैल्यू भी समझने लगेंगे।

## टेबल मैनर्स पर दें प्ले गेम रिवार्ड

बच्चों को टेबल मैनर सिखाना बहुत जरूरी होता है वरना बचपन से बिगड़ी उन की यह आदत आगे चल कर उन के मजाक बनने का कारण बन सकती है। इसलिए उन्हें सिखाएं कि बच्चो अगर तुम टेबल पर मैनर्स जैसे खाने से पहले अपने हैंड्स को वाश करना, सब के आने के बाद ही खाना शुरू करना, मुंह खोल कर व आवाज निकाल-निकाल कर खाना नहीं खाना, खाते वक्त गैजेट्स से दूरी बनाना, बरतनों को बजाना नहीं आदि बातों का ध्यान रखोगे तो हम आप के साथ हर रोज आधा घंटा आप की पसंद की गेम खेलेंगे। यकीन मानिए इस से आप के बच्चे खुशी-खुशी इन सब चीजों को करेंगे और जब आप उन्हें खुद से इन सब चीजों को करते देखें तो उन के साथ उन की पसंद का गेम खेलने के साथ-साथ सब के सामने उन्हें शाबाशी भी जरूर दें। इस से उन में टेबल मैनर्स भी डैवलप होंगे और उन का मनोबल भी बढ़ेगा।

## हैल्दी हैबिट्स डालें मजेदार तरीके से

बच्चे हाथ धोने, हैल्दी फूड खाने के बढ़े चोर होते हैं। इन चीजों के लिए हर समय उन के पीछे दौड़ना ही पड़ता है और कई बार मजबूरी वश तंग आ कर हम उन्हें जो मन करता है, वही बना देते हैं, उन की मर्जी का करने देते हैं, लेकिन आप के लिए जरूरी है कि आप उन्हें डांट कर नहीं बल्कि खेल-खेल में मजेदार तरीके से उन में हैल्दी हैबिट्स डालें। जैसे हाथ धोने के लिए हैंड वाश सौंग की मदद लें। उन से कहें कि इट्स टू वाश योर हैंड्स, फर्स्ट रब, रब, रब योर हैंड्स बेबी, सैकंड वाश योर हैंड्स प्रौपरली, थर्ड ड्राई योर हैंड विद टौवेल, फोर्थ जौइन अस विद योर जर्म फ्री हैंड्स। इस तरह के फन सौंग्स बच्चों में हैंड वाश की हैबिट्स डालने का काम करेंगे। इसके लिए आप फन कलर्स व शेपस वाले सोप्स की भी मदद ले सकती हैं, क्योंकि इस तरह की चीजें बच्चों को अपनी ओर अट्रैक्ट करने का काम करती हैं। वहीं लिक्विड्स सोप्स भी बड़े काम के साबित होते हैं, क्योंकि इन की फन लुकिंग बोटल्स के साथ इन का लिक्विड टैक्स्चर बच्चों को बहुत अच्छा लगता है।

अगर बच्चे इस तरह की चीजें आप के बिना कहे खुद से करने लगें तो उन्हें रिवार्ड्स के रूप में कभी हग करें तो कभी-कभार उन्हें अपने मन का भी करने दें। उन में खाने-पीने की हैल्दी हैबिट को विकसित करने के लिए आप को भी उन के साथ बच्चा बनना होगा। जैसे अगर आप ने लौकी की सब्जी बनाई है तो आप बोलें कि अगर आप मेरे साथ इसे फिनिश करोगे तो मम्मी-पापा आप के साथ रन करेंगे, डांस करेंगे, लेकिन तभी जब आप उन की सुनोगे। इस से धीरे-धीरे वे खेल-खेल में सबकुछ खाना सीख सकते हैं। उन की इस गुड हैबिट को टीचर्स व बच्चों के सामने भी शेयर करें ताकि अपनी इस तारीफ को सुन कर बच्चे सबकुछ फनफन में खाना सीख लें।

## मिलेगा टीवी टाइम का मौका

बच्चों की पढ़ाई की चिंता हर पेरैंट्स को होती है। इसलिए हर समय उन के आगे-पीछे भागते रहते हैं। कभी क्लास अटैंड करवाने के लिए तो कभी होमवर्क पूरा कराने के लिए। ऐसे में आप उन से कहें कि अगर तुम ने अच्छे से रोज टाइम पर होमवर्क फिनिश कर लिया तो तुम्हें टीवी देखने का मौका मिलेगा। शायद ही कोई बच्चा ऐसा होगा जो इस रिवार्ड को हाथ से जाने दे। इस से बच्चे समय पर होमवर्क को कंप्लीट करने के लिए जीतोड़ मेहनत करेंगे। इस से उन में समय पर होमवर्क कंप्लीट करने की हैबिट भी डैवलप होगी और उन्हें इस के बाद टीवी के जरीए खुद का फन करने का भी मौका मिलेगा। धीरे-धीरे आप उन में इस डैवलप हुई हैबिट की चर्चा दूसरों के सामने भी करें, जिस से वे अपनी तारीफ सुन कर अपने हर काम को समय पर करने लगें। रिवार्ड के रूप में टीवी टाइम का मौका बच्चों के हाथ में उन की पसंद की चीज लगना होगा, लेकिन दिए रिवार्ड का टाइम जरूर फिक्स करें।

## क्रिएटिविटी को उभारें

बच्चों को छोटी-छोटी चीजों से कुछकुछ करना अच्छा लगता है। ऐसे में यह आप की जिम्मेदारी है कि जब भी वे कुछ क्रिएटिव करें जैसे फन फैमिली फोटो बनाएं, पेपर से बोट बनाने की कोशिश करें, कलर्स से कुछ-कुछ बनाएं, वैजिटेबल्स से पेंटिंग बनाने की कोशिश करें, तो आप को भले ही उन का बनाया हुआ समझ न आए, लेकिन फिर भी आप उन्हें शाबाशी दें कि उन्होंने तो यह बहुत अच्छा बनाया है। कहां से सीखा, मुझे भी सिखाना। भले ही आप के लिए ये छोटे शब्द हों, लेकिन बच्चों के मन पर इन शब्दों का बहुत गहरा व अच्छा प्रभाव पड़ता है। इस के लिए आप उन्हें रिवार्ड के तौर पर उन की पसंद की हैल्दी डिश बना कर सर्व कर सकती हैं, जिसे देख वे फूले नहीं समाएंगे। आप उन की इस छोटी क्रिएटिविटी को हमेशा आंखों के सामने रखने के लिए चार्ट पेपर को डैकोरेट कर के उस पर इस की कटिंग लगा सकती हैं। फाइल को डैकोरेट कर के उस में इसे लगा सकती हैं।

## समझदारी पर दें स्टीकर रिवार्ड

अकसर बच्चों की यह आदत होती है कि वे हर काम अपने पेरैंट्स पर छोड़ देते हैं जैसे बेड से उठे तो चादर ठीक नहीं की, उस पर खेल कर टौएज वहीं पर रख दिए। मम्मी-पापा के साथ छोटा-मोटा सामान उठाने में मदद नहीं की। ऐसे में उन्हें इन चीजों के बारे में समझाइए कि खुद से अपने छोटे-छोटे काम करना कितना जरूरी है। इससे आप आत्मनिर्भर भी बनेंगे और आप को खुद से चीजें करने में खुशी भी मिलेगी। आप उन्हें जैसे बेड पर छोटे-छोटे कपड़ों में फोल्ड लगा कर उन्हें जगह पर रखना सिखाएं और फिर वही काम करने को कहें। सोने से पहले चादर को खुद से ठीक करने को कहें और उन के हर दिन अच्छा काम करने पर उनकी पसंद का एक स्टीकर दें। उन से कहें कि जब आप ये छह स्टीकर्स कलैक्ट कर लेंगे तो उस दिन आप की पसंद की डिश बनाई जाएगी। इस कारण से वे खुद से ही अच्छी व समझदारी भरी चीजें करने का प्रयास करेंगे क्योंकि रिवार्ड पाने के लिए बच्चे खुद से ही अपना बैस्ट देने की कोशिश करते हैं।

## आप भी इन बातों का रखें ध्यान

**उन की गलती से न हों इरिटेट:** बहुत बार बच्चे कुछ नया करने के चक्कर में इतनी चीजें व इतना काम बिगाड़ कर रख देते हैं कि जिस से पेरैंट्स उन पर झुंझला जाते हैं और इस चक्कर में उन की मेहनत को भी नजरअंदाज कर देते हैं। इस से बच्चों का मनोबल कम होने के साथ-साथ वे कुछ भी नया करने के बारे में कई बार सोचते हैं। इस का प्रभाव उनकी क्रिएटिविटी पर पड़ता है। इसलिए आप उन्हें प्यार से समझाएं और उन के वर्क की सराहना जरूर करें क्योंकि आप भी तो अच्छे काम पर सराहना की उम्मीद करती होंगे।

**खुद पर भी ध्यान दें:** अधिकांश पेरैंट्स की यह हैबिट होती है कि वे अपने बच्चों को तो सब चीजें सिखाना चाहते हैं, लेकिन खुद ही उन बातों पर अमल नहीं करते हैं। इसलिए जिन अच्छी चीजों को आप अपने बच्चों को सिखाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें खुद भी करें। तभी आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पाएंगे। **उन के साथ समय बिताएं :** सोचिए आप को जिससे बात करने का मन हो और वह आप को समय न दे, तो आप अधूरा-अधूरा महसूस करेंगे, आप को अंदर से अच्छा नहीं लगेगा। ठीक उसी तरह अगर आप बस अपने बच्चों को खुश करने के लिए उन्हें गिफ्ट्स देते रहें, लेकिन उन के मन की नहीं सुनेंगे, उन के साथ समय नहीं बिताएंगे तो उस के पास लग्जरी का सारा सामान होते हुए भी वे खुद को अकेला महसूस करेंगे, हर समय दुखी रहेंगे, लेकिन अगर आप उन के साथ समय बिताएंगे, उन के मन की सुनेंगे या फिर उन की पसंद का काम करेंगे तो मूड को ठीक करने वाला व प्लेजर हारमोन जैसे सैरोटोनिन और डोपामाइन रिलीज होता है, जिस के कारण हम किसी भी काम को पूरी ऐक्साइटमैंट के साथ कर पाते हैं यानी ये हारमोंस मैंटल हेल्थ का ध्यान रखने का काम करते हैं और आप को खुश रखते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अपने साथ-साथ अपने बच्चों को भी खुश रखें। इसके लिए उनके साथ क्वालिटी टाइम स्पैंड करें।

## अपनाएं ये ट्रिक्स

घर पर रहने के कारण बच्चों का ज्यादा से ज्यादा समय कभी ऑनलाइन क्लासेज के कारण तो कभी लैपटौप के सामने तो कभी वे खुद का ऐंटरटेनमैंट करने के लिए टीवी व फोन का सहारा लेते हैं, जिस से बच्चों को स्ट्रैस, डिप्रैशन, एडिक्शन व इमोशनल प्रौब्लम्स का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन के इस स्क्रीन टाइम को कम करने के लिए आप उन के साथ स्टोरी टैलिंग, डांस कंपीटिशन करें, अपनी पसंद के सब्जैक्ट पर कुछ शब्द बोलने को कहें। सब मिल कर इन गेम्स के विजेता को देने के लिए ट्रौफी बनाएं, फिर जो इस कंपीटिशन में फर्स्ट आाएगा, उसे यह ट्रौफी अपने हाथों से दें। इस से बच्चे कभी जीत कर खुद इस ट्रौफी को हासिल करेंगे और कभी जीत का ताज अपनों को देंगे। इस से उन में अंदर से जीतने का भाव पैदा होगा और समझ विकसित होगी कि हारजीत जीवन का एक हिस्सा है। लेकिन हारने के बाद भी जीतने के लिए हमें प्रयास करना कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

## महंगे रिवार्ड न दें

भले ही आप के परिवार में पैसों की कमी न हो तो भी बच्चों को कुछ सिखाने व कुछ अच्छा काम करने पर महंगे रिवार्ड्स देने का लालच न दें, बल्कि इस के लिए ऐप्रिशिएट करने वाले वर्ड्स, उन की पसंद की डिश बनाएं, उन के साथ उन की पसंद का गेम खेलें, उन के साथ बैस्ट टाइम स्पैंड करें, सब के सामने उन के काम की सराहना करने जैसे रिवार्ड्स दें वरना महंगे रिवार्ड्स जैसे महंगा टौएज देने की लत से वे इस का मिसयूज भी कर सकते हैं, जो आगे चल कर आप के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

---

# कर्मचारियों को प्रेरित रखना, खासकर महामारी के दौरान, संगठनों के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उद्योग इस समस्या का कैसे समाधान कर सकते हैं, इसकी रिपोर्ट पेश रहा है पायनियर अवैन्यू




वेतन कटौती, कार्यालय-राजनीति, डूबता आत्म-सम्मान, नौकरी की असुरक्षा, और पेशेवर समय सीमा के साथ व्यक्तिगत देनदारियों को संतुलित करने का कभी न खत्म होने वाला संघर्ष, आज के कॉर्पोरेट जीवन की गंभीर वास्तविकताएं हैं। हम सब वहां रह चुके हैं, है ना? एक प्रश्न, जो अक्सर किसी नियोक्ता के सामने सीना ताने खड़ा होता है, वह है, 'अपने कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए?'

कॉर्पोरेट भारत में उद्योगों के प्रेरक वक्ताओं और विशेषज्ञों के पास कुछ मूल्यवान सुझाव और विचारयोग्य तरीके हैं :

**कर्मचारियों के परिवारों को वास्तविक समर्थन :** अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि कर्मचारियों के परिवारों को वास्तविक समर्थन देना बहुमत के लिए सबसे बड़ा प्रेरक कारक हो सकता है। बॉस का केवल यह कहना कि 'अगर आपको हमारी जरूरत है तो हम यहां हैं', कभी भी पर्याप्त नहीं था। सभी ने अपने किसी करीबी को इस महामारी में बुरी तरह प्रभावित होते देखा है। ऐसे अत्यंत असुरक्षित दौर में, कल्पना करें कि कोई उनके लिए वहां मौजूद है जो वो स्थिरता, सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करता है जो उन्हें अपने और अपने परिवार के लिए चाहिए। और ठीक यहीं पर नियोक्ता बॉस से जिम्मेदार बॉस तक की सीढ़ी चढ़ता है। यह कोविड समय में गेम-चेंजर हो सकता है, जो उन्हें एक साथ रहने की भावना प्रदान करता है, जिसकी उन्हें आवश्यकता है।

एल्केम लेबोरेटरीज में प्रेसिडेंट और ग्लोबल एचआर प्रमुख राजोर्षि गांगुली कुछ अन्य चीजों पर प्रकाश डालते हैं जो आपके कर्मचारियों को भलाई के लिए प्रेरित कर सकती हैं, ''एक कर्मचारी प्रेरित रहेगा यदि वह सचमुच अपने काम से प्यार करता है और इसे सुखद पाता है। प्रेरणा उद्देश्यपूर्ण और सार्थक कार्य, अच्छे सहयोगियों व प्रबंधकों, उचित पुरस्कार, सकारात्मक संस्कृति में सीखने और विकसित होने के अवसर तथा एक संतुष्टिदायक पारिवारिक वातावरण के समग्र संयोजन से आती है। बाहरी हस्तक्षेप महत्वपूर्ण हैं और वे बूस्टर का काम करते हैं यदि प्रेरणा के अंतर्निहित चालक मौजूद होते हैं।''

**मैत्रीपूर्ण कार्य संस्कृति :** विशेष रूप से इस कोविड दौर में केवल 'लॉगिन नेम' में सिमट जाने ने उनकी भूमिका को केवल जूम कॉल तक सीमित कर दिया है। कर्मचारियों ने कंपनी में उनकी भूमिका और महत्व पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। नियोक्ता को कर्मचारियों तक पहुंचना चाहिए और उन्हें महत्वपूर्ण महसूस कराने हेतु अतिरिक्त प्रयास करना चाहिए। उन्हें कंपनी में उनके वास्तविक मूल्य का एहसास कराएं। कुछ अनौपचारिक चर्चाएं, बातचीत या मीटिंग में भी, हल्के फुल्के हंसी मजाक का उपयोग, अलगाव की भावनाएं दूर कर देता है। और, त्योहारों, समारोहों व इन-हाउस पार्टियों जैसे विशेष अवसरों पर, अनौपचारिक-थीम वाली बैठकें अनौपचारिक वेशभूषा के साथ भी बहुत अच्छी होंगी।

**विशेषज्ञों को वो करने दें जिसमें वो माहिर हैं**

यह वो जगह है जहां पेशेवर प्रेरकों की भूमिका होती है। विशेषज्ञ, जो कर्मचारी मानसिकता को समझते हैं, उनके तकलीफों को जानते हैं और जानते हैं कि उन असुरक्षाओं को कैसे दूर किया जाए। प्रेरणा के मूल्य का सबसे अच्छा वर्णन सुदक्षिणा भट्टाचार्य द्वारा किया गया है, जो एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस में सीएचआरओ हैं, ''एक प्रेरक वक्ता बहुत अच्छी तरह से काम करता है क्योंकि वे नया सीखने का अवसर गढ़ने, दृष्टिकोण बनाने और चिंतनकार्य में सक्षम बनाने में मदद करते हैं। साथ ही, एक प्रेरक वक्ता लोगों को वैश्विक दृष्टिकोण बनाने, चुनौती देने और सशक्त करने में मदद करता है।''

बाहरी सत्रों की बात करते हुए, एशिया के सबसे बड़े वक्ताओं और विचारकों के नेटवर्क, स्पीकइन के संस्थापक दीपशिखा कुमार, ने कार्यों व स्तरों को एकल मंच पर एक साथ लाने के लिए प्रेरक वार्ता का उपयोग करने वाले संगठनों की बढ़ती प्रवृत्ति को देखा है। वह कहती हैं, ''नेता अपनी टीमों में एक चुस्त और लीक से हटकर विचार प्रक्रिया बनाने के लिए विभिन्न शैलियों के विचारशील नेताओं व विशेषज्ञों को लाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। प्रेरक वक्ता विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने का एक महान उपकरण हैं कि पूरा संगठन एक साथ आता है और एक कहानी या एक प्रेरणादायक संदेश से जुड़ता है।'' नेता अपनी टीमों में एक चुस्त और तयशुदा परिपाटी से हटकर विचार प्रक्रिया बनाने हेतु विभिन्न शैलियों के विशेषज्ञों को लाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पूरे संगठन को एक साथ लाने और एक कहानी या एक प्रेरणादायक संदेश पर जुड़ाव को सुनिश्चित करने के लिए प्रेरक सत्र महान उपकरण हैं। उम्मीद है कि सौहार्द्र, उत्पादकता और उम्मीद जल्द ही भारतीय कारोबारी समुदाय में वापस आएगी।

---




# छह महीने की कैट तैयारी

क्या आप पहली बार कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) की परीक्षा दे रहे हैं? क्या आप चिंतित हैं कि कहां से शुरू करें? इन सवालों के जवाब देने से पहले कुछ बातें जानना जरूरी है। कैट में तीन खंड होते हैं: वर्बल एबिलिटी एंड रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन (वीएआरसी), डेटा इंटरप्रिटेशन एंड लॉजिकल रीजनिंग (डीआईएलआर) और क्वांटिटेटिव एबिलिटी (क्यूए)। परीक्षा पैटर्न से परिचित हों; पिछले वर्ष की प्रवृत्ति के अनुसार, केट 2021 में कुल 76 प्रश्न होंगे, जिसमें 54 एमसीक्यू और 22 प्रकार के उत्तर (टीटा) प्रश्न होंगे।

आइए जून-जुलाई के पहले चरण के लिए अध्ययन योजना के साथ शुरुआत करें।

n अपनी बुनियादी अवधारणाओं को स्पष्ट करें: क्रिस्टल या पारदर्शी ढंग से स्पष्ट अवधारणाओं का मतलब है कि आपको अवधारणा के सभी अनुप्रयोगों का पूरा ज्ञान है और आपने अभ्यास के माध्यम से उसमें प्रवीणता प्राप्त की है और वास्तविक प्रश्नों में इसे लागू करने की अच्छी निष्ठा हासिल की है। चूंकि केट उलझे या ट्रिकी प्रश्न पूछता है, ऐसे में अवधारणाओं को लागू करने के लिए आपके पास जितने अधिक विचार होंगे, आपको वास्तविक परीक्षा में उतनी ही अधिक बढ़त मिलेगी। यहां कोई शॉर्टकट नहीं है। 31 जुलाई तक एक बार अपना सिलेबस पूरा दोहरा लेने का प्रयास करें।

n अपना साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें: आपको अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रत्येक सप्ताह एक समय निर्धारित करने की आवश्यकता है। 15 दिनों में एक बार कृत्रिम परीक्षा देने और उस पर टिके रहने हेतु इस समय को अलग सुनिश्चित रखने के लिए लचीलेपन और निरंतरता की आवश्यकता होती है। प्रत्येक खंड में कम से कम पांच प्रश्नों को सही करने का प्रयास करें।

n पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में शामिल हों: आपको, विशेष रूप से गैर-इंजीनियर छात्रों के लिए, पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। अन्य शिक्षाविदों की तुलना में आपके पास अतिरिक्त कौन सी प्रतिभा है, यह जानने का प्रयास करें। आप किसी एनजीओ से जुड़ सकते हैं; छोटे प्रोजेक्ट करें जो आपके रेज्यूमे के लिए एक संपत्ति होगी। अपने मनचाहे कॉलेज के बारे में अपने विचारों और भावनाओं की कल्पना करने का प्रयास करें; इससे आपको इन परिवर्तनों को वास्तविकता में बदलने के लिए अधिक सकारात्मक और प्रेरित महसूस करने में मदद मिलेगी।

n शॉर्टकट ट्रिक्स अपनाएं - ट्रिक्स का उपयोग करके प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें ताकि आप उन्हें सेकंड के भीतर पूरा कर सकें जबकि अन्य उन्हें हल करने में अधिक समय लेते हैं। यह अंतिम स्कोर में बहुत बड़ा अंतर दे सकता है।

n सुनियोजित तैयारी : हर दिन कम से कम 30 मिनट पढ़ने की आदत डालें। कॉरपोरेट जगत का अनुभव लेने के लिए आप बीबीसी चैनल देख सकते हैं। आपको निबंध, समाचार पत्र और उपन्यास पढ़ना शुरू कर देना चाहिए।

n अनुभागीय तैयारी -प्रत्येक अनुभाग के लिए अलग अलग रणनीति तैयार करें। न केवल उस अनुभाग पर ध्यान दें, जिसमें आप सहज हैं, बल्कि उस पर भी ध्यान दें, जिसे समझने में आपको कठिनाई होती है।

n मॉक टेस्ट के लिए रणनीतियां - कैट के प्रश्न और पैटर्न के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने के बाद, सप्ताह में दो बार मॉक परीक्षा को हल करने का प्रयास करें।

n सटीकता : उन प्रश्नों को पहचानें जिन्हें आप प्रत्येक अनुभाग से हल करना चाहते हैं। पूरे लॉट में से ऐसे प्रश्नों का चयन करें जिन्हें आप सटीक ढंग से हल करने के लिए आश्वस्त हैं। उन प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें, जहां आप कुछ हद तक आश्वस्त हैं। कम से कम आठ प्रश्न सही करें।

n अपने कमजोर और मजबूत क्षेत्रों में सुधार करें : अपने कमजोर क्षेत्रों की पहचान करें और उन पर अधिक प्रश्नों का अभ्यास करें। गलतियों से सीखें और दूसरे मॉक टेस्ट में उसी गलती से बचने की कोशिश करें।

n समय प्रबंधन : अपने कमजोर क्षेत्रों पर विजय प्राप्त करने के बाद अब आपको अपना ध्यान समय प्रबंधन पर केंद्रित करना चाहिए।

n आंकलन करें : एक बात जो कई लोग भूल जाते हैं वो है मॉक परीक्षा का विश्लेषण करना। प्रत्येक मॉक परीक्षा का पूरी तरह से विश्लेषण करने से आपको अपनी वर्तमान तैयारी का एक मानसिक मानचित्र तैयार करने में मदद मिलेगी और फिर आप अपनी रणनीति को उसी के अनुसार ढाल सकते हैं।

अंतिम चरण है अक्टूबर और नवंबर के लिए अध्ययन योजना

n अपनी ताकत पर ध्यान दें: मॉक परीक्षा को हल करते समय मजबूत पक्षों पर ध्यान केंद्रित करने और उनमें से ज्यादा प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें।

n अभ्यास व दोहराना :अब तक आपने जो कुछ भी पढ़ा है उसका अभ्यास और रिवीजन करें। नियमित अभ्यास और ढेर सारी मॉक परीक्षाएं लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं।

n दो दिन में एक बार मॉक दें : एक समय सुनिश्चित करें और हर दो दिन में उसी समय पर मॉक परीक्षा के लिए बैठें।

n टीटा प्रश्न : हमेशा टीटा प्रश्नों को हल करें क्योंकि इसमें कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।

n विकल्पों का उपयोग करें : कुछ प्रश्नों को प्रथम विकल्पों का उपयोग करके आसानी से हल किया जा सकता है। दिए गए विकल्पों का उपयोग करके कुछ प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें। इससे आप दूसरों की तुलना में प्रश्नों को अधिक तेजी से हल कर पाएंगे।

**(लेखक केटकिंग एडुकेयर के सीईओ हैं)**